वर्ष 24, अंक 111, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज शुक्रवार 31 अक्टूबर 2025

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# आरजेडी का मतलब कट्टा, क्रूरता, कुशासन का जंगलराज

## मुजफ्फरपुर में गरजे पीएम मोदी!



**मुजफ्फरपुर**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को मुजफ्फरपुर में एक रैली के दौरान राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) पर तीखा हमला बोला और उस पर बिहार को "जंगल राज" के युग में धकेलने का आरोप लगाया। पीएम मोदी ने कहा कि राजद का शासन "कट्टा (बंदूक), क्रूर (क्रूरता), कटुता (कड़वाहट), कुशासन (कुशासन) और भ्रष्टाचार" से भरा रहा है। उन्होंने लोगों से ऐसी राजनीति को नकारने और आगामी विधानसभा चुनावों में विकास और स्थिरता का समर्थन करने का आग्रह किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्ष पर छठी मैया का अपमान करने का आरोप लगाया

प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस और राजद पर भी हमला बोलते हुए उन पर राजनीतिक लाभ के लिए छठी मैया का अपमान करने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री मोदी ने छठी मैया के बारे में विपक्ष की कथित टिप्पणियों पर सवाल उठाते हुए कहा, "क्या कोई चुनाव में वोट के लिए छठी मैया का अपमान कर सकता है? क्या बिहार और देश की जनता ऐसा अपमान बर्दाश्त करेगी?" उनकी टिप्पणी पर दर्शकों ने जोरदार तालियाँ बजाईं।

इस त्योहार के सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "हमारी सरकार छठ महापर्व को यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल कराने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।" उन्होंने आगे कहा कि यह त्योहार "मानवता और भक्ति के उत्सव" के रूप में वैश्विक मान्यता का हकदार है।

एक हल्के-फुल्के अंदाज में, प्रधानमंत्री मोदी ने मुजफ्फरपुर के लोगों और वहाँ की उपज की प्रशंसा करते हुए कहा, "यहाँ की लीची जितनी मीठी होती है, उतनी ही मीठी है यहाँ की बोली।" भीड़ ने, खासकर महिलाओं और युवाओं की बड़ी संख्या ने, उत्साहपूर्वक प्रतिक्रिया दी। आगामी बिहार चुनावों में समर्थन का आह्वान करते हुए, उन्होंने अपने चिरपरिचित नारे "फिर एक बार, एनडीए सरकार!" के साथ मतदाताओं से आग्रह किया।

प्रधानमंत्री ने युवा पीढ़ी के बीच सांस्कृतिक संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए एक राष्ट्रव्यापी छठ गीत प्रतियोगिता की घोषणा की। उन्होंने कहा, "हम चाहते हैं कि युवा छठ गीतों की समृद्ध विरासत से और गहराई से जुड़ें। ये भक्ति गीत इस त्योहार के मूल्यों को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पहुँचाते हैं।"

उन्होंने आगे कहा कि इस प्रतियोगिता में पूरे भारत के कलाकार शामिल होंगे, जिससे "नई आवाजें, नए गीत और भक्ति की नई अभिव्यक्तियाँ उभरेंगी।" उन्होंने कहा, "हमारी सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि आस्था और प्रकृति के इस पवित्र उत्सव को वैश्विक मंच पर उचित स्थान मिले। यह प्रक्रिया लंबी और चुनौतीपूर्ण है, लेकिन हम छठ महापर्व को यूनेस्को द्वारा मानवता को एकजुट करने वाले त्योहार के रूप में मान्यता दिलाने के लिए दृढ़ हैं।" उन्होंने कहा, "भारत माता की जय" के नारों के बीच।

## पुरानी गाड़ियों को लेकर दिल्ली सरकार का बड़ा फैसला, NOC के नियम बदले, लाखों मालिकों को राहत

**नई दिल्ली**

**दिल्ली** की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली सरकार ने राजधानी के लाखों गाड़ी मालिकों को बड़ी राहत दी है. सरकार ने अब पुराने वाहनों के लिए एनओसी (ठङ्ग ङ्घीूञ्जङ्कल्ल ङी१ञ्जूंडी) जारी करने के नियमों में ढील दी है. अब ऐसे वाहन मालिक, जिनकी गाड़ियों की रजिस्ट्रेशन की अवधि समाप्त हो चुकी है, उन्हें एनओसी लेने के लिए एक साल के भीतर आवेदन करने की बाध्यता नहीं रहेगी.



यह फैसला खासतौर पर उन लोगों के लिए फायदेमंद होगा जिनकी डीजल गाड़ियां 10 साल से पुरानी या पेट्रोल गाड़ियां 15 साल से पुरानी हैं. अब वे अपनी गाड़ियों को दिल्ली-एनसीआर के बाहर किसी दूसरे राज्य में री-रजिस्टर यानी फिर से पंजीकरण करा सकेंगे. इससे न सिर्फ लोगों को राहत मिलेगी बल्कि दिल्ली की सड़कों पर पुराने, प्रदूषण फैलाने वाली गाड़ियों की संख्या भी घटेगी.

'जनता की सुविधा और पर्यावरण को लेकर फैसला'

दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा, "यह फैसला जनता की सुविधा और पर्यावरण दोनों को ध्यान में रखकर लिया गया है. एक साल की समय-सीमा की वजह से हजारों वाहन दिल्ली में फंसे थे.

न वे स्क्रैप हो पा रहे थे, न बाहर भेजे जा सकते थे. अब यह बाधा खत्म कर दी गई है ताकि लोग अपने पुरानी गाड़ियों को जिम्मेदारी से दिल्ली से बाहर भेज सकें।

### पंजाब: पराली जलाने के एक दिन में सर्वाधिक 283 मामले सामने आए

**पंजाब**

**पंजाब** में पराली जलाने की इस मौसम की सबसे अधिक 283 घटनाएं हुईं। आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी सामने आई। नवीनतम वृद्धि के साथ 15 सितंबर से अब तक पराली जलाने की कुल मामलों की संख्या 1,216 हो गई है। पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार तरनतारन, अमृतसर, संगरूर और फिरोजपुर जिलों में फसल अवशेष जलाने के अधिकांश मामले सामने आए क्योंकि कई किसान फसल अवशेषों को आग न लगाने की।

## दिल्ली में क्लाउड सीडिंग प्रयोग विफल

## हवा और जहरीली होकर 'बेहद खराब' श्रेणी में पहुंची

**नई दिल्ली**

**दिल्ली** गुरुवार को घने धुएँ की चादर में लिपटी रही, और शहर की वायु गुणवत्ता रातोंरात तेजी से बिगड़ गई, और 'बेहद खराब' श्रेणी में पहुँच गई, क्योंकि कृत्रिम वर्षा को बढ़ावा देने के लिए बहुप्रचारित क्लाउड सीडिंग प्रयोग विफल हो गया।



केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, राजधानी का समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 352 रहा, जो मंगलवार के औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) से 80 अंक अधिक है। नोएडा, गाजियाबाद और गुड़गांव जैसे पड़ोसी शहरों में भी वायु गुणवत्ता 'बेहद खराब' श्रेणी में पहुँच गई।

दिल्ली में वायु गुणवत्ता में गिरावट आंकड़ों से पता चला है कि राष्ट्रीय राजधानी के 38 निगरानी केंद्रों में से 32 ने वायु गुणवत्ता को 'बेहद खराब' श्रेणी में दर्ज किया, जबकि कुछ इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 'गंभीर' श्रेणी में पहुँच गया। सबसे ज्यादा प्रभावित इलाकों में विवेक विहार (एक्यूआई 415) और आनंद विहार (एक्यूआई 409) शामिल हैं - दोनों ही 'गंभीर' श्रेणी में हैं। वजीरपुर में भी 394 अदक के साथ प्रदूषण का स्तर चिंताजनक रहा।

0 से 50 के बीच अदक को 'अच्छा', 51 से 100 के बीच को 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच को 'मध्यम', 201 से 300 के बीच को 'खराब', 301 से 400 के बीच को 'बेहद खराब' और 401 से 500 के बीच को 'गंभीर' माना जाता है।

क्लाउड सीडिंग का असर विफल

वायु गुणवत्ता में गिरावट के कारण शहर के कई हिस्सों में धुंध छाई रही और दृश्यता कम हो गई। दो दिन पहले ही दिल्ली सरकार ने आईआईटी कानपुर के सहयोग से प्रदूषकों को दूर करने के लिए कृत्रिम वर्षा कराने हेतु क्लाउड सीडिंग के दो दौर के परीक्षण किए थे। हालाँकि, यह प्रयास - जो पिछले पाँच दशकों में दिल्ली में पहला था - सफल नहीं रहा क्योंकि बारिश की एक भी बूँद नहीं गिरी। आईआईटी कानपुर की टीम ने कहा कि हवा में नमी की कमी के कारण यह प्रयोग सफल नहीं हो सका।

## मुंबई में बंधक संकट का नाटकीय अंत, बच्चों को सुरक्षित निकाला गया; आरोपी रोहित आर्या ढेर



**मुंबई**

**मुंबई** के पवई इलाके में गुरुवार (30 अक्टूबर) को तनावपूर्ण बंधक स्थिति का नाटकीय अंत हो गया, जब कथित तौर पर आरोपी रोहित आर्या की पुलिस मुठभेड़ में मौत हो गई। आर्या, जिसने पहले आरए स्टूडियो के अंदर कई बच्चों को बंधक बनाया था, पुलिस के साथ मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से घायल हो गया और उसे जोगेश्वरी ट्रॉमा अस्पताल ले जाया गया, जहाँ बाद में उसकी मौत हो गई। मुंबई के पवई इलाके में कई बच्चों के अपहरण के आरोपी रोहित आर्या की बंधकों को छुड़ाने के लिए पुलिस की कार्रवाई के दौरान गोली लगने से मौत हो गई। अधिकारियों के अनुसार, जब पुलिस बाथरूम के रास्ते आरए स्टूडियो में दाखिल हुई, तो आरोपी एयर गन से लैस था और उसके पास कुछ रासायनिक पदार्थ थे। अधिकारियों ने उसे बार-बार आत्मसमर्पण करने के लिए कहा, लेकिन उसने इनकार कर दिया। जैसे-जैसे स्थिति बिगड़ती गई, पुलिस को उसके आक्रामक व्यवहार के जवाब में गोली चलानी पड़ी। इस मुठभेड़ में आर्या को गोली लग गई।

उसे तुरंत इलाज के लिए जोगेश्वरी ट्रॉमा अस्पताल ले जाया गया, जहाँ बाद में उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि गोलीबारी बच्चों को बचाने की कोशिश के दौरान हुई, जिन्हें परिसर से सुरक्षित निकाल लिया गया। टकराव की पूरी परिस्थितियों का पता लगाने के लिए जाँच चल रही है। घटना तब शुरू हुई जब पुणे निवासी मानसिक रूप से विक्षिप्त रोहित आर्या ने कथित तौर पर एक वेब सीरीज के ऑडिशन के बहाने आरए स्टूडियो में 17 बच्चों, एक वरिष्ठ नागरिक और एक अन्य नागरिक को बुलाया।

## 'मुसलमानों को परेशान किया जा रहा है, उनका भी ध्यान रखना चाहिए'- अबू आजमी

**महाराष्ट्र**

**महाराष्ट्र** में समाजवादी पार्टी के इकलौते विधायक और प्रदेश अध्यक्ष अबू आजमी ने राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' को लेकर बड़ा बयान दे दिया है. उन्होंने कहा है कि 'वंदे मातरम्' को अनिवार्य करना उचित नहीं है, क्योंकि इससे मुस्लिम भावनाएं आहत होती हैं. मुस्लिम धर्म की भावनाओं का आदर किया जाना चाहिए.

इतना ही नहीं, सत्तारूढ़ बीजेपी पर भी अबू आजमी ने निशाना साधा और कहा, "वोट के लिए बीजेपी कुछ भी कर सकती है. वंदे मातरम् जैसे मुद्दे उठाकर मुस्लिमों को परेशान करने की कोशिश की जाती है. बीजेपी हमेशा हिंदू-मुस्लिम का मुद्दा उछालती रहती है.



'गांधी और आंबेडकर को मानने वालों को इखढ को रोकना चाहिए'

अबू आजमी ने आगे कहा, ह्लबीजेपी चाहती है कि मुस्लिम हमेशा दुःखी रहे. उनके अंदर अहंकार भरा हुआ है. जो गांधी और आंबेडकर को मानते हैं, उन्हें एकजुट होकर इनको रोकना चाहिए. वंदे मातरम् के मुद्दे पर आजमी ने कहा, मैं कोई पत्र नहीं दूंगा, न ही विरोध करूंगा. जिसे जो करना है, वह करे.

महापालिका चुनावों को लेकर अबू आजमी ने कहा, "मैं किसी भी गठबंधन में शामिल नहीं होऊंगा।

## न्यायिक सेवा नियमों में दखल न दें- उच्च न्यायालय

**इलाहाबाद**

**देश** की न्यायिक व्यवस्था में पनप रहे एक असंतोष ने बुधवार को तब खुलकर स्वर ले लिया, जब इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने स्पष्ट शब्दों में सर्वोच्च न्यायालय से कहा कि राज्य न्यायिक अधिकारियों के सेवा नियमों के निर्धारण में हैंड्स-ऑफ (अहस्तक्षेप) नीति अपनाई जाए। हम आपको बता दें कि यह विवाद उस समय उभरा जब सर्वोच्च न्यायालय देशभर के जिला न्यायाधीशों के लिए समान सेवा नियमों और पदोन्नति की एकरूपता सुनिश्चित करने की दिशा में कदम उठा रहा था। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाली सर्वोच्च न्यायालय की पांच सदस्यीय पीठ जिसमें न्यायमूर्ति सूर्यकांत, विक्रम नाथ, के. विनोद चंद्रन और जॉयमल्य बागची शामिल थे, वह इस बात पर विचार कर रही थी कि क्या जिला न्यायपालिका में पदोन्नति और भर्ती के लिए सामान्य दिशानिर्देश जारी किए जाएँ।



इलाहाबाद उच्च न्यायालय की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने तर्क दिया कि संविधान के अनुच्छेद 227(1) के अनुसार, जिला न्यायपालिका पर पर्यवेक्षण का अधिकार उच्च न्यायालय को प्राप्त है, न कि सर्वोच्च न्यायालय को। उन्होंने कहा, यह समय उच्च न्यायालयों को मजबूत करने का है, उन्हें कमजोर करने का नहीं। सर्वोच्च न्यायालय को अपनी भूमिका सीमित रखनी चाहिए.ह्व राकेश द्विवेदी ने 2017 की उस पहल का भी उल्लेख किया जिसमें सर्वोच्च न्यायालय ने प्रत्यक्ष भर्ती जिला न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए एक अखिल भारतीय न्यायिक सेवा बनाने का प्रस्ताव रखा था।

## वाराणसी: सड़क पर थूका तो 250, गंदगी करने पर 500 रुपये का जुमार्ना, नए नियम लागू

**वाराणसी**

**वाराणसी** में स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए नगर निगम द्वारा स्वच्छता नियमावली 2021 लागू कर दी गई है, जिसके बाद अगर लोगों की तरफ से गंदगी की जाती है तो अलग-अलग मामलों को लेकर जुमार्ना और ञ्जक्रतक का भी प्रावधान तय किया गया है.

इस मामले में वाराणसी नगर निगम ने पुराना जुमार्ना बुक को अमान्य करार दिया है. नीचे दिए गए निम्नलिखित विवरण के आधार पर समझिए कि वाराणसी में गंदगी करने पर अथवा नियमों का पालन न करने पर कितना जुमार्ना देना होगा.

सार्वजनिक जगहों पर गंदगी करने पर जुमार्ना

इस संबंध में वाराणसी नगर निगम द्वारा एबीपी लाइव को मिली जानकारी के अनुसार, अब सड़क पर थूकने पर या जानवरों के लिए खाना छोड़ने पर ढाई सौ रुपए जुमार्ना देना होगा. जबकि खुली जगह पार्क मैदान सड़क फुटपाथ डिवाइडर पर गंदगी और अपने परिसर में 24 घंटे से ज्यादा गंदगी रखने पर 500 रुपया जुमार्ना देना होगा।

## प्रयागराज: पटाखा माफिया मोहम्मद कादिर की जमानत याचिका खारिज

**प्रयागराज:**

**उत्तर** प्रदेश के प्रयागराज में फरार पटाखा कारोबारी मोहम्मद कादिर ने हाईकोर्ट से निराश होने के बाद अब सुप्रीम कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की है. कादिर ने चिट फंड कंपनी बनाकर लोगों को रकम दोगुना करने का झांसा दिया था. उसने लोगों से करोड़ों रुपए की ठगी की है. पुलिस ने कादिर को भगोड़ा घोषित कर उसके ऊपर 25 हजार का इनाम घोषित कर दिया है. उधर कादिर ने कोर्ट में अपने ऊपर लगे आरोपों को राजनीति से प्रेरित बताया है.

क्या है पूरा मामला ?

बता दें कि पटाखा कारोबारी मोहम्मद कादिर शहर के शाहगंज थाना क्षेत्र का रहने वाला है. स्थानीय लोग उसे पटाखा माफिया बताते हैं. उके खिलाफ शाहगंज थाने में धोखाधड़ी का मामला दर्ज है. आरोप लगाया गया है कि कादिर ने फर्जी चिट फंड कंपनी बनाकर लोगों को रकम दोगुना करने का झांसा दिया. इसमें कई लोगों की करोड़ों रुपए की रकम डूब गयी. लोगों के रूपए लेने के बाद कादिर फरार हो गया.



पुलिस ने इस मामले में 83 धारा के तहत कार्रवाई की और उसे भगोड़ा घोषित करे 25 हजार का इनाम घोषित कर दिया।

## राष्ट्रीय एफपीओ समागम 2025 का शुभारंभ किया

### उत्कृष्ट एफपीओ, सीबीबीओ और एजेंसियों को शिवराज सिंह ने किया सम्मानित

**नई दिल्ली**

**केंद्रीय** कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आज दिल्ली में "राष्ट्रीय एफपीओ समागम 2025" का शुभारंभ किया। इस आयोजन में 24 राज्यों और 140 जिलों के 500 से अधिक प्रगतिशील किसान, एफपीओ, कार्यान्वयन एजेंसियां (कअ) और क्लस्टर-आधारित व्यावसायिक संगठन (उइइड) शामिल हुए हैं। मंत्री श्री चौहान ने किसानों, एफपीओ सदस्यों और सहभागी संस्थाओं के प्रयासों की सराहना की और ऋढड के माध्यम से किसानों को उत्पादक के साथ ही व्यापारी और उद्यमी बनाने का भी आह्वान किया, ताकि पूरा लाभ सीधे किसानों को मिल सकें।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह ने देश के किसान हितों से कोई समझौता नहीं करने के दृढ़ संकल्प पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का किसानों की ओर से आभार माना। साथ ही कहा कि आजीविका के साथ ही देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए खेती बहुत जरूरी है। श्री शिवराज सिंह ने कहा कि किसानों के फायदे के लिए इंटीग्रेटेड फार्मिंग पर हमारा फोकस है। अकेले अनाज से काम नहीं चलेगा, साथ में किसानों की आय बढ़ाने के लिए अन्य संबद्ध कार्य भी करना होंगे।




श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कृषि मंत्री के नाते मेरी चिंता है कि किसानों को उनकी कड़ी मेहनत से उगाई गई फसल की अच्छी कीमत मिलें, किसान दिन रात अथक परिश्रम करके अपनी फसल उगाते है, कई बार उन्हें समुचित कीमत नहीं मिलती, वहीं उपभोक्ताओं को अधिक कीमत पर ये खरीदना पड़ता है, इस अंतर को कम करना होगा।

श्री शिवराज सिंह ने कहा कि हम सीड एक्ट भी जल्दी लाने वाले है, जिसमें प्रावधान होगा कि किसानों को अच्छी गुणवत्ता के बीज मिले। श्री शिवराज सिंह ने साफ तौर पर कहा कि नकली और घटिया बीज और पेस्टीसाइड के मामले में सरकार सख्त है, हम कड़ा कानून लाएंगे और हमारे किसानों की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे।

# सांसद उज्जवल ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर प्रयागराज के विकास की बनाई रूपरेखा

**रोजगार, पेयजल सिंचाई व बिजली मुख्य मुद्दा**

अखंड भारत संदेश



**पसना।** प्रयागराज सांसद उज्जवल रमण सिंह ने जिलाधिकारी मनीष वर्मा से मुलाकात कर प्रयागराज को विकास के रास्ते पर आगे बढ़ाने के लिए एक मोटा मोटा सा खाका तैयार किया और कहा कि प्रस्ताव बनाकर भेजे तभी प्रदेश देश के मंत्री से मिलकर योजनाओं की स्वीकृति कराऊँगा।वन टू वन वार्ता में रोजगार, परिवहन, सिंचाई,पेयजल, बिजली आदि मुद्दों पर गहन चर्चा हुई यह जानकारी देते हुए सांसद प्रतिनिधि विनय कुशवाहा ने कहा कि सांसद उज्जवल रमण सिंह ने कचरी देवरी करछना में अधिग्रहित भूमि पर बिजली उत्पादन कारखाना व लोहगरा में भारत पेट्रोलियम कम्पनी द्वारा अधिग्रहित भूमि पर तेल शोधक व पेट्रोकेमिकल फैक्ट्री स्थापित करने का पुनः प्रयास होना चाहिए जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार मुहैया हो सकें।दूसरा मुद्दा आउटर रिंग रोड़ और मिजार्पुर मार्ग के चौडीकरण निरस्त हुए प्रस्ताव को पुनः सही एलिवेशन के साथ प्रदेश सरकार के द्वारा भारत सरकार को भेजा जाय सांसद उज्जवल रमण सिंह दिल्ली में केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मिल कर इसपर सहमति बनाने का प्रयास करेंगे जिससें प्रयागराज में जाम के झाम से छुटकारा मिलेगा।

तीसरा मुद्दा शंकरगढ़ टाउन एरिया में पीपीजीसीएल कम्पनी के सीएसआर के तहत पाइपलाइन द्वारा पेयजल मुहैया कराना क्योंकि गर्मी में आज भी टैंकर से पानी की सप्लाई होती हैं शंकरगढ़ टाउन एरिया में।प्रतिनिधि ने बताया कि धंधुवा वि.ख. मेजा, देवघाट,मझगवां में लघुडाल सिंचाई के तहत लिफ्ट कैनाल कि स्थापना व जमुनापार के सभी ड्रेन (नालों) की खुदाई हो।

चौथा मुद्दा बिजली कि समस्या का समाधान के लिए बडोखर कोरांव व बसही करछना में 33केवीए सब स्टेशन की स्थापना और ग्रामीणों पर अत्यधिक लादें गये बिजली बिल का कोई स्थाई समाधान हो।

सासंद प्रतिनिधि ने कहा कि जिला खनिज फंड के तहत जमुनपार सभी विकास खंड के तरहार में एक एक विवाह घर की स्थापना हो जिससे गरीब अपने बच्चों की शादी विवाह के साथ ही दैवी आपदा के वक्त भी लोग शरण ले सकें।

# जंक्शन पर चलती ट्रेन में चढ़ने के प्रयास में महिला फिसली, आरपीएफ ने बचाई जान




**प्रयागराज।** जंक्शन पर ट्रेन से फिसली महिला की रेलवे पुलिस ने बचाई जान। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) जवानों की तत्परता से चलती ट्रेन में चढ़ रही महिला के फिसलने के बाद उसकी जान बचा ली गई। महिला मंगलवार रात प्रयागराज-लालगढ़ एक्सप्रेस में महिला चढ़ने का प्रयास कर रही थी। बताया जा रहा है कि मंगलवार रात 11:10 बजे 12403 प्रयागराज-लालगढ़ एक्सप्रेस जंक्शन से रवाना हुई। इसी दौरान ट्रेन के स्लीपर कोच में महिला ने चढ़ने का प्रयास किया। इस दौरान वह कोच में चढ़ते वक्त अनियंत्रित हो गई। वह प्लेटफॉर्म और ट्रेन के बीच घिसटने लगी। इसी दौरान आरपीएफ के एएसआई विजय कुमार और टीम ने महिला को खींच की कोच के अंदर कर दिया। आरपीएफ इंस्पेक्टर अमित मीणा ने बताया कि यह घटना ऑपरेशन जीवन रक्षा के तहत आरपीएफ कर्मियों की सतर्कता का उदाहरण है। प्लेटफॉर्म-एक पर लगे सीसीटीवी कैमरे में यह घटना कैद हो गई।

## न्यूज झरोखा

### रिमझिम बरसात होने से किसान परेशान, ठण्ड बढ़ने से घरों में दुबके लोग

**मांडा।** इंद्रदेव के प्रकोप से मौसम का मिजाज बदला रहा और दिन भर रिमझिम बारिश होती रही जिससे किसान परेशान वही ठण्ड बढ़ने से घरों में लोग दुबके रहे और बेमौसम बारिश होने के कारण किसानों के लिए मुसीबत का सबब बन कर रह गई। विगत दिनों से ही मौसम का मिजाज बदलने से किसान अपने सब्जियों को बाजारों में ले जाने से विवश रहे वही बाजार के दुकानदारों की दुकान पर ग्राहकों को ना पहुंचने पर दुकानदारी फीकी रही तथा किसानों के खलिहानो में जलभराव होने से अन्न को लेकर चिंता बढ़ गईं है और सड़कों पर सन्नाटा छाया रहा जगह-जगह सड़क गड्ढे में तब्दील होने के कारण बरसात का पानी भरा और राहगीरों को आने-जाने में काफी परेशानियां बनी रही ।

### बड़गोहना खुर्द में 31 अक्टूबर को होगा दशहरा मेला

**प्रयागराज।** बड़गोहना खुर्द में श्री नवयुवक रामलीला कमेटी की ओर से आयोजित दस दिवसीय ऐतिहासिक रामलीला का समापन 31 अक्टूबर, शुक्रवार को भव्य दशहरा मेले के रूप में होगा। मेले की तैयारियां जोरशोर से चल रही हैं। प्रधान शैलेन्द्र तिवारी और मुकेश तिवारी लैनमैन के नेतृत्व में पूरे परिसर को विद्युत झालरों से सजाया जा रहा है। रात्रिकालीन कार्यक्रम में रावण दहन और भरत-मिलाप का आयोजन होगा। रामदल की ओर से विशेष चौकियां निकाली जाएंगी। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से भारी संख्या में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

### त्रिया हठ के आगे चक्रवर्ती महाराज दशरथ हुए लाचार, राम-लक्ष्मण और जानकी चले बनवास



**जसरा।** प्रयागराज तहसील से सटे गांव सेहुंडा में चल रही रामलीला में मंचन के दौरान जहां एक ओर रामचन्द्र जी के विवाहोपरांत अयोध्या में मंगलाचरण कार्यक्रम चल रहा था। इसी बीच महाराज दशरथ ने श्रीराम जी का राज्याभिषेक की घोषणा कर युवराज बनाना सुनिश्चित कर लिया। जैसे ही जानकारी महारानी कैकेई को हुई, वह ईश्वरीय विधान के अनुरूप भरत को अयोध्या का राजतिलक और रामचन्द्र को 14 वर्षों के बनवास का वरदान मांग लिया। कैकेई ने राम को वल्कल वस्त्र धारण कर जल्दी से जल्दी अवधपुरी छोड़ने का आदेश दिया। अपनी-अपनी माताओं से विदा मांगकर दोनों भाई सुमंत जी के साथ वन को प्रस्थान कर दिया। पुरवासियों को जैसे ही राम, लक्ष्मण और जानकी के वन जाने की जानकारी मिली, सब अधीर होकर रामजी के साथ चल पड़े। किसी भी दशा में वापस नहीं लौट रहे थे। पुरवासियों के शयन करने के दौरान भगवान श्रीराम ने सुमंत जी से कहा कि मंत्री जी, यही उचित समय है जब हमलोग अपने रास्ते चल दें। भगवान श्रीराम श्रृंगवेरपुर होते हुए तमसा नदी को पार कर भरद्वाज आश्रम पहुंचे। फिर तीनों आगे बढ़ते हुए चित्रकूट पहुंचे। जहां कई ऋषियों, मुनियों द्वारा उनका स्वागत करते हुए हर सम्भव सहायता प्रदान करने को कहा। इस दौरान गिरिजा शंकर त्रिपाठी, शैलेन्द्र त्रिपाठी, नीरज केसरवानी, शोभित त्रिपाठी, अखिल त्रिपाठी, छविराज पाल, राहुल पाल, शिवमोहन पाल, बड़ेलाल केसरवानी, मोहन लाल यादव, कैलाश लहरी, रमई, अंजनी आदिवासी, अनिरुद्ध पाल, धीरज केसरवानी, रवि विश्वकर्मा, प्रियांशु तिवारी, राहुल विश्वकर्मा, नागेन्द्र सिंह, विकास श्रीवास्तव, सुरेन्द्र सिंह, सहित सैकड़ों पुरुष व महिलाएं मौजूद रहे।



# गिधौरा की रामलीला में मंचित हुआ ताड़का वध, राम के आदर्शों से भावविभोर हुए दर्शक

**प्रयागराज।** क्षेत्र के गिधौरा गांव में मां जालपा सार्वजनिक रामलीला समिति के बैनर तले बुधवार की रात ताड़का वध की लीला का भव्य मंचन किया गया। आरंभ में भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और विश्वामित्र का मंच पर आगमन होते ही जयकारों से वातावरण गूंज उठा। जैसे ही कलाकारों ने ताड़का वध का दृश्य प्रस्तुत किया, पूरा परिसर धार्मिक भावनाओं से ओत-प्रोत हो गया। दर्शकों ने ताली और जय श्रीराम के नारों से कलाकारों का उत्साह बढ़ाया।

लीला में मारीच और सुबाहु के वध का भी जीवंत चित्रण किया गया, जिसे देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठे। अंत में अहिल्या उद्धार का दृश्य आते ही माहौल भावुक हो गया, जब भगवान श्रीराम के चरणस्पर्श से अहिल्या को नया जीवन मिला। मंचन के दौरान कलाकारों की संवाद अदायगी और संगीत की मधुर ध्वनि ने समूचे पंडाल को भक्ति में डुबो दिया।

इस मौके पर समिति के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। लीला समाप्ति के बाद उपस्थित जनों ने भगवान श्रीराम की आरती उतारी और रामराज्य की स्थापना का संकल्प दोहराया।

# बेटे की मौत पर मिले 20 लाख रुपए:दुर्घटना में मौत पर अकाउंट होल्डर के परिवार को एसबीआई ने दिया 20 लाख का क्लेम

अखंड भारत संदेश



**जारी।** जारी बाजार स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा जारी से एक माननीय पहल बैंक प्रशासन ने एक गरीब परिवार को 20 लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान की है। मामला यह है कि लगभग एक वर्ष पहले रमेश सिंह नाम के व्यक्ति ने इस शाखा में अपना खाता संचालित करते समय कैशियर प्रशांत मिश्रा द्वारा ?1000 का दुर्घटना बीमा कराया था उस समय रमेश सिंह बीमा को लेकर नाराज हुए थे लेकिन मिश्रा जी ने उन्हें समझाते हुए बताया कि यह उनके हित के लिए है आज रमेश सिंह के निधन के बाद इस बीमा पॉलिसी के तहत उनके परिवार को 20 लाख रुपए की बीमा राशि प्रदान की गई है यह सहायता राशि बैंक प्रशासन ने स्वयं परिजनों को चेक के रूप में सौपी। वहां मौजूद सभी अधिकारियों ने कहा कि यह कदम न केवल बैंक की जिम्मेदारी को दशार्ता है बल्कि एक छोटी सी बीमा परिवार के जीवन में बड़ी सहायता पहुंचाया है।

कैसियर- प्रशांत मिश्रा ने बताया- दस्तावेजों की औपचारिकता पूरी करवाकर क्लेम प्रक्रिया को आगे बढ़ाया। आवश्यक जांच और स्वीकृति के बाद एसबीआई ने

रमेश सिंह के परिवार को 20 लाख रुपए का चेक प्रदान किया। और कहां की भारतीय जनरल इंश्योरेंस के तहत सभी ग्राहकों को बताना चाहूंगा कि

एसबीआई अपने खाताधारकों को इस प्रकार की बीमा योजनाओं के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में समय पर दावा दर्ज करवाने से परिवारजनों को आर्थिक सहायता तुरंत मिल सकती है। और

100 रुपए से लेकर 2000 तक की पॉलिसी बीमा है जिसमें ?100 रुपए में 2लाख और 200 में 4 लाख 500 में 10 लाख 1000 में 20 लाख और 2000 में 40 लाख प्रीमियम के तहत 60 साल तक बैंक केयर करता है। पर्सनल जनरल इंश्योरेंस के तहत ग्राहकों के लिए की जा रही है यह वित्तीय मदद भारतीय स्टेट बैंक द्वारा की जा सकती है। शाखा में मौजूद ग्राहकों को प्रशांत मिश्रा ने यह बात बताई है। इस अवसर पर रीजनल शिवशरण शुक्ला, चीफ मैनेजर रीजनल शैलेंद्र कुमार, शाखा प्रबंधक श्वाका सिंह, बैंक कैशियर प्रशांत मिश्रा, एरिया मैनेजर राजेश गुप्ता, विडियम प्रदीप सिंह, और सुनील कुमार सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। वहां पर मौजूद लोगों ने भी बैंक प्रशासन की इस संवेदनशील पहल की सराहना की और कहा कि समाज के लिए प्रेरणादायक है, और बैंक द्वारा परिवार को सहायता राशि देना एक मानवीय कदम है।

# सुरक्षित एवं आत्मनिर्भर महिला ही सशक्त समाज की नींव होती है : अतुल मिश्रा

अखंड भारत संदेश



**जंघई।** मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत सरायममरेज मिशन शक्ति टीम द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु विशेष जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को कुंदौरा महादेव मंदिर प्रांगण में थानाध्यक्ष सरायममरेज अतुल कुमार मिश्रा के नेतृत्व में बालिकाओं एवं महिलाओं को जागरुक किया गया। थानाध्यक्ष ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान तथा आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक करना है।उत्तर प्रदेश शासन द्वारा कम्युनिटी पुलिसिंग और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत पुलिस महिलाओं की समस्याओं के निराकरण में सक्रिय भूमिका निभा रही है। हमारा मानना है कि सुरक्षित, सशक्त एवं आत्मनिर्भर महिला ही सशक्त समाज की नींव होती है। पुलिस इस अभियान को केवल एक औपचारिकता के रूप में नहीं, बल्कि जनहित में एक निरंतर प्रयास के रूप में देखती है और महिलाओं की सुरक्षा व सशक्तिकरण के लिए लगातार प्रतिबद्ध रहेगी। अभियान के दौरान महिलाओं और छात्राओं को उनके कानूनी अधिकारों तथा विभिन्न सुरक्षा हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1090, 112, 181, 1930 और 102 की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें यह भी बताया गया कि किसी भी आपात स्थिति में इन नंबरों से कैसे सहायता प्राप्त की जा सकती है। इसके साथ ही, आत्मरक्षा के उपाय भी सिखाए गए। बेटियों को अपने आसपास होने वाली संदिग्ध गतिविधियों की पहचान करने और उन पर उचित प्रतिक्रिया देने के तरीके बताए गए। पुलिस ने इस अभियान के माध्यम से यह संदेश देने का प्रयास किया कि महिला सुरक्षा एक सामूहिक दायित्व है, जिसमें पुलिस, समाज और परिवार की समान भूमिका होनी चाहिए। इन जागरूकता कार्यक्रमों ने महिलाओं एवं बालिकाओं में भरोसे और आत्मविश्वास का वातावरण तैयार किया है। इस अवसर पर उप निरीक्षक बलवंत सिंह, उप निरीक्षक आराधना सिंह, उप निरीक्षक प्रिया त्रिपाठी, उप निरीक्षक यशवंत कुमार आदि लोग मौजूद रहे।




# ड्यूटी से घर लौट रहे रेल कर्मी सड़क हादसे घायल

**सहसों।** थरवई थाना क्षेत्र के भोपतपुर गांव निवासी नीरज शर्मा रेलवे विभाग छिवकी नैनी में कार्यरत हैं। वे गुरुवार को सुबह कार्यस्थल से अपने घर लौट रहे थे कि पीछे से एक बाइक सवार ने टक्कर मार दिया। जिससे उनके पैर में गंभीर चोट आ गई जिससे वह घायल हो गए। मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने सहसों के एक निजी चिकित्सालय में उपचार हेतु भर्ती कराया। जानकारी होते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए। मौका देखकर बाइक सवार मौके से फरार हो गया।

# कोरांव के छात्र हत्या प्रयास काण्ड के दो अभियुक्त गिरफ्तार

**वारदात में प्रयुक्त एक अदद बाइक व एक अदद चाकू बरामद, गोपाल विद्यालय के छात्र संस्कार शुक्ला पर जानलेवा हमले का मामला**



**कोरांव।** प्रयागराज थाना क्षेत्र के गत सप्ताह गोपाल इंटर कालेज कोरांव के छात्र संस्कार शुक्ला पुत्र विनय शुक्ल पर ग्राम साजी में चाकुओं से गोदकर हत्या के प्रयास के भगोड़े आरोपियों को कोरांव पुलिस ने जांच पड़ताल और सुरागरसी के पश्चात गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु 25 हजार का इनाम भी किया था।

बता दें कि संस्कार शुक्ला पुत्र विनय कुमार शुक्ल 20 वर्ष को गत 15 अक्टूबर 2025 को अज्ञात हमलावरों ने स्कूल से घर जाते समय चाकुओं से गोदकर निर्मम हत्या का प्रयास किया था , जिसमे थाना कोरांव में पुलिस ने क्राइम नम्बर 275/2025 धारा 126 उपधारा 2 /118 उपधारा 1 /109/351 उपधारा 2 इठर में मुकदमा पंजीकृत किया था।

घटना की तिथि से कोरांव पुलिस और एसओजी टीम ने अभियुक्तों की तलाश जारी रखी थी,तफ़्तीश के दौरान अभियुक्त अशोक मिश्रा पुत्र राजेन्द्र मिश्रा निवासी भरुही भरारी थाना मेजा ऊँचीडीह उम्र 42 वर्ष तथा उसका साला दीपांशु तिवारी पुत्र बद्री विशाल तिवारी निवासी ग्राम पनासा थाना करछना उम्र 20 वर्ष हाल पता मुकाम थाना एवं जिला गोदिया , महाराष्ट्र को गिरफ़्तार किया गया ।

अभियुक्तों से पुछताछ के दौरान मामला प्रकाश में आया कि छात्र संस्कार शुक्ला के पिता विनय शुक्ल साजी ने अभियुक्त की पत्नी और उसकी बेटी से अवैध संबंध बना कर इज्जत के साथ खिलवाड़ की थी,और थाना पाल घर महाराष्ट्र में मुकद्दमा भी दर्ज कराया था। तभी से रंजिशन बदला लेने हेतु प्लान बनाया था किंतु दिनांक 13/10/25 को विनय शुक्ला नहीं मिला तो उसके पुत्र संस्कार को जान से मारने की योजना बनाते हुए कोरांव से ग्राम साजी तक निगरानी करते हुए सूनसान स्थान पर उसकी साईकल रोक कर गिराते हुए चाकू से गोद गोद कर जान से मारने का प्रयास किया। किन्तु मरणासन्न समझ कर घटना स्थल पर ही छोड़ दिया गया था। अभियुक्तों ने बताया कि जिस तरीके से विनय शुक्ला आदि ने मेरे घर की इज्जत के साथ खिलवाड़ किया है तब से हम लोग बदले की भावना से इन लोगों का भी घर बर्बाद करने के प्रयास में लगे थे किंतु योजना के तहत विनय शुक्ला के स्थान पर संस्कार शुक्ला मिला और उसे ही निशाना बना डाला। अभियुन्तों ने यह भी बयान दिया कि जेल से छूट कर आने के बाद भी पूरे घर वालों को जबतक बर्बाद नहीं कर देंगे तब तक चैन से नहीं बैठेंगे ।

कोरांव पुलिस ने क्राइम नंबर 275/25 में पंजीकृत धाराओं के अतिरिक्त बढ़ोत्तरी करते हुए क्राइम न 4/25 Act थाना कोरांव में अभियुक्त दीपांशु तिवारी और मिश्रा दोनों अभियुक्तों से घटना में कारित प्रयुक्त एक अदद चाकू तथा एक अदद मोटरसायकल पैशन प्रो निशानदेही कर बरामद किया गया । गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में इंस्पेक्टर कोरांव राकेश कुमार वर्मा, रक कृष्णकुमार, गुलाब सिंह, सेवा लाल, आशीष कुमार यादव, अश्वनी यादव , शशी प्रकाश यादव महिला एसआई कृष्णा सोनी, हेड कांस्टेबल चंक्रान्त सिंह सेंगर सिपाही धीरज पटेल थाना कोरांव एवं एसओजी टीम यमुनापार जोन एसआई नवीन कुमार सिंह प्रभारी,रंजीत यादव दीपक सिंह सिद्धेश्वर पांडेय शशिकांत यादव मनोज कुमार यादव आदि शामिल रहे।

# भगवत कथा में प्रभु श्री कृष्ण द्वारा महारास का सुंदर प्रसंग सुनकर श्रोता हुए आनंदित

अखंड भारत संदेश





**सहसों।** श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का कार्यक्रम साप्ताहिक संगीतमय कथा सिताऊ का पुरा, गारापुर गांव में पंडित कृष्ण देव दुबे के संयोजन में आयोजित हो रही है। कथा के छठवें दिन बुधवार को कथा व्यास परम पूज्य श्री राघवेंद्र प्रपन्नाचार्य जी महाराज ने कथा के सुंदर प्रसंग का श्रवण श्रोताओं को कराते हुए कहा कि रासलीला में भगवान कृष्ण गोपियों के बीच वृन्दावन में अपनी सप्तधुनि बांसुरी की मनोहर धुन पर नृत्य करते हैं। यह लीला प्रेम और भक्ति का दिव्य महारास रचाया। जिसमें कृष्ण ने गोपियों के साथ नृत्य करते उनकी मनोकामनाएं पूरी कर एक आत्मिक और आध्यात्मिक संबंध स्थापित किया। गोपी कृष्ण को अपने मनचाहे पति के रूप में चाहती हैं। और रासलीला में ऐसा प्रतीत होता है कि कृष्ण हर गोपी के साथ नृत्य कर रहे हैं। जो उनकी योगमाया का अद्भुत रूप है। इस लीला में सभी गोपियां कृष्ण के प्रति गहन प्रेम और भक्ति का अनुभव करती हैं। जहां नंद और यशोदा सहित अनेक देवता, अप्सराएं और गंधर्व और देवी लक्ष्मी, ब्रह्मा एवं भगवान शिव भी इस महारास का आनंद लेते हैं। कथा व्यास ने कहा भगवान बांके बिहारी के प्रति प्रेम भक्ति भवना इतनी आसान नहीं है उसके लिए गोपिकाओं एवं भक्त देवी मीरा की तरह हर मनुष्य को अपने अंतःकरण में दीवानगी लानी पड़ेगी तब जाकर इस सांसारिक मोह माया से परे होते हुए मुक्ति का मार्ग प्रशस्त हो सकेगा। सुंदर प्रसंग सुनकर भक्त श्रोता नर नारी आनंदित हो उठे। इस दौरान भगवान की जय घोष से पूरा कथा पंडाल कृष्णमय हो गया। कथा विश्राम पर मुख्य यजमान कृष्णदेव दुबे, सुनील कुमार दुबे एवं पूजा दुबे सहित आदि श्रोता प्रेमियों ने भगवान बांके बिहारी, भागवत भगवान, व्यास पीठ एवं आवाहित देवी देवताओं की आरती उतारी। तत्पश्चात भक्त श्रोताओं में प्रसाद का वितरण हुआ। इस अवसर पर प्रमुख रूप से समाजसेवी शिव दत्त पांडेय, राजेंद्र प्रसाद दुबे लल्लू, प्रमोद त्रिपाठी आजाद, ग्राम प्रधान द्वारिका मौर्य, रवि दुवे, लवकेश मिश्रा, प्रमोद कुमार शुक्ला, विजय तिवारी, राज मणि शुक्ला, सुभाष शुक्ला, राजू तिवारी, चिंतामणि शुक्ला, विजय मिश्रा, पंकज शक्ला, उमाशंकर दुबे, मनोज दुबे, अजय दुबे, राजकुमार दुबे, संतोष दुबे, कपिल दुबे आदि रसिक श्रोता नर नारियों ने कथा का रसपान करते उपस्थित रहे।

# नचना गांव में रंजिश के चलते प्रधान पर जानलेवा हमला

## दो पक्षों में खूनी संघर्ष से गाँव में मचा हड़कंप

अखंड भारत संदेश

**कौंधियारा।** यमुनापार के कौंधियारा थाना क्षेत्र के नचना गांव में बुधवार की रात रंजिश के चलते दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया, जिसमें प्रधान राजू यादव पर घात लगाकर जानलेवा हमला किया गया। वहीं दूसरे पक्ष के अखिलेश कुमार और उनके भाई को भी लाठी-डंडों से बुरी तरह पीटा गया। इस वारदात से पूरे गांव में अफरा-तफरी और दहशत फैल गई।

जानकारी के अनुसार, प्रधान राजू यादव बुधवार की देर रात शौच के लिए घर से बाहर निकले थे। तभी पहले से घात लगाए बैठे गांव के ही अनिल कुमार, अतुल कुमार, अखिलेश कुमार और अशोक कुमार पुत्र राजकुमार ने उन पर कटवासा और लाठी-डंडों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में प्रधान गंभीर रूप से घायल होकर खेत में बेहोश होकर गिर पड़े। देर रात तक घर न लौटने पर परिजनों ने खोजबीन की तो उन्हें खून से लथपथ हालत में खेत में पाया। आनन-फानन में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

उधर, इसी रंजिश को लेकर मंगलवार की रात भी गांव में हिंसक घटना हुई थी। आरोप है कि अखिलेश कुमार पुत्र राजकुमार जब शौच के लिए नहर की ओर गया, तभी गांव के ही राजू यादव, गजराज यादव पुत्रगण पुरुषोत्तम यादव, राजमणि पुत्र दुलन, बादल यादव उर्फ शिवम पुत्र प्राणनाथ तथा सुशील कुमार पुत्र सुदामा प्रसाद ने उसे रोककर गाली-गलौज किया और लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। शोर सुनकर उसका भाई अनिल बचाने पहुंचा तो हमलावरों ने उसे भी पीटकर गड्ढे में फेंक दिया। किसी तरह दोनों भाइयों ने भागकर अपनी जान बचाई।

अखिलेश का आरोप है कि प्रधान पक्ष के लोग उन्हें कई दिनों से धमकी दे रहे थे और मारने की साजिश रच रहे थे। वहीं प्रधान के भाई गजराज यादव का कहना है कि हमला पहले से रची गई योजना का हिस्सा था, जिससे उनके भाई की जान जा सकती थी।

घटना की सूचना पर कौंधियारा पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों की तहरीर लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने दोनों पक्षों के तहरीर के आधार पर आधा दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# रोडवेज चालक हत्याकांड के दो आरोपियों को एसटीएफ ने चित्रकूट से दबोचा

**अखंड भारत संदेश**




**प्रयागराज।** रोडवेज संविदा बस चालक हत्याकांड में यूपी एसटीएफ (उत्तर प्रदेश स्पेशल टास्क फोर्स) ने 50-50 हजार रुपये के दो इनामी आरोपियों को बुधवार को चित्रकूट से गिरफ्तार कर लिया है। दोनों इरफान अहमद और मो.हुसैन पूरामुफ्ती के मरियाडीह के रहने वाले हैं। 21 अक्तूबर को मुंडेरा चुंगी पेट्रोल पंप पर रोडवेज संविदा बस चालक रावेंद्र कुमार पासी उर्फ मुन्नू (40) की ईंट-पत्थर से हमलाकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने मुख्य आरोपी अली अहमद और उसके साथी कामरान को मुठभेड़ में पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। फरार चल रहे इरफान अहमद और मो.हुसैन की गिरफ्तारी मानिकपुर रेलवे स्टेशन के सामने से बुधवार शाम 5:05 बजे की गई।

यह कार्रवाई एसटीएफ के एएसपी दिनेश कुमार सिंह के निगरानी में उपनिरीक्षक अमित कुमार तिवारी के नेतृत्व में की गई। उन्हें सूचना मिली थी कि धूमनगंज में हत्या के मुकदमे में वांछित दोनों इनामी आरोपी चित्रकूट में हैं। टीम के मुताबिक पूछताछ में आरोपियों ने अपने साथियों संग मिल रावेंद्र कुमार पासी की ईंट-पत्थर से हमला कर हत्या करने की बात स्वीकार की है। आरोपियों का कहना है उनका रावेंद्र विवाद चल रहा था। घटना के बाद मृतक के भाई नरेंद्र कुमार उर्फ राजन पासी ने धूमनगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया था तो दोनों पर इनाम घोषित किया गया था।

# पिकल बॉल वर्ल्ड कप 2025 में अवादा ग्रुप की सिंदूर मित्तल ने लहराया परचम, जीता रजत पदक

विश्व पटल पर देश का नाम रोशन करने पर अवादा ग्रुप के डायरेक्टर जय शुक्ला ने दिग्गज खिलाड़ी सिंदूर मित्तल और रक्षिका रवि के उज्जवल भविष्य की किया कमाना दी बधाई

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** अवादा ग्रुप की वाइस चेयरपर्सन (उपाध्यक्ष) सिंदूर मित्तल ने फ्लोरिडा,अमेरिका में आयोजित पिकल बॉल वर्ल्ड कप 2025 में भारत का परचम लहराते हुए रजत पदक अपने नाम किया है। उन्होंने यह ऐतिहासिक जीत महिला ओपन डबल्स 5.0 श्रेणी में अपनी जोड़ीदार रक्षिका रवि के साथ साझेदारी में हासिल की है। गौरतलब है कि दुनिया भर के दिग्गज खिलाड़ियों के बीच इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप में सिंदूर मित्तल और रक्षिका रवि की जोड़ी ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। उनकी इस शानदार साझेदारी और जीत ने पिकल बॉल के अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर भारत की स्थिति को मजबूती से स्थापित कर दिया है। उल्लेखनीय है कि अपनी इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर बात करते हुए सिंदूर मित्तल ने कहा, पिकल बॉल एक ऐसा खेल है जो फुर्ती, रणनीति, दृढ़ संकल्प और टीम वर्क को महत्व देता है। ये वे गुण हैं जो अवादा में हमारी कॉर्पोरेट कार्यप्रणाली का भी एक अभिन्न हिस्सा हैं। पिकल बॉल जैसे उभरते खेल में वैश्विक मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करना और देश के लिए पदक घर लाना एक अविश्वसनीय और गर्व का अनुभव है। पिकल बॉल वर्ल्ड कप 2025 ने दुनिया भर के प्रमुख खिलाड़ियों को एक मंच पर एकत्रित किया। यह आयोजन इस खेल की तेजी से बढ़ती लोकप्रियता और विश्व पटल पर भारत की बढ़ती उपस्थिति का स्पष्ट प्रमाण है। अवादा ग्रुप के डायरेक्टर जय शुक्ला (जय भईया) ने सिंदूर मित्तल और रक्षिका रवि की इस गौरवशाली उपलब्धि पर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दिया है।


विश्व पटल पर देश का परचम लहराती सिंदूर मित्तल

# शासन के जीरो टॉलरेंस नीति की अहम कड़ी है जनसुनवाई : एसपी उपाध्याय

**कहा - जनसुनवाई की शिकायतों को गंभीरता से लें संबंधित पुलिस कर्मी**

**अखंड भारत संदेश**


जनसुनवाई में आम लोगों की शिकायतें सुनते एसीपी मेजा एसपी उपाध्याय

**मेजा।** बीते बुधवार को सहायक पुलिस आयुक्त मेजा एसपी उपाध्याय ने स्वयं के कार्यालय में जनसुनवाई कर आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सुना और उसके निस्तारण हेतु संबंधितों को कड़े एवं आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि जनसुनवाई शासन के जीरो टॉलरेंस नीति की एक अहम कड़ी है इसके निस्तारण अथवा सुनवाई में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं है। उल्लेखनीय है कि सर्किल में लगातार भ्रमणशील एसीपी मेजा श्री उपाध्याय जहां कानून व्यवस्था को लेकर शासन की जीरो टॉलरेंस की नीति पर एक्टिव हो एक्शन में हैं वहीं सर्किल के आमजन की समस्याओं के प्रति भी वे बेहद गंभीर हैं। बता दें कि स्थानीय थानों से न्याय की दरकार में परेशान अधिकांशतः लोग एसीपी की जनसुनवाई में आते हैं और वर्षों पुरानी समस्याओं का निस्तारण होने पर उन्हें दुआएं भी देते कहते है कि अधिकारी हो तो एसीपी मेजा जैसा। इस मौके पर भारतीय पत्रकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ उमेश चंद्र द्विवेदी के अलावा एसीपी कार्यालय स्टाफ एवं विभिन्न क्षेत्रों से आय हुए फरियादी गण प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# स्कूल के बिजली बोर्ड में उतारे करेंट की चपेट में आने से दो बच्चे झुलसे, टला बड़ा हादसा

प्राथमिक विद्यालय कोहड़ार प्रथम में पंखा बंद करने के दौरान छात्र असद और विकास के साथ हुआ हादसा बच्चों के परिजनों ने स्कूल के जिम्मेदारों पर लगाया लापरवाही का गंभीर आरोप

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** बुधवार को प्राथमिक विद्यालय कोंहड़ार प्रथम में बड़ा हादसा होते-होते टल गया। स्कूल के बिजली बोर्ड में उतरे करंट की चपेट में आने से दो बच्चे झुलस गए। घटना के बाद परिजनों में बेहद आक्रोश है। उन्होंने विद्यालय प्रशासन पर लापरवाही का गंभीर आरोप लगाया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कक्षा चार का छात्र असद (9) पंखे का स्वीच बंद करने गया तो अचानक करंट की चपेट में आ गया। इस दौरान असद को बचाने के लिए कक्षा पांच का छात्र विकास सोनकर पहुंचा तो वह भी करंट की चपेट में आ गया दोनों बच्चे करेंट की चपेट में आने से बुरी तरह झुलस गए। जानकारी होने पर विद्यालय में पहुंचे परिजनों ने आनन फानन झुलसे बच्चों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। परिजनों का आरोप है कि विद्यालय की ओर से किसी भी प्रकार की चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध नहीं कराई गई। इस संबंध में स्कूल की प्रधानाध्यापिका मीरा सिंह ने कहा कि पहले बिजली बोर्ड में करंट उतरने की जानकारी नहीं थी। घटना की जानकारी मिलते ही विभाग को सूचित कर बिजली बोर्ड की खामी दूर कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है जबकि स्थानीय लोगों ने विद्यालय में बिजली व्यवस्था की खामियों की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग किया है। ताकि भविष्य में नौनिहालों के साथ इस तरह की घटना की पुनरावृति न हो सके।

## न्यूज झरोखा

### श्री कल्पना बालाजी मंदिर कुंदौरा धाम का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया



**जंघई।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्री हरिहर धाम कुंदौरा महादेव मंदिर प्रांगण में कल्पना बालाजी बाल हनुमान मंदिर का 17 वां वार्षिकोत्सव मनाया गया। श्री कल्पना बाला जी मंदिर का वार्षिकोत्सव व भंडारा सर्व धर्म समन्वय समिति कुंदौरा महादेव हरीपुर मर्रो एवं विजय बहादुर गोंड, कपिल गोंड के द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ वी के सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष प्रयागराज एवं शीतला प्रसाद गौड़ मुख्य स्थाई अधिवक्ता हाइकोर्ट प्रयागराज, प्रशांत सिंह पूर्व विधायक हंडिया, संजय गौड़ जयपुर मूर्ति भंडार वाराणसी, अरविंद विश्वकर्मा जिला पंचायत सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जवाहर लाल गोंड पूर्व जिला पंचायत सदस्य के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सत्येंद्र पांडेय, विजय बहादुर यादव, हरिश्चंद्र विश्वकर्मा आशाराम गोंड, अखिलेंद्र सिंह यादव, अमर बहादुर गोंड, राजेश गोंड सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### मानस पार्क में आयोजित मानस शिखर सम्मेलन का उद्घाटन, पार्षद ने किया



**नैनी।** नैनी श्रमिक बस्ती मानस पार्क में आयोजित मानस शिखर सम्मेलन का उद्घाटन क्षेत्रीय पार्षद पूजा यादव एवं पवन यादव के द्वारा माता सीता एवं भगवान श्री राम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। अजय श्रीवास्तव, रविंद्र गुप्ता एवं व्यवस्थापक मंडल के सभी पदाधिकारियों ने आमंत्रित वक्ताओं का माल्यार्पण कर स्वागत किया। मानस शिखर सम्मेलन का शुभारंभ करते हुए प्रयागराज के प्रतिष्ठित श्री राम कथा व्यास पं० विनोद मालवीय ने गुरु की महिमा का बखान करते हुए कहा कि गुरु कृपा के बिना तो राम कथा की ही नहीं जा सकती। गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी श्री रामचरितमानस के प्रारंभ में सर्वप्रथम गुरुचरण की वंदना की है। प्रतिष्ठित कथा व्यास पं० अंजनी शरण सावर्णी ने कहा कि गुरु के बिना ज्ञान संभव नहीं है। देवरिया से पधारे राष्ट्रीय स्तर के ख्याति प्राप्त विद्वान प० अखिलेश मणि सांडिल्य एवं गोरखपुर से पधारे पं० हेमंत तिवारी ने श्री रामचरितमानस की महिमा बखान की। ग्वालियर से पधारी परम विदुषी भक्तिमति राधा शर्मा ने श्री रामचरितमानस की चौपाइयों का मधुर स्वर में गायन कर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अजय श्रीवास्तव, रविंद्र गुप्ता, कन्हैया मिश्रा, गवर्नर सिंह मनीष सिंह, गुड्डू राय, मीडिया प्रभारी आर के शुक्ला, सुमित मिश्रा, सत्यम मिश्रा, राज कुमार, आर वाई चौहान, सुनील पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

### श्री मोदनसेन महाराज जी की जयंती का भव्य समारोह, हलवाई सभा कीडगंज में

**प्रयागराज।** परंपरा अनुसार कार्तिक माह की अक्षय नवमी को कान्यकुब्ज वैश्य हलवाई समाज के कुलपूजक भगवान श्री मोदनसेन महाराज जी की जन्म जयंती का भव्य समारोह श्री कान्यकुब्ज वैश्य हलवाई सभा 516 नेता नगर कीडगंज में 31 अक्टूबर को आयोजित किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 8: बजे मां गंगा के पूजा अर्चना करने से शुरू होगा। हलवाई धर्मशाला मैं स्थित भगवान श्री मोदनसेन जी महाराज की मंदिर में पूजा अर्चना के बाद यज्ञ हवन व कथा का वाचन होगा। इसके बाद महिलाओं की कुर्सी दौड़, बच्चों की कुर्सी दौड़ मेहंदी प्रतियोगिता तथा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। खेलकूद प्रतियोगिता के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम लक्ष्मी गुप्ता भजन गायिका द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। इस समारोह में मुख्य अतिथि मनोज गुप्ता (राष्ट्रीय अध्यक्ष, अखिल भारतीय मधेशिया वैश्य सभा ) होंगे। अति विशिष्ट अतिथि प्रयागराज महापौर गणेश केसरवानी रहेंगे। इस अवसर पर समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं सहित सरकारी सेवारत युवाओं को सम्मानित भी किया जाएगा कार्यक्रम के समापन तक संस्कृत झांकियो का प्रदर्शन किया जाएगा। इस समारोह में सामूहिक सहभोज एवं प्रसादम का वितरण होगा। उक्त आशय की जानकारी बिपिन बिहारी लाल गुप्ता संरक्षक द्वारा दी गई है।

### असवां: तापस वेष बिसेषि उदासी, चौदह बरिस रामु बनबासी

**जंघई।** आदर्श रामलीला एवं राघव सेवा ट्रस्ट असवां तिवरान की रामलीला मंचन में दशरथ-कैकेयी संवाद, श्रीराम वनगमन, केवट प्रसंग लीलाओं का संगीतमय मंचन किया गया।महाराज दशरथ मंत्री परिषद से विचार-विमर्श करके श्रीराम को अयोध्या का राजा बनाने की घोषणा करते हैं, जिसे सुनकर अयोध्या वासियों में खुशी की लहर दौड़ जाती है सभी श्रीराम के राजतिलक की तैयारियों में लग जाते हैं। श्रीराम के राजतिलक का समाचार सुनते ही दासी मंथरा महारानी कैकेई को भड़काती है और भरत को राजगद्दी पर बैठाने के लिए उकसाती है। महारानी कैकेई उसकी बातों में आकर, कोप भवन में चली जाती हैं, जहां वह महाराज दशरथ से दिए हुए दो वचन मांगती है, पहला भरत को राजगद्दी और दूसरे वचन में श्रीराम को 14 वर्षों का वनवास। जब श्रीराम को पता चलता है तो अपने पिता के वचनों की लाज रखने के लिए खुशी-खुशी 14 वर्षों के लिए वन में जाने के लिए सहर्ष तैयार हो जाते हैं पुत्र वियोग में दशरथ प्राण त्याग देते हैं रामलीला का मंचन केवट संवाद, सीता हरण, शूर्पणखा की नाक कटैया तक हुआ। इस अवसर पर राम शिवम तिवारी, लक्ष्मण हरिओम पांडेय, रावण सत्येंद्र कुमार तिवारी, बाणासुर बाबा पांडेय, दशरथ चंद्रमणि तिवारी, परशुराम सच्चिदानंद, जनक परमानंद, वशिष्ठ तारकनाथ पांडेय, विश्वामित्र जयमूर्ति तिवारी, कैकेई धीरज पांडेय, मंथरा राहुल पांडेय, सीता नितिन तिवारी एवं सूरज कुमार तिवारी, राहुल कुमार तिवारी, प्यारे मोहन मिश्रा, सुभाष चंद्र मिश्र मीडिया प्रभारी, विकास तिवारी, सुमंत सूरज पांडेय, विकास पांडेय सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश सचिव राजनाथ यादव, अन्ना सिंह, डॉ विकास पाल को राघव रत्न देकर सम्मानित किया गया।

# अतीक के बहनोई, वकील, ड्राइवर और नौकर की जमानत पर फैसला सुरक्षित, हाईकोर्ट में हुई सुनवाई

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बहुचर्चित उमेश पाल हत्याकांड में आरोपी माफिया अतीक अहमद के बहनोई डॉ अखलाख अहमद, वकील विजय मिश्रा, ड्राइवर कैश व नौकर नियाज की जमानत पर फैसला सुरक्षित कर लिया है। सभी आरोपियों की ओर से दाखिल अपराधिक अपील पर न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव की एकल पीठ सुनवाई कर रही है। मेरठ निवासी अतीक के बहनोई डॉ अखलाक अहमद पर हत्याकांड के बमबाज गुड्डू मुस्लिम को शरण देने का आरोप है। जबकि, बाकी मुल्जिमों पर हत्या की साजिश रचने का आरोप है। हत्याकांड के बाद से फरार बमबाज गुड्डू मुस्लिम पांच लाख का इनामी है। पुलिस का दावा है कि घटना को अंजाम देने के बाद इसने डॉ अखलाख के मेरठ स्थित घर पर शरण ली थी। मेरठ से गिरफ्तार एकलाख ने जमानत पर रिहाई के लिए सितम्बर 2023 में हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। डॉ अखलाक के अधिवक्ता के दलील दिया कि वह एफआईआर में नामजद नहीं है। वह पेशे से डॉक्टर है अपराध की दुनिया से उसका कोई वास्ता नहीं है। उसे केवल अतीक के रिश्तेदार होने के कारण फंसाया गया है।

**सरकार की ओर से किया गया जमानत का विरोध**

अतीक के वकील विजय पर उमेश पाल हत्याकांड में मुखबिरी करने का आरोप है। विजय की गिरफ्तारी लखनऊ से हुई थी। जमानत पर रिहाई की मांग करते हुए उनकी अधिवक्ता मंजू सिंह ने दलील कि उन्हें अतीक के वकील होने के कारण फंसाया जा रहा हैं। इसी तरह कैश व नियाज की ओर से भी बेगुनाह होने की दलीलें दी गई। उनके अधिवक्ता ने दलील दी कि कैश ड्राइवर था, जबकि काफी समय पहले से नौकरी छोड़ चुका था। कोई अपराधिक इतिहास नहीं है। नियाज के वकील ने भी उसे बेकसूर बताया। कहा कि उसका घटना से कोई सरोकार नहीं है। उसके पास से की बरामदगी नहीं है, न ही वह एफआईआर में नामजद है।लंबी बहस में दौरान उमेश पाल की पत्नी जया पाल के अधिवक्त प्रवीण पांडे, सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल ने जमानत पर रिहाई का विरोध किया।

# फूलपुर में महिलाओं को मिला सुरक्षा का संबल

**अखंड भारत संदेश**

**फूलपुर।** महिलाएं अपने हक एवं अधिकारों के लिए जागरूक रहें। सरकार महिलाओं को जहां सामाजिक सुरक्षा प्रदान कर रही है वहीं उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं से भी लाभान्वित करने का काम कर रही है। इसलिए अपने आप को उपेक्षित व कमतर न समझे। यह बातें गुरुवार को फूलपुर थाने की मिशन शक्ति/एंटी रोमियो की टीम ने फूलपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के साथ अन्य गांवों में जाकर महिलाओं को जागरूक करते हुए कही। महिला उपनिरीक्षक ज्योति रावत के नेतृत्व में मिशन शक्ति की टीम ने महिलाओं के भरण पोषण में सहायक वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन के साथ ही पात्र गृहस्थी, आयुष्मान कार्ड, सुकन्या समृद्धि, सामूहिक विवाह, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के अलावा सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। महिला अपराधों पर विस्तृत चर्चा करते हुए उप निरीक्षक ज्योति रावत ने कहा की छोटी घटनाओं को सहन करने से आगे चलकर वो बड़ी घटनाओं में तब्दील हो जाती है। इसलिए अपने प्रति होने वाले अपराध व अन्याय के खिलाफ आवाज उठाएं। सजग रहें, सतर्क रहें और निडरता पूर्वक उसका सामना करें पुलिस विभाग सदैव आपके साथ है। उन्होंने बेटियों को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनने पर जोर देते हुए महिला हेल्प डेस्क, वूमेन पावर लाइन,डायल 112 ,साइबर हेल्प लाइन सहित अन्य महत्वपूर्ण टोल फ्री नंबरों की जानकारी दी। बताया की मिशन शक्ति फेज 5 के तहत फूलपुर थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों एवं विद्यालयों में विशेष अभियान चलाकर बच्चियों एवं महिलाओं को जागरूक करने का काम किया जा रहा है। मौके पर उपनिरीक्षक काजल पटेल, उप निरीक्षक कुमकुम, लालसा मौर्या, हेड कांस्टेबल मृत्युंजय सिंह,श्रीश मिश्रा मौजूद रहे।


महिलाओं को जागरूक करती मिशन शक्ति की टीम

# भरतहिं होइ न राज मद विधि, हरि, हर पद पाइ : स्वामी विनोदानन्द जी

**महोत्सव के चौथे दिन व्यास पीठ से बखानी भरत जी की महिमा .... मोहिनी श्रीवास्तव के भजन, गीतों ने भी बटोरी तालियां**

**अखंड भारत संदेश**



**करछना।** क्षेत्र के बृजमंगल सिंह इंटर कॉलेज रामपुर में चल रहे जमुनापार महोत्सव,राम कथा के चौथे दिन व्यासपीठ पर विराजमान स्वामी विनोदानन्द जी महाराज ने भरत की महिमा का गुणगान करते हुए भक्तजनों को आह्लादित कर दिया। भरतहिं होइ न राज मद,विधि,हरि,हर पद पाइ, जैसी मानस की विभिन्न चौपाइयों के माध्यम से भरत जी के त्याग,तप, संकल्प,चरित्र और आचरण का बखान करते हुए कथा व्यास ने पाण्डाल में मौजूद श्रोताओं को रससिक्त कर दिया। राम चरन पंकज मन जासू और जग जप राम, राम जप जेही,भरत सरिस को राम सनेही, जैसी चौपाइयों की मार्मिक व्याख्या करते हुए स्वामी जी ने कहा कि जिनका सारा संसार ध्यान जप करता है, ऐसे महाप्रभु राम जी स्वयं भरत का जप, स्मरण करते हैं। संसार में भक्ति के भाव, प्रभाव का अन्यत्र कोई दूसरा उदाहरण नहीं मिलता। मौसम की विपरीत परिस्थितियों मेंऔर रह-रह कर हो रही बूंदा-बांदी के बीच भी श्रोता पाण्डाल में डटे रहे। इसके पूर्व विद्यालय की छात्राओं ने कई गीत प्रस्तुत किए और आकाशवाणी दूरदर्शन की लोक कलाकार मोहिनी श्रीवास्तव ने भी अपनी भजन प्रस्तुतियों पर खूब तालियां बटोरी। महोत्सव के संयोजक डॉ.भगवत पांडेय ने कहा कि अनेक बिधा की प्रतिभाओं को एक ही मंच पर संजो रहा यह महोत्सव अपने बुजुर्गों के आशीष से अनवरत आगे बढ़ रहा है। प्रधानाचार्य मनीष तिवारी ने सभी जनों के प्रति स्वागत आभार प्रकट किया। संचालन डॉ. के.के त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर भाजपा की वरिष्ठ नेता त्रिवेणी प्रसाद पाण्डेय, शंकरगढ़ महोत्सव के संयोजक सूर्य निधान पांडेय, जितेंद्र कुमार, विश्वेश ओझा, कंचन पांडेय, हरिशंकर त्रिपाठी, रोशन लाल, वेद प्रकाश श्रीवास्तव, विजय सिंह, जगतपाल, कमला शंकर त्रिपाठी समेत बड़ी संख्या में श्रोता मौजूद रहे।

## प्रधान मंत्री आवास योजना वेबसाइट बंद के बावजूद गांवों ठगी करने वाले सक्रिय

**करछना।** प्रधानमंत्री आवास योजना की वेबसाइट बंद होने के बावजूद कुछ लोग अब भी ग्रामीणों से ठगी कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार, मुंगारी, चनैनी, पचदेवरा, डीहा सहित कई ग्रामसभाओं में कुछ व्यक्तियों द्वारा स्वयं को योजना से जुड़ा बताकर भोले-भाले ग्रामीणों से आधार कार्ड, बैंक पासबुक की फोटोकॉपी और पांच-पांच सौ रुपए की वसूली की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि वेबसाइट बंद हो चुकी है, फिर भी फर्जी एजेंट योजना में नाम जोड़ने का झांसा देकर पैसे ले रहे हैं। इस मामले को लेकर आकृति सिंह, अवतार किशन सिंह, गुजराता देवी और धीतेश तिवारी ने खंड विकास अधिकारी करछना अमित मिश्रा से शिकायत की और ज्ञापन सौंपा। बीडीओ ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल जांच के निर्देश दिए और कहा कि सरकारी योजनाओं के नाम पर गरीबों से ठगी करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। दोषी पाए जाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# समहन में कथा के अंतिम दिन महाराज ने सुदामा चरित्र का वर्णन कर दिया भक्ति और मित्रता का संदेश

कहा - भगवान अपने भक्तों की भावना देखते हैं,भेंट का मूल्य नहीं

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** विकास खंड उरुवा के समहन गांव में चल रही श्रीमद भागवत कथा के सातवें दिन कथा वाचक पंडित धनंजय दास महाराज ने सुदामा चरित्र का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की परम मैत्री की कथा सुनाकर श्रद्धालुओं को भक्ति, प्रेम और विनम्रता का संदेश दिया।

उल्लेखनीय है कि कथावाचक धनंजय दास महाराज ने बताया कि निर्धन ब्राह्मण सुदामा जब द्वारका पहुंचे तो भगवान श्रीकृष्ण ने स्वयं द्वार पर आकर उनका स्वागत किया,उन्हें गले लगाया, चरण धोए और उनकी चिउड़े की भेंट स्वीकार कर उन्हें समृद्धि का वरदान दिया था। गौरतलब है कि महाराज जी के सुनाया गया यह प्रसंग बताता है कि भगवान अपने भक्तों की भावना देखते हैं, भेंट का मूल्य नहीं। कथा स्थल पर ह्लसखा सुदामा प्यारेह्व और ह्लश्याम तेरी मुरली की धुनह्व जैसे भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। पूरा परिसर ह्लजय श्रीकृष्णह्व के जयघोष से गूंज उठा। मुख्य यजमान हृदय नारायण पांडेय एवं स्व. सोनपत्ती देवी (स्मृति में) व्यासपीठ की आरती हृदय नारायण पांडेय ने उतारी। इस दौरान श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ कथा अंतिम दिन होने के कारण स्थल को पुष्पमालाओं और दीपों से भव्य रूप से सजाया एवं संवारा गया था, कथा को सैकड़ों श्रद्धालु भक्तिभाव से श्रवण कर रहे थे इस अवसर पर गुरुवार को कार्यक्रम के आयोजक विशाल भंडारा भी आयोजित किया गया था।


भागवत कथा के अंतिम दिन पूजा पाठ करते मुख्य यजमान

# बेमौसम बरसात का कहर- धान की तैयार फसल हुई चौपट, किसान चिंतित

## अगेती आलू, सरसों और सब्जी की खेती को हुआ भारी नुकसान

**विजय पाठक**



**पट्टी।** अक्टूबर महीने में अन्नदाता किसान खरीफ की तैयार फसल को समेटने और रबी की बुआई की तैयारी में रात दिन एक कर रहा है, ऐसे में दगाबाज मौसम उसकी मेहनत की कमाई पर पानी फेरने पर आमादा है। जिले में दो दिनों से मौसम का मिजाज बदला हुआ है और बुधवार शाम से लगातार हो रही बारिश से खेतों और खलिहानों में कटी पड़ी धान की फसल भीग रही है। भीगी फसलों के अंकुरित होने एवं फफूंद लगकर नष्ट होने की संभावना जताई जा रही है। आगे भी दो दिनों तक बेमौसम बरसात के जारी रहने की संभावना से किसानों के आंखों की नींद उड़ गई हैं। इस बार खरीफ सीजन में रुक-रुक कर समयानुसार बारिश होने से धान की फसल अच्छी थी। किसान प्रसन्न थे कि धान की अच्छी उपज मिलेगी। किसान अभी खरीफ की तैयार फसल समेटने और अगेती आलू व सरसों की बुआई में व्यस्त था। लेकिन अचानक मौसम का मिजाज बदला और आकाश में घने बादल छा गये। जिससे बेमौसम बारिश होने की संभावना बढ़ गई थी। बादलों के कारण सूर्य देव नजर नहीं आए और शाम से ही बारिश शुरू हो गई। बारिश के साथ तेज हवा चलने से तैयार धान की अधिकांश फसल खेतो में ही लोट गई। ज्यादातर किसानों की कटी हुई धान की फसल खेतो में पड़ी भीग रही हैं।मौसम विभाग द्वारा अभी दो दिनों तक और बारिश होने की संभावना जताई गई है,यदि बेमौसम बारिश का दौर आगे भी जारी रहा तो धान की फसल को सर्वाधिक नुकसान होगा। अधिकांश किसानों की बोई हुई अगेती आलू और सरसों की फसल तो उगने से पहले ही नष्ट हो गई है। कटी हुई धान की फसलों के भीगने से फफूंद लगने की भी संभावना बढ़ गई है।ऐसे में एक ओर जहां धान की कटाई रुक गई है वहीं भीगने से चावल की गुणवत्ता भी प्रभावित हुई है। भारी लागत से बोई गई अगेती आलू, सरसों और धान के नुकसान की भरपाई किसान कैसे कर पाएगा। फसल बीमा योजना से प्रभावित किसानों के नुकसान की भरपाई करने की मांग क्षेत्रीय लोगों ने जिलाधिकारी से किया है।

## फसल का बीमा करने वाले कृषक फसल नुकसान की सूचना दर्ज करायें

**प्रतापगढ़।** जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार ने किसान भाइयों को सूचित किया जाता है कि वर्तमान में मौसम स्थिति खराब है ऐसे में आपके क्षेत्र में कटी पड़ी फसल में बेमौसम वर्षा से व्यक्तिगत स्तर पर क्षति पहुचती है तो वो सभी ऐसे कृषक जिन्होंने अपनी फसल का बीमा करवाया है केवल वही कृषक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के नियमानुसार फसल नुकसान की सूचना गर्वनमेन्टध्कंपनी के टोल फ्री नंबर-14447 पर समस्त दस्तावेज आधार कार्ड, पासबुक एवं खतौनी की फोटो कॉपी सहित दर्ज करवा सकते है, यदि आपकी शिकायत किसी कारण से ऑनलाइन दर्ज नही हो पा रही है तो लिखित में शिकायत पत्र संबंधित बैंक शाखा एवं जनपद स्तरीय उप कृषि निदेशक कार्यालय (फसल बीमा कंपनी कार्यालय) एवं जिला कृषि अधिकारी कार्यालय में दे सकते है।

## दुष्कर्म पीड़िता की मौत पर जांच की मशक्कत में जुटी पुलिस, हुआ अन्तिम संस्कार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** लीलापुर थाना क्षेत्र के हदिराही के सुक्खा का पुरवा में दुष्कर्म पीड़िता की मौत को लेकर लालगंज सीओ घटना के दूसरे दिन गुरूवार को जांच पड़ताल की मशक्कत मे दिखे। वही मृतका का पीएम के बाद गुरूवार को परिजनो ने पुलिस सुरक्षा मे प्रयागराज के फाफामऊ में अंतिम संस्कार कर दिया। दलित युवती की गैर सम्प्रदाय के युवक द्वारा दुष्कर्म के चलते मौत को लेकर गांव में अंदरूनी तनाव का माहौल भी देखा सुना गया। थाना क्षेत्र के एक गांव की दलित युवती से चार माह पूर्व शकूहाबाद निवासी मारूफ उर्फ परवेज अकील द्वारा प्रेम सम्बन्ध बनाए जाने की बात सामने आयी है। इससे परेशान होकर मृतका के पिता द्वारा कुछ दिनों पहले उसकी शादी भी अन्तू थाना के सड़वा चन्द्रिका क्षेत्र में तय कर दी गयी। आरोप है कि इस बीच मृतका को आरोपी द्वारा जंगल में बुलाकर दुष्कर्म किया गया। आरोपी द्वारा मृतका का अश्लील वीडियो भी बनाया गया। आरोप यहां तक है कि युवक द्वारा मृतका को धर्म परिवर्तन के लिए भी बाध्य करते हुए उसके मंगेतर को भी शादी करने पर जानलेवा धमकी दी गयी थी। सीओ लालगंज आशुतोष मिश्र के आदेश पर सत्रह अक्टूबर को इस मामले मे लीलापुर थाने में केस भी दर्ज किया गया। घटना में पुलिसिया कार्रवाई पर भी सवाल उठ रहा है कि केस दर्ज करने के बाद पुलिस ने आरोपी व उसके परिजनों को थाने से छोड दिया था। इस बीच अचानक लीलापुर पुलिस ने बुधवार को आरोपी मारूफ को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद दिन में तीन बजे युवती ने जहर खा लिया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। घटना को लेकर पीड़ित परिजनों द्वारा अभी पुलिस को कोई नयी तहरीर नही दी गयी है। पुलिस पहले से दर्ज मुकदमे मे अन्य आरोपियो की तलाश मे भी गुरूवार को मशक्कत मे दिखी। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाण्डेय का कहना है कि घटना के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है, आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## घसीटकर महिला को किया निर्वस्त्र, की मारपीट

**बेलखरनाथ धाम।** एक महिला के साथ युवक द्वारा अश्लील हरकत करते हुए उसके साथ जमकर तांडव किया गया। इस दौरान आरोप है कि घसीटते समय महिला निर्वस्त्र भी हो गयी थी। आरोपी ने पीडीत महिला को शिकायत करने पर एससी-एसटी एक्ट में फंसाने की धमकी भी दी। पीड़ित महिला ने एसओ, एसपी सहित अन्य अधिकारियों से शिकायत करते हुए आरोपित के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।कंधई थाना के विजहरा चैकी के अंतर्गत एक गांव निवासिनी महिला का कहना है कि परानपुर गांव निवासी एक युवक और उसकी पत्नी द्वारा पहले उसे मारपीट कर घायल कर दिया गया। इस दौरान आरोप है कि आरोपित युवक ने महिला को घसीटकर निर्वस्त्र करने के बाद उसके नाजुक अंग में ऊंगली डालकर गर्मी शांत करने की बात करते हुए शिकायत करने पर एससी-एसटी एक्ट केस में फंसाने की धमकी दी गई।एसओ कंधई गुलाब चंद्र सोनकर ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच की जा रही है, आरोपित के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## डीएम ने वीवीपैट एवं ईवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण




**प्रतापगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेशों के क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारीध्जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने पूरेकेशवराय स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ईवीएम एवं वीपीपैट वेयरहाउस में साफ-सफाई व्यवस्था और अग्निशमन यंत्रों की कार्यप्रणाली की जांच की। उन्होंने इस दौरान सीसीटीवी कैमरों के संचालन का भी अवलोकन किया। उन्होने निर्देशित किया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निदेर्शों का अनुपालन सुनिश्चित करायें। उन्होने ईवीएम एवं वीवीपैट के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारी से आवश्यक जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान सुरक्षा कर्मियों को निर्देशित किया गया कि वीवीपैट एवं ईवीएम वेयरहाउस की निगरानी मुस्तैदी के साथ करते रहे। निरीक्षण के दौरान ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग के अधिशासी अभियन्ता सुजीत कुमार राय उपस्थित रहे।

## पूर्व कैबिनेट मंत्री राजा भइया के जन्मदिन पर आज होंगे विविध आयोजन



**प्रतापगढ़।** जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के कार्यकर्ताओं द्वारा आज शुक्रवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया के जन्मदिन एवं लौहपुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती पर स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविर व पौधरोपण समेत विभिन्न कल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक विनोद सरोज के आहवान पर राजा भइया के जन्मदिन पर जरूरतमंदों की सहायता के भी आयोजन होंगे। यह जानकारी देते हुए एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह गोपाल के मीडिया प्रभारी मुक्कू ओझा ने बताया कि कचेहरी में अधिवक्ताओं द्वारा भी राजा भइया के जन्मदिन पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया है।

## दो दिवसीय जनपद स्तरीय मिलेट्स महोत्सव व मेले का कृषि भवन परिसर में हुआ शुभारम्भ

### मोटे अनाज पर आधारित गीतों व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से की गयी मनमोहक प्रस्तुति

**अखंड भारत संदेश**






**प्रतापगढ़।** मिलेट्स के उपभोग के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से जनपद में संचालित राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन योजना के न्यूट्रीसीरियल घटक तथा उ०प्र० मिलेट्स पुनरोद्वार कार्यक्रम के अन्तर्गत दो दिवसीय जनपद स्तरीय मिलेट्स महोत्सवध्मेला का कृषि भवन परिसर में शुभारम्भ किया गया। मिलेट्स महोत्सव कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी द्वारा फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या दिव्या मिश्रा, संयुक्त कृषि निदेशक प्रयागराज मण्डल संतोष कुमार राय, विधायक सदर प्रतिनिधि अरूण कुमार मौर्य सहित भाजपा के रमेश बहादुर सिंह व पवन वर्मा व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान महोत्सव में पहुँचे अतिथियों का उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव द्वारा स्वागत करते हुये मिलेट्स के उत्पाद सप्रेम भेंट किया गया। मिलेट्स महोत्सव कार्यक्रम में कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, ऑगनबाडी सहित अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठानो सहित कुल 20 प्रदर्शनी स्टाल भी लगाये गये जिसका अवलोकन अतिथियों द्वारा किया गया। मिलेट्स महोत्सव में लोकगायिका प्रतिमा यादव अम्बेडकरनगर व उनके साथी कलाकारों ने मोटे अनाज पर आधारित गीतोंध्सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति भी की गयी। उनके द्वारा अपने गीत के माध्यम से मिलेट्स के महत्व को बताया गया।

मिलेट्स महोत्सव में जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने मिलेट्स फसलों एवं उत्पादों के प्रयोग को बढ़ावा देने हेतु किसानो को प्रेरित किया। उन्होने मिलेट्स महोत्सव के आयोजन हेतु उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव की प्रशंसा की। उन्होने कहा कि मोटे अनाज धीरे-धीरे लुप्त होते जा रहे है और इन्हें बढ़ावा देने के लिये देश के माननीय प्रधानमंत्री मंत्री जी ने श्री अन्न योजना का चलन में लाया। श्री अन्न योजना के माध्यम से मोटे अनाज की पैदावार बढ़ेगी जिससे किसानों को लाभ प्राप्त होगा। मोटा अनाज स्वास्थ्य के लिये बहुत ही फायदेमंद है, मोटे अनाज के उपयोग से कई प्रकार की बीमारियों से बचा जा सकता है। उन्होने किसान भाईयों से कहा कि मिलेट्स फसलों का अपने खेतों में अधिक से अधिक उत्पाद करें और अपनी आय में वृद्धि करें। मिलेट्स फसलों के उत्पादन में खाद, सिंचाई आदि की ज्यादा आवश्यकता नही होती है। मिलेट्स फसलों में लागत कम और अधिक उत्पादन होता है। श्री अन्न योजना के अन्तर्गत मुख्य रूप से ज्वार, बाजरा, रागी, सांवा, कंगनी, कोदो, कुटकी, कुट्टू, रामदाना, चेना आदि को शामिल किया गया है ये अनाज पोषक तत्वों से भरपूर होते है। किसान भाई मिलेट्स के फसलों के उत्पादन के लिये नई-नई तकनीकों का प्रयोग करें। उन्होने कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है जहाँ कि आधी आबादी खेती और किसानी कार्यक्रमों में लगी हुई है। मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा द्वारा कृषको को अवगत कराया गया कि जनपद में अधिकतर कृषको द्वारा मिलेट्स फसलो की खेती प्रारम्भ की गयी जो बहुत ही सराहनीय है। इसी प्रकार जनपद के अन्य कृषको से मिलेट्स अपनाने का अनुरोध किया गया। इस दौरान उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव ने कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं व मिलेट्स महोत्सव के बारे में जानकारी दी। इसके अतिरिक्त वेकेन्टश चिलिबिला एवं सरल अन्न एफ0पी0ओ0 बिहारगंज द्वारा भी मिलेट्स उत्पाद की प्रदर्शनी लगाकर अपने स्टाल के माध्यम ज्वार, बाजरा, रागी का आटा तथा बिस्कुट एवं अन्य उत्पाद मेले में आये लोगो को उपलब्ध कराया गया। डा0 यतेन्द कुमार वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र कालाकांकर द्वारा कृषको को रबी फसलो की सामायिक जानकारी के साथ मिलेट्स फसल के संबध में विस्तार से जानकारी दी गयी।कार्यक्रम का संचालन डा0 मो0 अनीस द्वारा किया गया।

## डाक्टर ने खुद रची लूट की झूठी कहानी, पुलिस ने किया पर्दाफाश

- डाक्टर व उसके साथी को भेजा जेल बाइक अंगूठी बरामद
- प्रेमिका से बचने के लिए रची लूट की कहानी

**अखंड भारत संदेश**



**बेलखरनाथ धाम।** रानीगंज पुलिस में लूट की झूठी वारदात का पदार्फाश करते हुए ऐसा खुलासा किया जिसे सभी को हैरान कर दिया। रानीगंज थाना क्षेत्र लच्छीपुर बाजार निवासी ग्राम प्रधान राम प्रकाश गुप्ता उर्फ नन्हे का भतीजा डॉक्टर आशीष गुप्ता रानीगंज में फिजियोथेरेपी क्लीनिक चलाता है। 26 अक्टूबर की रात लगभग दस बजे घर लौटते समय उसके साथ पचरास गांव के समीप लूट हो गई। जिसमें सोने की अंगूठी के साथ नगदी थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर भी घटनास्थल पर पहुंचे और पूरे मामले की गहनता से जांच का आदेश दिया। पुलिस ने मामले की गहराई से जांच की तो पता चला कि लूट की झूठी कहानी बनाई गई है। पकड़े गए आरोपित डाक्टर आशीष गुप्ता ने पुलिस को बताया की उसका एक प्रेमिका से सम्बंध था जिससे पीछा छुड़ाने के लिए उसने यह साजिश रची। पुलिस ने इस मामले में नगर कोतवाली के गोलू सिंह उर्फ शेखर को भी गिरफ्तार किया है तथा एक अंगूठी व बाइक भी बरामद की है।

## कमरे में फंदे से लटका मिला किशोर का शव

**पट्टी।** कमरे के अंदर किशोर का फंदे से लटकता शव देखकर परिजनों के होश उड़ गए। हल्ला गुहार सुन पहुंचे पास पड़ोस के लोग दरवाजा खोलकर जब अंदर गए तो किशोर का शव फंदे से लटका हुआ मिला। कंधई थाना क्षेत्र के रुदापुर गांव के रहने वाले आदर्श विश्वकर्मा (12) पुत्र कल्लू विश्वकर्मा के परिजन बृहस्पतिवार की दोपहर अपने काम में लगे हुए थे। इस दौरान किशोर कमरे के अंदर जाकर संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर जान दे दी। परिजनों को जब बच्चे का शव फंदे पर दिखाई दिया तो परिजन हल्ला गुहार मचाने लगे। हल्ला गुहार सुन पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे। कमरे का दरवाजा खोल कर फंदे से लटक रहे किशोर के शव को नीचे उतारा लेकिन तब तक उसकी सांसे थम चुकी थी। मामले में परिजनों द्वारा पुलिस को सूचना नहीं दिया गया है। दूरभाष पर वार्ता के दौरान कंधई थाने के थानाध्यक्ष गुलाब चंद्र सोनकर ने बताया ऐसी किसी घटना की जानकारी नहीं है, तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

## जलजमाव को लेकर वार्डो में हलाकान दिखे लोग, धान की फसल भीगने से किसानों के माथे पर चिन्ता की लकीर

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज।** गुरूवार को भोर से हुई बारिश के चलते सार्वजनिक संस्थानों एवं विभिन्न वार्डो में जलजमाव के चलते लोगों को परेशानी में देखा गया। सीएचसी परिसर में पानी जमा होने से मरीजों व तीमारदारों को परेशान देखा गया। वहीं तहसील परिसर के पीछे नेताजीपुरम वार्ड में जलजमाव हो जाने से लोगों को आवागमन में भी कठिनाईयों से गुजरते देखा गया। तहसील परिसर में भी पानी इकटठा होने से वादकारियों व फरियादियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। लालगंज से लालूपुर मार्ग पर सड़क क्षतिग्रस्त होने से बरसात का पानी जगह जगह जमा हो गया। लालूपुर पुल के आगे इटैला, महराज का पुरवा, हुलासगढ़ सड़क पर कीचड़ तथा बारिश का पानी लोगों के लिए सिरदर्द बना दिखा। इस सड़क के कई वर्ष से क्षतिग्रस्त होने के कारण लोग प्रशासनिक लापरवाही को भी कोसते देखे गये। तहसील कालोनी के पीछे सुन्दर बस्ती में भी जलजमाव को लेकर लोगों को पूरे दिन हलाकान देखा गया। ग्रामीण क्षेत्रों में भी रूक रूक कर बारिश के कारण पगडण्डियों पर भी लोग फिसलकर चुटहिल होते देखे गये। बारिश के कारण धान की फसल भीगने को लेकर किसान भी चिंतित देखे गये। खाद की किल्लत के कारण फसल नुकसान को लेकर परेशान किसान बारिश की दोहरी मार से परेशान नजर आये। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने बताया कि नगर के जिन वार्डो में जलजमाव की शिकायत आयी है उसे निस्तारित कराए जाने के लिए नगर पंचायत की कार्यदायी संस्था को प्रभावी निर्देश दिये गये हैं।

### जलभराव को लेकर बिफरे वकील, न्यायिक कामकाज का किया बहिष्कार

**प्रतापगढ़।** तहसील परिसर में बारिश के समय स्थायी रूप से होने वाले जलभराव को लेकर वकीलों ने नाराजगी जतायी है। गुरूवार को अधिवक्ता तहसील पहुंचे तब कैम्पस में जलभराव देखकर बिफर उठे। नाराज वकीलों ने प्रशासनिक लापरवाही को लेकर न्यायिक कामकाज के बहिष्कार का प्रस्ताव पारित किया। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने कहा कि परिसर में थोड़ी सी भी वर्षा के कारण जलभराव हो जाता है। उन्होने कहा कि समस्या को लेकर कई बार अफसरो को ज्ञापन सौंपा गया। अधिवक्ताओं ने एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा से मिलकर समस्या के स्थायी समाधान कराए जाने की मांग उठाई। एसडीएम ने नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी को इस संदर्भ में कार्रवाई के निर्देश दिये। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष अम्बुज पाण्डेय, उपाध्यक्ष आशीष तिवारी, महामंत्री हरिश्चंद्र पाण्डेय, टीपी यादव, राम मोहन सिंह, संदीप सिंह, शैलेन्द्र सिंह, विकास मिश्र, शिव नारायण शुक्ल, सुरेन्द्र सिंह, राम अभिलाष यादव, दिनेश मिश्र, सुमित त्रिपाठी, अमर सिंह, गीता सिंह, आरती, अनूप पाण्डेय, अमरनाथ यादव, सत्येन्द्र श्रीवास्तव, शहजाद अंसारी आदि अधिवक्ता रहे।

## आज विविध कार्यक्रमों में शामिल होंगे सांसद प्रमोद तिवारी

**लालगंज।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आज शुक्रवार को पूर्वान्ह साढ़े ग्यारह बजे लालगंज आयेंगे। वह चैक पर पूर्व प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी के बलिदान दिवस तथा सरदार पटेल की जयन्ती पर आयोजित समारोह में शामिल होंगे। इसके बाद सांसद प्रमोद तिवारी अपरान्ह ढ़ाई बजे परानीपुर के जगन्नाथ पटेल विद्यालय में सरदार बल्लभ भाई पटेल की एक सौ पचासवीं जयन्ती पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

## सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत आज से

**बेलखरनाथ धाम।** विकास खंड बाबा बेलखरनाथ धाम क्षेत्र के रुदा पुर गांव में 31 अक्टूबर से 7 नवंबर तक सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन,31 अक्टूबर को कथा वाचक श्री श्री 1008 स्वामी वल्लभाचार्य जी महाराज की अगवाई में सुबह 9रू00 बजे से कलश यात्रा निकल जाएगी और 31 अक्टूबर दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा होंगी, 8 नवंबर को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है।इस आशय की जानकारी कथा आयोजक पूर्व निरीक्षक श्रीराम मिश्रा व अच्छेलाल मिश्र ने संयुक्त रूप से दी है।

## तैयारियां पूरी, आज मनाई जायेगी लौहपुरुष सरदार पटेल की जयंती

**पट्टी।** सामाजिक परिवर्तन समिति द्वारा 31 अक्टूबर शुक्रवार को सुबह दस बजे से पट्टी मेला ग्राउण्ड डीआर एस मैरिज हाल में लौहपुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती मनाई जायेगी। समिति द्वारा गुरुवार की देर शाम बैठक कर तैयारियों को अंतिम रुप दिया गया। समिति के अध्यक्ष आशीष पटेल ने बताया कि जयंती में लगभग एक हजार से अधिक लोगों का अनुमान है। जयंती मनाने को लेकर समिति द्वारा सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। बैठक में अमरजीत पटेल, प्रवीण पटेल, महावीर पटेल, प्रदीप पटेल, अभय पटेल, अमन पटेल, अशोक पटेल, सुनील पटेल, अनिल पटेल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## जयन्ती पर जनपद में आयोजित होगें विविध कार्यक्रम

**प्रतापगढ़।** शासन के निर्देशानुसार जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी एवं मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा के निर्देश के क्रम में जनपद में 31 अक्टूबर 2025 को स्वतंत्र भारत के वास्तुकार लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल जी की जयन्ती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में भव्यता के साथ मनाया जायेगा। देश की एकता और अखण्डता के लिये राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलायी जायेगी। जनपद में राष्ट्रीय एकता के संदेश को फैलाने के लिये रन फॉर यूनिटी का आयोजन कराया जायेगा। उन्होने बताया है कि 31 अक्टूबर को प्रातः 8 बजे प्राइमरी विद्यालयों के छात्रों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में प्रभात फेरी का आयोजन तथा माध्यमिक विद्यालयों के छात्रों की रैली निकाली जायेगी। पूर्वान्ह 9 बजे स्टेडियम में लौह पुरूष सरदार पटेल के जीवन, राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता दिवस पर समस्त विद्यालयों के छात्रों स्लोगन का संकलन, दोपहर 12 बजे जिला संयुक्त चिकित्सालय में जिलाधिकारी द्वारा मरीजों को फल वितरण, अपरान्ह 1 बजे वृद्ध एवं कुष्ठ आश्रम में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा भोजन वितरण, अपरान्ह 2 बजे प्रधानाचार्य राजकीय इण्टर कालेज द्वारा सरदार बल्लभ भाई पटेल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर भाषण प्रतियोगिता आयोजन तथा अपरान्ह 4 बजे सरदार बल्लभ भाई पटेल के जीवन पर विचार गोष्ठी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन श्रम कल्याण अधिकारी द्वारा कराया जायेगा। राष्ट्रीय एकता दिवस के कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों डीएम एवं सीडीओ ने निर्देशित किया है।

## विद्यालय में चोरी, दी तहरीर

**प्रतापगढ़।** अज्ञात चोरों ने विद्यालय के कमरे का ताला तोडकर चोरी की वारदात अंजाम दी। लालगंज तहसील के रामपुर-संग्रामगढ़ ब्लाक के अर्न्तगत पूरे श्याम सिंह प्राथमिक विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापिका कंचन पाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उन्तीस अक्टूबर को सुबह पौने नौ बजे वह विद्यालय पहुंची। वहां रसोईया अर्चना मिश्रा ने बताया कि विद्यालय के एक कमरे का ताला बदमाशों ने तोड दिया है। बदमाशो ने कमरे मे रखा चावल व गेहूं व स्टील के बर्तन आदि चोरी कर लिये। प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र भदौरिया का कहना है कि जांच कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

## भगवान भक्ति की निर्मलता को करते हैं स्वीकार : सम्पूर्णानन्द

### पूरे मुरली अमावां में श्रीमद्भागवत कथा में श्रीराम जन्मोत्सव के प्रसंग पर मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु

**अखंड भारत संदेश**



**प्रतापगढ़।** पूरे मुरली अमावां में हो रही श्रीमदभागवत कथा में गुरूवार को श्रीराम जन्म की कथा सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध दिखे। प्रयागराज से पधारे कथाव्यास स्वामी सम्पूणानंद जी महराज ने कहा कि भगवान भक्ति के बंधन में सदैव उसके हृदय में निवास किया करते हैं। उन्होने कहा कि भगवान को भक्त का अनादर कभी भी स्वीकार नही होता। कथाव्यास स्वामी जी ने बताया कि भगवान श्रीराम का जन्म जगत में मयार्दा तथा नैतिकता की सुरक्षा के लिए हुआ। उन्होने कहा कि श्रीराम भक्त और भक्ति की मयार्दा के अलंकरण हैं। स्वामी सम्पूणानंद जी ने बताया कि भक्ति हृदय की निर्मलता में सुशोभित हुआ करती है। उन्होने कहा कि भगवान भक्ति की निर्मलता को ही स्वीकार्य किया करते हैं। कथाव्यास जी ने कहा कि संसार का मंगल भगवान की कृपा के अधीन है। उन्होने कहा कि श्रीराम नाम के जप में जीवन का सार है। उन्होने कहा कि भगवान के नाम का जप ही फलदायी हुआ करता है। स्वामी सम्पूणानंद जी ने कहा कि अनीति के मार्ग को कभी भी नहीं अपनाना चाहिए। उन्होने कहा कि अनीति और अत्याचार का अन्त सदैव कष्टप्रद हुआ करता है। कथा के दौरान भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव की झांकी पर महिलाओं ने पुष्पवर्षा की। वहीं भजन व मंगलगान से भी माहौल भक्तिमय दिखा। कथा के संयोजक समाजसेवी हरिकेश कुमार मिश्र व सुरेन्द्र मिश्र ने श्रीराम दरबार की भव्य आरती उतारी। सह संयोजक संगम लाल मिश्र व सुशील मिश्र तथा सुनील मिश्र ने व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया। इस मौके पर कालिका प्रसाद पाण्डेय, संतोष पाण्डेय, सुरेन्द्र सिंह, धीरेन्द्र पाण्डेय, सिंटू मिश्र, धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, विपिन पाण्डेय, घनश्याम केसरवानी, अम्बिका पाण्डेय, मुरलीधर तिवारी, अवधेश शुक्ला, रामअभिलाष यादव, लल्लू पाण्डेय, श्याम सुंदर तिवारी, अभिषेक पाण्डेय आदि रहे।

## अस्पताल के ओपीडी का संचालन अब प्रातः 09 बजे से शाम 03 बजे तक

**कौशाम्बी।** सर्दी के मौसम एवं चिकित्सा महाविद्यालय में आने वाले मरीजो की सुविधा के दृष्टिगत स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, कौशाम्बी के ओपीडी संचालन के समय में परिवर्तन करते हुए संयुक्त जिला चिकित्सालय सम्बद्ध स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ हरिओम कुमार सिंह ने कहा है कि जिला अस्पताल में कार्यरत समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों (नियमित संविदा) को सूचित किया जाता है कि दिनांकः 01 नवम्बर, 2025 से अग्रिम आदेशों तक चिकित्सालय में ओ.पी.डी. के संचालन का प्रातः 09 बजे से सांय 03 बजे तक रहेगा। यह जानकारी प्रधानाचार्य, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के डॉ. हरिओम कुमार सिंह ने दी।

# हाइड्रोसील के इलाज में इंजेक्शन लगाते ही मरीज की हुई तड़प कर मौत

**अकुशल डॉक्टर के यहां आए दिन अचानक मौत होने के बाद गंभीर नहीं हैं मुख्य चिकित्साधिकारी**





अखंड भारत संदेश

**हर्रायपुर कौशांबी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मूरतगंज कस्बा स्थित सहारा नर्सिंग होम हॉस्पिटल में हाइड्रोसील के ऑपरेशन के दौरान इंजेक्शन लगाते हैं मरीज की हालत गंभीर हो गई और तड़प तड़प कर कुछ देर में ही अस्पताल में मरीज की दर्दनाक मौत हो गई है मौत होते ही परिवार में कोहराम मच गया है मृतक के भाई ने मामले की सूचना थाना पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है मरीज की मौत की सूचना मिलने के बाद मौके में स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची है और अस्पताल की जांच की जांच के दौरान अस्पताल स्वास्थ्य नियमों के मानक के अनुसार नहीं पाया गया है जिस पर अस्पताल में ताला लगा दिया गया है लेकिन सवाल उठता है की मौत के पहले स्वास्थ्य विभाग की टीम अस्पताल की जांच करने क्यों नहीं पहुंची थी यह स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के कार्यों पर बड़े सवाल खड़े हैं हालांकि इस तरह के जिले में सैकड़ो अस्पताल अभी भी संचालित हो रहे हैं जो स्वास्थ्य विभाग के मानक को पूरा नहीं कर रहे हैं लेकिन स्वास्थ्य नियमों के मानक को पूरा न करने वाले अस्पतालों पर भी अभी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कार्रवाई नहीं कर रहे हैं बल्कि मौत होने का इंतजार कर रहे हैं मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक संदीपन घाट थाना क्षेत्र के जीवनगंज निवासी राजकुमार उम्र 35 वर्ष लगभग पुत्र मक्खन लाल बुखार से पीड़ित थे इलाज कराने के लिए वह गुरुवार को मूरतगंज के सहारा अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टर ने बताया कि बुखार के साथ-साथ उनका हाइड्रोसील का भी ऑपरेशन होना है और हाइड्रोसील के ऑपरेशन करने के पहले कथित डॉक्टर अरविन्द पाल ने मरीज को एक इंजेक्शन लगाया इंजेक्शन लगाते ही मरीज तड़पने लगा और कुछ देर में ही तड़प तड़प कर मरीज की अस्पताल में दर्दनाक मौत हो गई इसी बीच कथित डॉक्टर अरविन्द पाल ने मरीज के परिवार वाले लोगों से और रुपए की डिमांड की परिवार के कुछ लोग रुपए लेने घर चले गए शेष लोगों ने मरीज की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर करने की फरियाद की लेकिन रुपया लेने के लालच में डॉक्टर ने गंभीर मरीज को रेफर नहीं किया जिससे मरीज की कुछ देर में ही अस्पताल में तड़पकर मौत हो गई है बीते कुछ दिनों के बीच कई अस्पतालों में मरीज को इलाज के दौरान इंजेक्शन लगाते ही तड़प तड़प कर अचानक दर्दनाक मौत हो चुकी है आखिर मरीज के इलाज के दौरान वह कथित डॉक्टर कौन सा इंजेक्शन लगा देते हैं जिससे मरीजों की अस्पताल में कुछ देर में मौत हो जाती है कहीं मरीजों को जहर का इंजेक्शन तो कथित डॉक्टरों द्वारा नहीं लगाया जाता है जिससे मरीजों की मौत होती है यह बड़ी जांच का विषय है बीते कुछ दिनों के बीच कई अस्पतालों में कई मरीजों की इसी तरह इंजेक्शन लगते ही तत्काल मौत हो चुकी है जो पूरे स्वास्थ्य व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है लेकिन उसके बाद भी मुख्य चिकित्सा अधिकारी इस गंभीर बिंदु पर कठोर कार्रवाई नहीं कर रहे हैं जिससे उन पर भी तमाम बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं बताया जाता है कि जिन अस्पतालों में मौत हो चुकी है वह अस्पताल सरकार के मानक को पूरा नहीं कर रहे हैं लेकिन सीएमओ के मानक पर खरे उतर रहे अस्पताल बंद नहीं कराए जा रहे हैं।

## मां बेटी सहित तीन लोगों की हत्या करने वाले पिता पुत्र सहित 3 हत्यारे 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास से दण्डित

**हत्या के दोषियों पर अदालत ने लगाया 15000-15000 रुपये का अर्थ दण्ड**

**कौशांबी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र में 7 वर्षों पहले दहेज की डिमांड ना पूरी होने पर विवाहिता और उसकी दो बेटियों को जलाकर हत्या कर दी गई थी मामले में थाने में मुकदमा दर्ज हुआ पुलिस ने अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया मां बेटी सहित तीन लोगों की हत्या के आरोप में मुकदमे की सुनवाई के दौरान अदालत ने पिता पुत्र सहित तीन लोगों को हत्या का दोषी पाया और 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है साथ ही 15 हजार 15 हजार रुपए का अर्थ दंड भी हत्या के दोषियों पर लगाया है। घटनाक्रम के मुताबिक सराय अकिल थाना क्षेत्र में 16 अप्रैल 2018 को पर ससुरालीजनों द्वारा अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर विवाहिता व उसकी छोटी-छोटी 02 बच्चियों को जालकर मार डाला गया था मु0अ0सं0 128/18 धारा 498ए/304बी भादवि व 3/4 डीपी एक्ट पंजीकृत हुआ जिसमें विवेचना के उपरान्त आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल हुआ सुनवाई के दौरान अदालत ने आरोपियों को तीन लोगों की हत्या का दोषी पाया शासकीय अधिवक्ता ने कठोर से कठोर दंड दिए जाने की सिफारिश की 03 अभियुक्तों राजू पुत्र बुधई पासी वा बुधई पासी पुत्र स्व0 सरदार वा लक्ष्मी देवी पत्नी प्रेम निवासी तिल्हापुर थाना सराय अकिल को दिनांक 30.10.2025 को न्यायालय एडीजे/एफटीसी-1 जनपद कौशाम्बी द्वारा प्रत्येक अभियुक्त को 10-10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा से दंडित किया है तथा हत्या के तीनों दोषियों को 15000-15000 /- रू0 के अर्थ दण्ड से दण्डित किया।

## ट्रेन हादसे में वृद्ध व्यक्ति की मौत

**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी रेलवे स्टेशन के पास एक वृद्ध व्यक्ति की गुरुवार की सुबह लगभग 10:00 बजे ट्रेन की टक्कर लग जाने से दर्दनाक मौत हो गई है दुर्घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे सूचना मिलते ही जीआरपी पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची है और ट्रेन हादसे के शिकार व्यक्ति की पहचान कराने का पुलिस ने प्रयास किया लेकिन काफी प्रयास के बाद ट्रेन हादसे के शिकार व्यक्ति की पहचान नहीं हो सकी है पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है।

## शिक्षण पर दिया जाए विशेष ध्यान : जिलाधिकारी

**जिलाधिकारी ने की सोशल सेक्टर की समीक्षा**

**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ0 अमित पाल ने गुरुवार को कार्यालय कक्ष में सोशल सेक्टर की समीक्षा बैठक की।बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना की समीक्षा के दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी से कहा कि शिक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाए, जिससे अधिक से अधिक बच्चे प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल हों सकें। उन्होंने छात्रवृत्ति की समीक्षा के दौरान कहा कि लम्बित डाटा को शीघ्र ही अग्रिम कार्यवाही के लिए प्रेषित कर दिया जाय। उन्होंने पारिवारिक लाभ योजना की समीक्षा के दौरान लम्बित आवेदनों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निराश्रित महिला पेंशन की समीक्षा के दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी से कहा कि और पात्र लोगों को पेंशन से लाभान्वित किया जाय तथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अन्तर्गत लम्बित आवेदनों को शीघ्र निस्तारित कराने के भी निर्देश दिए।

## ब्लॉक स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आगाज

अखंड भारत संदेश



**कोखराज कौशांबी।** ब्लॉक स्तरीय दो दिवसीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का उद्घाटन पी.एम.श्री.कम्पोजिट विद्यालय कशिया पश्चिम में खंड शिक्षा अधिकारी सिराथू डॉ प्रज्ञा सिंह व सचिन कुमार ओझा प्र. अ.द्वारा दीप प्रज्ज्वलन करके किया गया। बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। प्र. अ. सचिन कुमार ओझा द्वारा पुस्प गुच्छ देकर खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. प्रज्ञा सिंह का स्वागत किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी डॉ प्रज्ञा सिंह द्वारा बच्चों को खेल के प्रति जागरूकता, खेल में असीम संभावनाएं, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, ईंडोर व आउटडोर खेलो के बारे में विस्तृत रूप में बताया। खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा जहा पढ़ने व रोज स्कूल आने पर जोर दिया गया वही खेल व स्वास्थ्य के प्रति जोर दिया गया। उन्होंने बताया की हमारे जीवन में खेलो का बहुत ही महत्व हैं, खेलो से ही हमारे स्वस्थ शरीर व स्वस्थ मन का विकाश होता हैं खेल के मैदान में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उन्हें ढेर शरीर शुभकामनायें दी। खंड शिक्षा अधिकारी सिराथू द्वारा खेल शिक्षको को निर्देश दिया गया की खेल पूरी निष्पक्षता व सुरक्षा के साथ सम्पन्न कराए जाये। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने स.अ. रूचि मिश्रा द्वारा स्वर्णिम भारत विरासत एवं विकाश थीम पर बनाये गए सेल्फी पॉइंट की भूरी भूरी प्रसंशा की गयी व सेल्फी भी ली गयी। स.अ.रूचि मिश्रा द्वारा बनाये गए लोगो ₹एक घंटा खेल के मैदान पर ₹खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा विशेष जोर दिया गया। उद्घाटन अवसर पर ईश्वर सरण सिंह, शिव प्रताप सिंह, पंचम लाल (ग्राम प्रधान ) विद्या चरण शुक्ला, ईश्वरी शुक्ला, राज किशोर शुक्ला,अलोक तिवारी, रामु सिंह, दीप नारायण मिश्रा, रविंद्र, सौरभ श्रीवास्तव, मनोज सिंह, संजय सिंह, संतोष सिंह व खेल प्रायोजक पी.एम. श्री.स्कूल कशिया पश्चिम से पुष्पा सिंह, अनीता पाण्डेय, ज्योतिराज, नितेश जायसवाल, आलोक कुमार पटेल, विकाश चन्द्र केसरवानी, रूचि मिश्रा,अभिलाषा सिंह, नीरज कुमार, कुलदीप कुमार साहू, प्रेम प्रकाश, कमला देवी, संघप्रिया व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी वर्गों में पी. एम.श्री.कम्पोजिट स्कूल कशिया पश्चिम सिराथू चैंपियन रहा।

## न्यूज झरोखा

### लिटिल ब्लॉसम में छात्राओं को दी गई नए कानून की जानकारी



**अझुवा कौशाम्बी।** नए कानून (बीएनएस) के तहत जागरूकता अभियान , साइबर जागरूकता व मिशन शक्ति अभियान फेज 5 के तहत बृहस्पतिवार को आदर्श नगर पंचायत अझुवा में स्थित लिटिल ब्लॉसम कान्वेंट विद्यालय में जागरूकता अभियान के तहत छात्राओं को साइबर अपराध एवं भारत के नए कानून (बीएनएस) के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान थानाध्यक्ष सैनी धर्मेन्द्र सिंह ने छात्राओं को मिशन शक्ति के तहत जागरूक करते हुए बताया कि महिलाएं व युवतियां निडर होकर निकले । थाना प्रभारी धर्मेन्द्र सिंह ने छात्रों को विस्तार पूर्वक नए कानून की जानकारी देते हुए बताया कि अब आप लोग घर बैठे ई एफआईआर दर्ज करा सकते है, उन्होंने देश में लागू हुए नए कानून एवं डायल टोल फ्री नंबर की जानकारी देते हुए बताया कि पहले महिलाएं व बेटियों को घर की दहलीज लांघने पर पाबंदी थी लेकिन अब निडर होकर बहू बेटियां बाहर निकल रही है। महिलाओं के सुरक्षा के लिए पुलिस सदैव तत्पर रहती है। किसी भी अनहोनी की आशंका होने पर टोल फ्री नंबर डायल कर सहायता प्राप्त कर सकते हैं। पुलिस 112 पुलिस आपातकालीन सेवा ,1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1090 महिला पावर हेल्पलाइन ,102 स्वास्थ्य सेवा ,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन , 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन ,181 महिला हेल्पलाइन व महिला हेल्प डेस्क एवं एंटी रोमियो टीम के कार्य तथा थाने के सीयूजी नंबर के बारे में रिश्ते से जानकारी दी गई है इस दौरान विद्यालय में डिबेट एवं क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया । इसके अलावा पुलिस टीम ने बताया कि थानों में महिला हेल्थ डेस्क व नारी सशक्तिकरण कक्ष स्थापित किया गया है। इस मौके पर थाना प्रभारी धर्मेंद्र सिंह के साथ उपनिरीक्षक अंशुमान मिश्रा अंकित तिवारी कांस्टेबल उदय सिंह ललित , महिला कांस्टेबल वैशाली सोनाली एवं विद्यालय स्टॉफ मौजूद रहा ।

### जन-जन तक नए कानूनों की जानकारी पुलिस ने नुक्कड़ नाटक के जरिए सैनी चौराहे पर किया जागरूक



**कड़ा कौशाम्बी।** नए कानूनों के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए गुरुवार शाम सैनी चौराहे पर सैनी थाना पुलिस टीम द्वारा एक अनूठा नुक्कड़ नाटक आयोजित किया गया पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार के निर्देश पर थानाध्यक्ष सैनी धर्मेंद्र सिंह के नेतृत्व में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ हास्य-व्यंग्य के माध्यम से दी गई विस्तृत जानकारी कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने चौराहे पर मौजूद आम नागरिकों राहगीरों और व्यापारियों को रोककर उन्हें नए कानूनी प्रावधानों के बारे में विस्तार से बताया। पुलिसकर्मियों ने हास्य-व्यंग्य और सशक्त संवादों का सहारा लेते हुए समझाया कि इन नए कानूनों का प्राथमिक लक्ष्य नागरिकों को अधिक अधिकार और त्वरित न्याय उपलब्ध कराना है पुलिस ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि कानून की सही जानकारी रखना प्रत्येक नागरिक का अधिकार और जिम्मेदारी दोनों है थानाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने इस अवसर पर कहा जागरूकता ही सुरक्षा की पहली सीढ़ी है उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील की है कि वे किसी भी कानूनी प्रक्रिया को लेकर भ्रमित न हों बल्कि सही और सटीक जानकारी के लिए सीधे पुलिस या संबंधित सरकारी विभाग से संपर्क करें इस महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम में सैनी थाना पुलिस टीम के सदस्यों के साथ-साथ स्थानीय व्यापारी छात्र और बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे और उन्होंने पुलिस के इस प्रयास की सराहना की।

### गुणवत्ता के साथ ही समयबद्ध पूर्ण कराया जाए निर्माण कार्य : डीएम

**निर्माणाधीन राम वन गमन मार्ग एवं प्रयागराज एयरपोर्ट-कौशाम्बी मार्ग के निर्माण कार्य में प्रगति लाने के डीएम ने दिए निर्देश**



**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ0 अमित पाल ने गुरुवार को कार्यालय कक्ष में राम वन गमन मार्ग, प्रयागराज एयरपोर्ट-कौशाम्बी मार्ग एवं एन.एच.ए.आई. के कार्यों के प्रगति की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने एनएचएआई के कार्यों की विस्तृत समीक्षा के दौरान कहा कि उप जिलाधिकारी से समन्वय कर निर्माण कार्य में आ रहीं समस्याओं का निस्तारण कराया जाय। उन्होंने राम वन गमन मार्ग के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियंता से कहा कि निर्माण कार्य में और तेजी लायी जाय। निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ ही समयबद्ध पूर्ण कराया जाए इसके साथ ही उन्होंने प्रयागराज एयरपोर्ट-कौशाम्बी मार्ग की विस्तृत समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियंता को निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

### प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए : एसपी



**कौशांबी** पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्वारा पुलिस कार्यालय मंझनपुर में आम जनमानस की समस्याओं के निस्तारण हेतु जनसुनवाई की गई। इस दौरान फरियादियों द्वारा प्रस्तुत शिकायती प्रार्थना पत्रों को ध्यानपूर्वक सुना गया एवं संबंधित थाना/शाखा प्रभारियों को त्वरित व निष्पक्ष कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।पुलिस अधीक्षक ने निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए ताकि जनता को राहत मिल सके तथा पुलिस पर आमजन का विश्वास और अधिक सुदृढ़ हो।

## बच्चों में खोज व शोध की प्रवृत्ति जागृत होना आवश्यक : शिव मोहन मौर्या

अखंड भारत संदेश

**जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता संपन्न प्रदर्शनी में पंकज रहे अव्वल, विज्ञान क्लब द्वारा आश्रम पद्धति विद्यालय कोइलहा में लगी विज्ञान प्रदर्शनी मंडल स्तर के लिए चयनित किए गए 15 बाल वैज्ञानिकों के मॉडल**





**कौशांबी।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद,उत्तर प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग उत्तर प्रदेश शासन) के दिशा निर्देशन में जिला विज्ञान क्लब द्वारा राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय कोइलहा में जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस प्रतियोगिता में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों ने ट्रैफिक सेफ्टी,ड्राइविंग लाइसेंस स्कैनर, वूमेन सेफ्टी डिवाइस,स्मार्ट आई विजन गॉगल, रडार साइबर सिक्योरिटी सिस्टम,गॉगल फॉर ब्लाइंड, इलेक्ट्रिक पोल सेफ्टी प्रोजेक्ट,फार्मर लैंड प्रोटेक्शन सिस्टम आदि वर्किंग मॉडल प्रस्तुत किये। प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि शिव मोहन मौर्य अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक प्रयागराज- कौशांबी ने किया। प्रदर्शनी उदघाटन एवं अवलोकन के पश्चात उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से निश्चित ही बच्चों के अंदर वैज्ञानिक दृष्टिकोण उत्पन्न होगा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों में खोज व शोध की प्रवृत्ति जागृत होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वर्तमान युग तकनीक का है। वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र डॉ0 आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को एक मंच प्राप्त होता है, जहां वे अपने वैज्ञानिक जिज्ञासा को उजागर करते हैं। समन्वयक जिला विज्ञान क्लब वसीम अहमद ने बताया कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद,उत्तर प्रदेश द्वारा बच्चों में विज्ञान के प्रति अभिरुचि उत्पन्न करने, तार्किक क्षमता, कल्पनाशीलता, उनमें वैज्ञानिक पद्धति के कार्य कलापों एवं वैज्ञानिक व्यक्तित्व विकसित करने के उद्देश्य से कार्यक्रम का अयोजन किया गया। तकनीकी मूल्यांकन समिति/ निर्णायकों द्वारा 15 मॉडलों का चयन मंडल स्तर के लिए किया गया। उन्हीं 15 चयनित मॉडलों में से प्रथम ,द्वितीय ,तृतीय पुरस्कार के रूप मे क्रमशः रु5000/, रु3000/, रु2000 एवं 2 विद्यार्थियों को सांत्वना पुरस्कार के लिए रु1000/ (प्रत्येक को) साथ ही सम्मान /प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह से मुख्य अतिथि शिव मोहन मौर्या ने सम्मानित किया। अन्य सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को भी सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। मंडलीय प्रदर्शनी के लिए पंकज कुमार- धर्मा देवी इंटर कॉलेज, केन कनवार वा रोहित कुमार महगांव इंटर कॉलेज महगांव वा सूर्यांश त्रिपाठी माता प्रसाद इंटर कॉलेज टिकरा मवई वा तूबा सरफराज-रियाज इंटर कॉलेज उखइया वा कृति उपाध्याय आदर्श ग्राम सभा इंटर कॉलेज चरवा वा शिवम् राव आदर्श इंटर कॉलेज सराय अकिल वा सूबिया अली अनवारूल हक सिद्दीकी गर्ल्स इंटर कॉलेज रसूलपुर टप्पा वा मानवी देवी पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय इंटर कॉलेज देवखरपुर वा सोनम श्री दुर्गा देवी इंटर कॉलेज ओसा वा निखिल कुमार महगांव इंटर कालेज महगांव वा नितिन यादव धर्मा देवी इंटर कॉलेज केन कनवार वा शिल्पा- राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय कोइलहा वा अनुराग धर्मा देवी इंटर कॉलेज केन कनवार वा अनुराधा सोनी श्री छेदी लाल साहू इंटर कॉलेज देवीगंज वा आस्तित्व वर्मा- राजकीय हाई स्कूल रामपुर धमांवा बाल वैज्ञानिक चयनित हुए हैं जनपद स्तरीय तकनीकी मूल्यांकन समिति निर्णायक मंडल में डॉ0 आशीष श्रीवास्तव, (कृषि विज्ञान केंद्र कौशांबी), डॉ0 रवींद्र कुमार (महात्मा ज्योतिबा फुले राजकीय पॉलिटेक्निक टेवा),चंचल सिंह, मिस्बाहुल हक (प्रवक्ता, महामाया राजकीय पॉलीटेक्निक ऑफ इन्फोर्मेशन टेक्नोलॉजी, चायल, कौशांबी) रहे प्रधानाचार्या राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय रितु कुमारी ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित कर आभार प्रकट किया।इस अवसर पर सुप्रिया गुप्ता, सत्य दयाल सिंह, गौसिया हनीफ,हेमलता यादव,,सोनम सिंह,विपिन कुमार प्रताप सिंह आदि शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विज्ञान संचालक आयुष कुमार साहू ने किया ।

## धान क्रय केन्द्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाओ की उपलब्धता सुनिश्चित रखी जाए : एडीएम




**कौशांबी।** अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) शालिनी प्रभाकर की अध्यक्षता में उदयन सभागार में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अन्तर्गत दिनांक-01 नवम्बर 2025 से प्रारम्भ हो रहें धान की खरीद के दृष्टिगत समस्त धान क्रय केन्द्र प्रभारियों का प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यशाला में अपर जिलाधिकारी ने सभी क्रय एजेन्सी प्रभारियों और क्रय केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि सभी क्रय केन्द्र दिनांक-01 नवम्बर को स्थापित/संचालित हो जाय। सभी केन्द्रों पर इलेक्ट्रॉनिक कॉटे, नमी मापक यंत्र आदि उपकरण, बोरे की व्यवस्था तथा कृषकों के बैठने एवं पेयजल की व्यवस्था उपलब्धता सुनिश्चित कर लिया जाय। कृषकों के साथ विनम्र व्यवहार किया जाय। धान के सुरक्षित भंडारण की पर्याप्त व्यवस्था तथा केन्द्र पर कार्य करने वाले श्रमिकों का श्रम विभाग में पंजीयन कराया जाय। केन्द्र प्रभारी समय से केन्द्र पर उपस्थित रहें और नियमानुसार अविलम्ब धान की खरीद सुनिश्चित करें। लापरवाही पाये जाने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी। जिला खाद्य विपणन अधिकारी सुधांशु शेखर चौबे ने बताया कि जनपद में विभिन्न एजेन्सियों के कुल 40 धान क्रय केन्द्र संचालित होंगे तथा जनपद का लक्ष्य 60000 मी0टन निर्धारित है। धान का समर्थन मूल्य कॉमन रू0-2369/कु0 तथा ग्रेड-ए रू0-2389/कु0 निर्धारित किया गया है। अभी तक 3188 किसानों द्वारा पंजीकरण कराया गया है कार्यशाला में सहायक आयुक्त, सहायक निबंधक सहकारिता, सभी क्रय एजेन्सी प्रभारी, क्रय केन्द्र प्रभारी एवं मंडी सचिव उपस्थित रहें।

# भवंस मेहता विद्याश्रम सांस्कृतिक एवं एथलेटिक्स में भवंस प्रतापपुर जयपुर ओवरऑल चैंपियन बना

अखंड भारत संदेश

**भवंस 14वीं नॉर्थ एंड नॉर्थ ईस्टर्न रीजन स्कूल एथलेटिक्स एंड कल्चरल मीट का आयोजन**





**भरवारी कौशांबी।** भवंस मेहता विद्याश्रम भरवारी में 30 अक्टूबर को भवंस 14वीं नॉर्थ एंड नॉर्थ ईस्टर्न रीजन स्कूल एथलेटिक्स एंड कल्चरल मीट के दूसरे दिन की शुरूआत निदेशक संदीप सक्सेना भवंस मेहता विद्याश्रम भरवारी के ट्रेजरर प्रो.प्रशांत अग्रवाल मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य वशिष्ठ तिवारी चंदन शर्मा तथा उप-प्रधानाचार्य सुधाकर सिंह की देखरेख में कार्यक्रम की शुरूआत हुई।एथलेटिक्स की शुरूआत सर्वप्रथम गोलाफेंक से हुई जिसमें लड़कियों के ग्रुप में से भवंस मेहता विद्याश्रम को प्रथम स्थान के साथ गोल्ड मेडल मिला,प्रतापनगर जयपुर को द्वितीय एवं अगरतला को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।गोलाफेंक इवेंट में छात्रों के ग्रुप में प्रतापनगर जयपुर प्रथम,अगरतला त्रिपुरा द्वितीय एवं भवंस मेहता भरवारी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।इसके बाद 200 मीटर ब्वॉयज रेस में दिल्ली को प्रथम,भवंस भरवारी को द्वितीय एवं प्रतापनगर जयपुर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।इसी क्रम में 200 मीटर गर्ल्स रेस में दिल्ली प्रथम,जयपुर द्वितीय एवं भरवारी को तृतीय स्थान से संतोष करना पड़ा।उपर्युक्त सभी इवेंट्स में प्रथम आने वाले छात्रों को गोल्ड मेडल,द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को सिल्वर तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को ब्रॉन्ज मेडल तथा सर्टिफिकेट व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।इसी तरह सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत स्पॉट पेंटिंग कंपटीशन में भवंस मेहता भरवारी प्रथम,अगरतला त्रिपुरा द्वितीय एवं प्रतापनगर जयपुर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।इसी तरह हिंदी भाषण प्रतियोगिता में भवंस मेहता भरवारी प्रथम,अमृतसर द्वितीय एवं प्रतापनगर की तीन को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।प्रतियोगिता के अंतिम चरण में इंग्लिश क्रिएटिव राइटिंग एवं एकल नृत्य प्रतियोगिता हुई। इंग्लिश क्रिएटिव राइटिंग में भवंस मेहता भरवारी को प्रथम,अमृतसर की टीम को द्वितीय एवं जयपुर की टीम को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।इसी प्रकार एकल नृत्य प्रतियोगिता में अमृतसर की टीम को प्रथम,भवंस मेहता भरवारी को द्वितीय एवं जयपुर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।समस्त विजेता प्रतिभागियों को मेडल,प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी से सम्मानित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की गई।मुख्य अतिथि डॉ प्रबोध श्रीवास्तव एवं विशिष्ट अतिथि डॉ प्रशांत अग्रवाल विशिष्ट तिवारी जी ने अपने अपने सम्बोधन में विद्याश्रम भरवारी की तरफ से नॉर्थ एंड नॉर्थ ईस्टर्न रीजन से आने वाली समस्त टीमों के कोच,अध्यापकों एवं छात्रों को बधाई देते हुए सफल आयोजन तथा जीतने वाले सभी प्रतियोगियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।निदेशक श्री संदीप सक्सेना जी ने अपने संदेश में भवंस 14 नॉर्थ एंड नॉर्थ ईस्टर्न रीजन एथलेटिक मीट के सफल आयोजन की बधाई देते हुए आए हुए समस्त अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। अंत में उप-प्रधानाचार्य सुधाकर सिंह ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का स्वागत करते हुए इस प्रतियोगियों को सफल बनाने के लिए आई हुए अन्य प्रदेशों की टीमों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया एवं प्रतियोगिता का सफलता पूर्वक समाप्त होने की घोषणा किया तथा विद्याश्रम के समस्त अध्यापकों, कर्मचारियों तथा छात्रों व अभिभावकों को इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।इस अवसर पर समस्त छात्र छात्राएं,अध्यापक गण एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

### देश के लिए शर्मिंदगी है ट्रंप का बयान

**एशिया** पैसिफिक इकोनॉमिक को-ऑपरेशन सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए दक्षिण कोरिया पहुंचे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रुकवाने का दावा किया है। ट्रंप ने नरेन्द्र मोदी को महान नेता, सुंदर व्यक्तित्व, लड़ाका बताते हुए तारीफ तो की, लेकिन इस तारीफ के साथ यह कहते हुए शर्मिंदा भी कर दिया कि उन्होंने टैरिफ लगाने की चेतावनी देकर भारत और पाक को युद्ध रोकने के मजबूर कर दिया था। ट्रंप ने केवल मोदी की तारीफ नहीं की, बल्कि उन्होंने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की भी तारीफ की. और पाकिस्तान के फील्ड मार्शल आसिम मुनीर की तारीफ करते हुए कहा कि वो जबरदस्त फाइटर हैं। ट्रंप के बयान का यह वीडियो पूरी दुनिया में प्रसारित हो चुका है। अगर ट्रंप पहली बार ऐसा कुछ कहते और मोदी सरकार किंकर्तव्यविमूढ़ की मुद्रा में होती, तब माना जा सकता था कि ऐसे किसी अप्रत्याशित बयान का जवाब देने के लिए सरकार तैयार नहीं थी। लेकिन अमेरिका, जापान, सऊदी अरब, कतर, इजरायल, द.कोरिया हर जगह ट्रंप यही बात कहे जा रहे हैं कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान को व्यापार रोकने की धमकी दी। दोनों देश परमाणु संपन्न हैं और युद्ध रुकना जरूरी था। इसलिए ट्रंप ने कहा कि आप लड़ाई रोको वर्ना हम व्यापार रोकेंगे और उसके बाद नरेन्द्र मोदी और शाहबाज शरीफ दोनों युद्ध विराम के लिए राजी हो गए।

पाकिस्तान बेशक खुशी से इस तथ्य को स्वीकार करे कि उसने ट्रंप के सामने घुटने टेके हैं, लेकिन क्या भारत भी अब अपमान को सहज भाव से लेने लगा है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने तो बाकायदा नरेन्द्र मोदी को मौका दिया था कि वे संसद के भीतर कह दें कि डोनाल्ड ट्रंप झूठ कह रहे हैं और युद्धविराम उनके कहने पर नहीं हुआ था। अपनी ही देश की संसद से ज्यादा सुरक्षित स्थान नरेन्द्र मोदी के लिए नहीं हो सकता। अगर ट्रंप के डर का मुकाबला साथी सांसदों के साथ वे संसद के भीतर से करने की कोशिश करते तो शायद ट्रंप दुनिया भर में भारत का अपमान करते नहीं फिरते। लेकिन न जाने किन वजहों से नरेन्द्र मोदी आज तक ट्रंप को जवाब नहीं दे पाए हैं। क्या मोदी इस बात से खुश हैं कि ट्रंप ने उन्हें महान बताया, अच्छा मित्र और सुंदर व्यक्तित्व का बताया। लेकिन यही सारी बातें तो ट्रंप ने शाहबाज शरीफ के लिए भी कही हैं। बल्कि ट्रंप तो पाक फील्ड मार्शल आसिम मुनीर की भी खूब तारीफ कर रहे हैं। जबकि यही जनरल मुनीर आए दिन भारत के लिए आग उगलते रहते हैं। अब तो बांग्लादेश के साथ मिलकर पाकिस्तान भारत के खिलाफ साजिश कर रहा है। हाल ही में बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस से आसिम मुनीर के डिप्टी शमशाद मिर्जा ने मुलाकात की। इस दौरान मो.युनूस ने एक किताब शमशाद मिर्जा को भेंट की। जिसमें ग्रेटर बांग्लादेश का मानचित्र है। लेकिन असल में इस मानचित्र में असम, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल के कुछ भाग को बांग्लादेश का हिस्सा बताया गया है। भारत के राज्यों को अपना हिस्सा बताना मासूम गलती नहीं हो सकती है। इसमें बांग्लादेश ने भारत के साथ झगड़ा बढ़ाने का एक और विषय तैयार कर लिया है, ध्यान देने वाली बात यह है ।

# भाजपा की राजनीति का दारोमदार अब 'घुसपैठ' पर!

**अनिल जैन**

**सरकार** क्या सचमुच घुसपैठ की समस्या का समाधान करना चाहती है? यह सवाल इसलिए है क्योंकि पिछले 11 साल से केंद्र में लगातार भाजपा की सरकार है और अभी तक उसकी ओर से घुसपैठ रोकने का एक भी गंभीर प्रयास होता नहीं दिखा है। अमित शाह पिछले छह वर्षों से देश के गृह मंत्री हैं। इस बात का खूब ढिंढोरा पीटा जाता है उन्होंने सबसे लंबे समय तक गृह मंत्री बने रहने का रिकॉर्ड बनाया है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने 1951 में भारतीय जनसंघ के नाम से अपनी जिस राजनीतिक शाखा का गठन किया था, उसका मुख्य लक्ष्य था- सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के जरिये कांग्रेस का विकल्प बनना और भारत को हिंदू राष्ट्र बनाना। इसके लिए उसके तीन प्रमुख मुद्दे थे- देश में समान नागरिक संहिता, जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 का खात्मा और गौहत्या पर प्रतिबंध। करीब तीन दशक बाद जनसंघ के नेताओं ने जब जनता पार्टी से अलग होकर भारतीय जनता पार्टी का गठन किया तो उसके एजेंडे में भी ये तीन मुद्दे शामिल रहे। फिर भी इन मुद्दों से बात बन नहीं बन रही थी, सो उसने 1987 के आते-आते अयोध्या में बाबरी मस्जिद की जगह पर राम मंदिर बनाने के मुद्दे को भी अपने एजेंडे में शामिल कर लिया। यह मुद्दा उसके लिए बहुत लाभदायी रहा और इसी के सहारे वह सत्ता तक पहुंची।

साल 1989 से लेकर 2024 तक हर चुनाव उसने सांप्रदायिकता की खेती करते हुए इसी मुद्दे पर लड़ा। हालांकि 2024 के चुनाव से पहले जैसे-तैसे अयोध्या में राम मंदिर भी बन गया था, इसलिए यह मुद्दा उस चुनाव में नहीं चल पाया। भाजपा न सिर्फ अयोध्या में हारी बल्कि उत्तर प्रदेश की 80 में से आधी से ज्यादा सीटों पर उसे हार का सामना करना पड़ा। केंद्र में उसकी सरकार भी जैसे-तैसे ही बन सकी। राम मंदिर बनने से पहले ही 2019 में अनुच्छेद 370 का मुद्दा भी खत्म हो चुका था। रही बात समान नागरिक संहिता लागू करने की, तो उसके लिए कुछ कवायदें हुईं लेकिन देश भर में लागू करना कई कारणों से संभव नहीं हो सका। इसलिए राज्यों के स्तर पर उसे लागू करना शुरू किया गया। उत्तराखंड पहला राज्य बना, जहां समान नागरिक संहिता लागू हुई। उसी की तर्ज पर गुजरात, असम, मध्य प्रदेश आदि भाजपा शासित राज्यों की सरकारों ने इसे अपने यहां भी लागू करने की बात कही है।

जहां तक गौहत्या पर राष्ट्रव्यापी पूर्ण प्रतिबंध की बात है, तो यह भाजपा की सरकार के लिए व्यावहारिक तौर पर संभव नहीं है। इसकी अहम वजह यह है कि गोमांस के वैश्विक बाजार में भारत दूसरे नंबर का सबसे बड़ा खिलाड़ी है और भाजपा के कई वित्त पोषक कारोबारी भारत में इस धंधे से जुड़े हुए हैं। इसलिए विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल जैसे भाजपा-आरएसएस के आनुषंगिक संगठन अपने कार्यकताओं को व्यस्त रखने, समर्थकों को बहलाने और मुसलमानों को डराने-चिढ़ाने के लिए समय-समय पर यह मुद्दा उठाते रहते हैं। इससे ज्यादा उनके लिए इस मुद्दे की कोई अहमियत नहीं है।

अब सवाल है कि इन मुद्दों के निबटारे के बाद आगे क्या? हिंदुत्व की ध्वजा फहराते हुए वोटों की खेती तो ध्रुवीकरण वाले किसी मुद्दे के जरिये ही हो सकती है। इस सिलसिले में लगता है कि भाजपा और आरएसएस ने अब घुसपैठ के मुद्दे को अपनाने का फैसला किया है। अब हर चुनाव में इस मुद्दे को जोर-शोर से उछाला जाएगा और इससे निबटने के नाम पर वोट मांगे जाएंगे। जाहिर है कि ऐसा करते हुए घुसपैठ की समस्या के लिए कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी पार्टियों पर घुसपैठ को बढ़ावा देने का आरोप लगाया जाएगा। यह बताने की जरूरत नहीं कि इसी मुद्दे के जरिये मुसलमानों के खिलाफ नफरत भी फैलाई जाएगी। हालांकि अभी यह नहीं कहा जा सकता कि यह मुद्दा भाजपा को चुनाव जीता देने में कितनी कारगर भूमिका अदा करेगा, क्योंकि झारखंड में यह मुद्दा पिट चुका है। वहां असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा को इस मुद्दे के चैंपियन के तौर पर उतार कर भाजपा ने बड़े जोर शोर से यह मुद्दा उठाया था लेकिन उसे बुरी तरह मुंह की खानी पड़ी थी। इसके बावजूद भाजपा ने हार नहीं मानी है और वह बिहार विधानसभा के चुनाव में इसे आजमा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित



शाह वहां अपनी हर चुनावी रैली में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठा रहे हैं।

मोदी ने इसी साल 15 अगस्त को लाल किले से ऐलान किया था कि सरकार एक उच्च अधिकार प्राप्त डेमोग्राफी कमीशन बनाएगी, जो घुसपैठ की समस्या का आकलन करेगा और इससे निबटने के उपाय सुझाएगा। गौरतलब है कि मोदी और उनकी सरकार की चिंता के केंद्र में चीन से होने वाली सैन्य घुसपैठ कतई नहीं है, जो कि अक्सर होती रहती है- कभी अरुणाचल प्रदेश में तो कभी लद्दाख में। उनकी चिंता का पूरा फोकस पाकिस्तान, बांग्लादेश और म्यांमार से होने वाली घुसपैठ पर है।

मोदी अब तक कु ल 12 मर्तबा बतौर पीएम लाल किले से भाषण दे चुके हैं तो उनमें से शुरू के 11 बार उनके भाषण में घुसपैठ की समस्या का कोई जिक्र नहीं हुआ। पहली बार घुसपैठ का जिक्र उन्होंने अपने 12वें भाषण में किया। जाहिर है कि राम मंदिर, अनुच्छेद 370, समान नागरिक संहिता के बाद पैदा हुए खालीपन को भरने के लिए एक नए मुद्दे की तलाश थी, जो घुसपैठ पर जाकर खत्म हुई है। हालांकि झारखंड के चुनाव में यह मुद्दा बेअसर रहा है लेकिन भाजपा ने हार नहीं मानी है। उसे मालूम है कि राम मंदिर और अनुच्छेद 370 के मुद्दों को भी दशकों तक सींचने के बाद वोटों की फसल लहलहाई है। इसलिए वह घुसपैठ का मुद्दा भी पूरे जोर-शोर से उठाती रहेगी। बिहार के बाद पश्चिम बंगाल और असम में भी इसे आजमाया जाएगा। इन तीन राज्यों के चुनावों को ध्यान में रखकर ही इस मुद्दे को चुना गया है।

सवाल है कि सरकार क्या सचमुच घुसपैठ की समस्या का समाधान करना चाहती है? यह सवाल इसलिए है क्योंकि पिछले 11 साल से केंद्र में लगातार भाजपा की सरकार है और अभी तक उसकी ओर से घुसपैठ रोकने का एक भी गंभीर प्रयास होता नहीं दिखा है। अमित शाह पिछले छह वर्षों से देश के गृह मंत्री हैं। इस बात का खूब ढिंढोरा पीटा जाता है उन्होंने सबसे लंबे समय तक गृह मंत्री बने रहने का रिकॉर्ड बनाया है। अलबत्ता गृह मंत्री के रूप में उनकी नाकामियों की कोई चर्चा नहीं होती है। हालांकि पिछले दिनों एक अखबार के कार्यक्रम में भाषण देते हुए अमित शाह बांग्लादेश से होने वाली घुसपैठ को रोकने में तो अपनी नाकामी खुद कु बूल कर चुके हैं। उन्होंने कहा, 'बांग्लादेश से लगी सीमा पर कई झरने, महासागर जैसी नदियां, बहुत सारी पहाड़ियां और विशाल जंगल हैं, जहां बाड़ नहीं लगी है और वहां से घुसपैठ कोई नहीं रोक सकता।'

बांग्लादेश की सीमा से होने वाली घुसपैठ के लिए 11 साल पहले की यूपीए सरकार को जिम्मेदार ठहराया जाता है और पश्चिम बंगाल सरकार पर हमला किया जाता है कि वह जमीन नहीं दे रही है। माना कि बंगाल सरकार जमीन नहीं दे रही है लेकिन सवाल यह है कि असम और त्रिपुरा से लगी सीमाओं पर बाड़ लगाने में क्या समस्या है? असम में 10 और त्रिपुरा में भी आठ साल से भाजपा की सरकार है। वहां 'डबल इंजन' की सरकारें होने के बावजूद बांग्लादेश से लगी सीमाओं पर बाड़ नहीं लगाई जा सकी है और इंसानों से लेकर पशुओं तक की तस्करी जारी है। पूर्वोत्तर के ज्यादातर राज्यों में भाजपा या उसके गठबंधन की सरकारें हैं लेकिन म्यांमार से आने वाले रोहिंग्या घुसपैठियों को नहीं रोका जा सका है। रोहिंग्या घुसपैठियों की समस्या तो बढ़ी ही पिछले 11 वर्षों में है।

अमित शाह ने घुसपैठ की समस्या को बड़ा मुद्दा बताते हुए कहा है कि इससे देश की जनसंख्या संरचना बदल रही है। इसके लिए उन्होंने सीमावर्ती जिलों के अधिकारियों को सचेत करते हुए निगरानी बढ़ाने को कहा है। सवाल है कि कोई चार साल पहले जब राज्यों के विरोध के बावजूद केंद्र सरकार ने सीमावर्ती राज्यों में सीमा या नियंत्रण रेखा से डेढ़ सौ किलोमीटर के अंदर तक निगरानी करने, जांच करने, छापा मारने और गिरफ्तार करने का अधिकार सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को सौंप दिया है, फिर भी घुसपैठ क्यों नहीं रूकी, जो अब सीमावर्ती जिले के अधिकारियों को सचेत किया जा रहा है? गौरतलब है कि पहले बीएसएफ को सीमा से 50 किलोमीटर अंदर तक जांच करने और संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार करने का अधिकार था, जिसे बढ़ाकर डेढ़ सौ किलोमीटर कर दिया गया है।

जब सीमा से लेकर 50 किलोमीटर तक की निगरानी बीएसएफ कर रही थी तो घुसपैठ कैसे बढ़ी और अब जबकि डेढ़ सौ किमी तक निगरानी उसके जिम्मे है तब भी घुसपैठ क्यों जारी है? सरकार के पास इन सवालों का कोई जवाब नहीं है। उसके पास है सिर्फ विपक्षी दलों और उनकी राज्य सरकारों पर लगाने के लिए आरोप, जो उसके नेता चुनावी रैलियों में लगाते रहते हैं।

# शहर जहां सौन्दर्य, संभावनाएं एवं संवेदनाएं बिछी हो

**-ललित गर्ग-**

**विश्व** शहर दिवस हर साल 31 अक्टूबर को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य शहरीकरण में अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की रुचि बढ़ाना, शहरीकरण की चुनौतियों का समाधान करने में देशों के बीच सहयोग को प्रोत्साहित करना और सतत विश्व नगर योजना को अधिक मानवीय, अपराधमुक्त एवं पर्यावरण संपोषक बनाना है। यह दिवस पहली बार 2014 में मनाया गया था। इसका उद्देश्य शहरीकरण के रुझानों, चुनौतियों और सतत शहरी विकास के दृष्टिकोण के बारे में अंतर्राष्ट्रीय जागरूकता बढ़ाना, अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना और समतामूलक, समृद्ध, टिकाऊ और समावेशी शहरों के निर्माण के वैश्विक प्रयासों में योगदान देना है जो अपने समुदायों को बेहतर रहने का वातावरण और जीवन की गुणवत्ता प्रदान करते हैं। इस वर्ष विश्व शहर दिवस का वैश्विक आयोजन कोलंबिया के बोगोटा में ह्यजन-केंद्रित स्मार्ट सिटीजह्व थीम पर आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर यह प्रदर्शित किया जाएगा कि डेटा-आधारित निर्णय लेने, तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का उपयोग शहरी जीवन को बेहतर बनाने और वर्तमान झटकों व संकटों से उबरने के लिए कैसे किया जा सकता है। इस अवसर पर जन-केंद्रित स्मार्ट सिटी पहलों को बढ़ावा देने पर भी ध्यान केंद्रित किया जाएगा। निश्चित ही शहर उस उम्मीद का माध्यम बने, जहां सौन्दर्य एवं संवेदनाएं अनेक रूपों में बिछी हो, जहां कुछ नया और कुछ पुराना, पर सब मनमोहक हो।

इस वर्ष का विषय इस बढ़ती मान्यता को दर्शाता है कि डिजिटल तकनीकों की परिवर्तनकारी शक्ति वैश्विक स्तर पर शहरी जीवन को नया रूप दे रही है और शहरों और मानव बस्तियों के डिजाइन, नियोजन, प्रबंधन और संचालन के तरीकों को बेहतर बनाने के लिए व्यापक अवसर प्रदान कर रही है। अभिनव विकास, जनोन्मुखी स्मार्ट शहर का निर्माण केन्द्रित थीम शहरी और डिजिटल दोनों तरह के बदलावों से चिह्नित इस युग में, शहर निवासियों को बेहतर सेवाएँ प्रदान करने और महत्वपूर्ण शहरी चुनौतियों और अवसरों का समाधान करने के लिए डिजिटल तकनीकी समाधानों और डेटा को तेजी से अपनाने पर बल देती हैं। ह्लसशक्त समुदाय, समृद्ध शहरह्व को बल देते हुए यह दिवस समुदायों को जागरूक, सहयोगी और आत्मनिर्भर करने की पहल



है ताकि शहर वास्तव में विकसित, संस्कृतिमय और समृद्ध बन सके। आज जब पूरी दुनिया तीव्र गति से शहरीकरण की ओर बढ़ रही है, तब यह दिवस आत्ममंथन का अवसर बन गया है कि क्या हमारे शहर केवल कंक्रीट की इमारतों और चकाचौंध का विस्तार बन रहे हैं या उनमें मानवीय संवेदनाओं, संस्कृति, पर्यावरणीय संतुलन और सामाजिक समरसता का पोषण भी हो रहा है।

भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नया भारत, विकसित भारत को विकसित करते हुए शहरीकरण का एक नया मॉडल प्रस्तुत हुआ है, जिसने शहरों के विकास को केवल भौतिक संरचनाओं तक सीमित न रखकर जीवन मूल्यों और नागरिक सहभागिता से जोड़ा है। अमृत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वस्थ भारत मिशन, स्मार्ट शहर योजना और स्वच्छ भारत अभियान जैसी योजनाओं ने शहरों के ढांचे में नई चेतना का संचार किया है। इन योजनाओं ने यह साबित किया है कि जब सरकार की नीतियों में जनता की भागीदारी और पारदर्शिता जुड़ती है तो विकास केवल आंकड़ों में नहीं, व्यवहार में भी दिखने लगता है। शहरीकरण का अर्थ केवल ऊंची इमारतें, चौड़ी सड़के और चमकदार बाजार नहीं है, बल्कि यह एक जीवंत सामाजिक प्रक्रिया है जिसमें जीवन स्तर, विचार और व्यवहार की गुणवत्ता निहित होती है। शहरों ने मनुष्य को रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुविधा दी है, लेकिन इसी के साथ प्रदूषण, भीड़, तनाव, अपराध, असमानता और मानवीय रिश्तों की दूरी भी दी है। हर बड़ा शहर आज सांस लेने के लिए हवा, पीने के लिए स्वच्छ पानी और जीने के लिए शांति तरस रहा है। विकास के नाम पर प्रकृति का ह्रास हो रहा है और भौतिक प्रगति के साथ मानसिक थकान बढ़ रही है।

भारत के प्राचीन नगर जैसे काशी, उज्जैन, पुष्कर, मथुरा और अयोध्या केवल व्यापारिक या राजनीतिक केंद्र नहीं थे, वे संस्कृति, अध्यात्म और सह-अस्तित्व की जीवंत प्रयोगशालाएं थे। वहां नगर का अर्थ केवल रहने की जगह नहीं, जीने की कला था। आज के नगर यदि इन मूल्यों को फिर से अपनाएं तो वे केवल आधुनिक ही नहीं, मानवीय भी बन सकते हैं। पश्चिम के देशों में शहरीकरण तकनीकी दक्षता और सुविधाओं की दृष्टि से आगे है, पर वहां मानवीय ऊष्मा और आत्मीयता का अभाव है। भारत यदि अपने शहरीकरण में मानवता, पर्यावरण और संस्कृति का संगम बनाए रखे तो वह पूरी दुनिया के लिए एक आदर्श प्रस्तुत कर सकता है। शहर तब सचमुच जीवंत बनेंगे जब उनमें रहने वाले लोग पर्यावरण के प्रति संवेदनशील, सामाजिक रूप से जागरूक और मानवीय दृष्टि से समर्पित होंगे। प्रदूषण को रोकना, हरियाली बढ़ाना, स्वच्छता को जीवनचर्या बनाना, झुग्गी बस्तियों को सम्मानजनक आवास देना, जनसहभागिता और नागरिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करना ही वास्तविक शहरीकरण का मार्ग है।

भारत के शहर आज तेजी से बदल रहे हैं। मेट्रो, ऊँची इमारतें, चौड़ी सड़कों और चमकदार मॉलों ने इनका नया चेहरा गढ़ दिया है। यह परिवर्तन विकास की चमक दिखाता है, पर इसके भीतर एक गहरी पीड़ा भी छिपी है, कहीं न कहीं शहरों की आत्मा, उनकी पहचान, उनकी गर्माहट खोती जा रही है। जो गलियां कभी अपनत्व और रिश्तों की खुशबू से महकती थीं, वे अब भागदौड़, भीड़ और उदासीनता का प्रतीक बन गई हैं। स्वतंत्रता के बाद भारत ने आधुनिकता की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाए, पर इस भौतिक विकास की दौड़ में मानवीय संवेदनाएं और सामाजिक संबंध पीछे छूट गए। शहरों का विस्तार अब मनुष्य की जरूरतों के बजाय बाजार की मांगों के अनुसार हो रहा है। नई कॉलोनियाँ और ऊँची इमारतें पुराने मोहल्लों की जगह ले रही हैं, पर उनके भीतर वह आत्मीयता एवं संवेदनशीलता नहीं जो कभी लोगों के दिलों को जोड़ती थी। शहर अब केवल रहने की जगह नहीं रहे, वे उपभोक्तावाद और प्रतिस्पर्धा के केंद्र बन गए हैं। आधुनिकता ने सुविधा तो दी है, पर उसने संस्कृति, इतिहास और परंपरा के रंग फीके कर दिए हैं। स्मृतियों के जिन चौकों पर कभी संवाद और संवेदना का संसार बसता था, वहाँ अब केवल मशीनों की आवाजें और जल्दबाजी का शोर है।

नई पीढ़ी के लिए शहर अब केवल रोजगार, ग्लैमर और अवसर का माध्यम हैं। उसमें अपने शहर की आत्मा को समझने का भाव कम होता जा रहा है। यह सवाल अब और गहराता जा रहा है कि क्या विकास का अर्थ केवल ऊँची इमारतें, चौड़ी सड़कें और मॉल हैं, या फिर उसमें मानवीय रिश्तों की ऊष्मा, संस्कृति और इतिहास का जीवंत अहसास भी शामिल होना चाहिए? आज के शहर चमकते तो हैं, पर भीतर से कहीं खाली हैं। उनमें सुविधाएँ हैं पर सुकून नहीं, रफ्तार है पर रूह की स्थिरता नहीं। यह समय हमें सोचने पर विवश करता है कि क्या हम ऐसे शहर बना रहे हैं जहाँ मनुष्य के लिए जगह बची रहे, जहाँ इतिहास और संवेदना साथ-साथ सांस ले सकें। असली विकास वही होगा जहाँ शहरों का विस्तार हो, पर इंसानियत की जड़ें भी उतनी ही गहरी बनी रहें। विश्व शहर दिवस का संदेश यही है कि शहर केवल दीवारों और सड़कों का जाल नहीं, बल्कि जीवन की एक संस्कृति हैं। जब शहर में रहने वाला नागरिक अपने भीतर संवेदनशीलता, सादगी और सामाजिक उत्तरदायित्व को जाग्रत रखता है, तभी वह शहर वास्तव में सुंदर बनता है। शहर की सुंदरता उसकी इमारतों में नहीं, बल्कि वहां रहने वाले मनुष्यों के विचारों, व्यवहारों और संवेदनाओं में बसती है। जब समुदाय सशक्त होंगे, तब ही शहर समृद्ध होंगे, और जब शहर समृद्ध होंगे, तब ही मानवता सचमुच प्रगतिशील होगी।

# भाजपा, कांग्रेस, राजद छोटे सहयोगियों को ज्यादा सीटें देने को मजबूर

**– तीर्थंकर मित्रा**

**बिहार** के मेहनतकश मजदूर देश के हर राज्य में अच्छी-खासी संख्या में पाए जाते हैं। इस चुनावी राज्य में बेरोजगारी की दर राष्ट्रीय औसत से ज्यादा है। लेकिन आने वाले चुनावों के दावेदार इससे बेपरवाह नजर आ रहे हैं। बिहार के युवाओं के पलायन को रोकने के बजाय, चुनाव लड़ रहे राजनीतिक दल चुनावी सफलता हासिल करने के लिए सोशल इंजीनियरिंग में लगे हुए हैं। जाति व्यवस्था के प्रभुत्व को बिहार का अभिशाप बताया जाता रहा है, लेकिन अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस के क्षेत्रीय सहयोगियों को सीटों का बड़ा हिस्सा मिल रहा है, ताकि जातिगत समीकरण न बिगड़ें। मतदान व्यवहार में जाति की निर्णायक भूमिका को अच्छी तरह समझते हुए, दोनों राष्ट्रीय स्तर की पार्टियों के नेतृत्व ने अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित निर्वाचन क्षेत्रों को क्षेत्रीय सहयोगियों के लिए छोड़ दिया है। कांग्रेस और भाजपा के बीच वंचित वर्गों के कम प्रतिनिधित्व, आरक्षण और संविधान को लेकर वाकयुद्ध छिड़ गया है। हाल ही में हुई घटनाएं भी यही कहानी बयां करती हैं। बिहार के राजनीतिक पर्यवेक्षक इस घटनाक्रम से हैरान हैं। लेकिन वास्तविक राजनीति के उनके ज्ञान को देखते हुए, उनका आश्चर्य अल्पकालिक है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि दो चरणों वाले बिहार विधानसभा चुनाव में जाति का मुद्दा अन्य मुद्दों पर हावी है। लेकिन पहली नजर में ऐसा लगता है कि मुख्य चुनावी मुद्दा बेरोजगारी और एक बड़े हिस्से का दूसरे राज्यों में पलायन, मुख्य चुनावी मुद्दा होना चाहिए था। बिहार के मेहनतकश मजदूर देश के हर राज्य में अच्छी-खासी संख्या में पाए जाते हैं। इस चुनावी राज्य में बेरोजगारी की दर राष्ट्रीय औसत से ज्यादा है। लेकिन आने वाले चुनावों के दावेदार इससे बेपरवाह नजर आ रहे हैं। बिहार के युवाओं के पलायन को रोकने के बजाय, चुनाव लड़ रहे राजनीतिक दल चुनावी सफलता हासिल करने के लिए सोशल इंजीनियरिंग में लगे हुए हैं। बिहार में हिंदू वोट पांच उप-विभाजनों में बंटे हैं: सामान्य वर्ग या उच्च




जातियां, यादव और अन्य पिछड़ी जातियां, अत्यंत पिछड़ी जातियां (ईबीसी), दलित और जनजाति। कुल मतदाताओं में मुस्लिम मतदाताओं की संख्या 17.7 प्रतिशत है।

दूसरी ओर, अति पिछड़ा वर्ग के मतदाता 36 प्रतिशत हैं। इसके बाद ओबीसी हैं, जिनकी हिंदू वोटों में 27.12 प्रतिशत हिस्सेदारी है। हिंदू वोटों में तीन प्रतिशत और हैं। सवर्णों की हिस्सेदारी 15.52 प्रतिशत, दलितों की 19 प्रतिशत और जनजाति की 1.68 प्रतिशत है। भाजपा अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित 38 सीटों में से केवल 11 पर चुनाव लड़ रही है। जद(यू) अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित 15 सीटों पर चुनाव लड़ रही है, जबकि लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) आठ अनुसूचित जाति सीटों पर चुनाव लड़ रही है। यह बताना जरूरी है कि लोजपा (रामविलास) का मुख्य मतदाता वर्ग दलित हैं। हिंदुस्तान आवाम मोर्चा (सेक्युलर) ने चार अनुसूचित जाति आरक्षित सीटों पर उम्मीदवार खड़े किए हैं। अगर एनडीए को लगा कि जीत का फॉमूर्ला तैयार होने के बाद वह आराम से बैठ गया है, तो उसकी खुशी ज्यादा देर तक नहीं टिकी। कांग्रेस ने 11 अनुसूचित जाति आरक्षित सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं। राजद 20 अनुसूचित जाति आरक्षित सीटों पर चुनाव लड़ रही है। सीपीआई (एम-एल) छह सीटों पर और सीपीआई दो ऐसी सीटों पर चुनाव लड़ रही है। विकासशील इंसान पार्टी ऐसी एक सीट पर चुनाव लड़ रही है। इस प्रकार, अगले महीने होने वाले चुनावी मुकाबले से पहले दोनों विरोधी गठबंधन बराबरी की स्थिति में दिख रहे हैं। 2020 के चुनावों में महागठबंधन और एनडीए की सीटों के बंटवारे ने दोनों गठबंधनों के नेताओं को 2025 की चुनावी योजना बनाते समय सोच-विचार करने पर मजबूर कर दिया है। 38 एससी आरक्षित सीटों में से, 2020 के चुनावों में 21 एनडीए ने जीती थीं, जबकि 17 महागठबंधन के खाते में गईं। भाजपा 15 एससी आरक्षित सीटों पर चुनाव लड़ी थी और नौ पर जीत हासिल की, उसके बाद जेडी(यू) ने 17 सीटों पर उम्मीदवार उतारे और आठ पर जीत हासिल की। हिंदुस्तान आवाम पार्टी पांच सीटों पर चुनाव लड़ी और तीन पर जीत हासिल की, जबकि विकासशील इंसान पार्टी ने एकमात्र सीट जीती जिस पर उसने चुनाव लड़ा था। एनडीए में शामिल क्षेत्रीय दल 23 एससी आरक्षित सीटों पर चुनाव लड़े और उनमें से 12 पर जीत हासिल की। निष्पक्षता से कहें तो, इसने उन्हें 2025 के चुनावों में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीटों के लिए प्रबल दावेदार बना दिया। महागठबंधन के सहयोगियों में से, राजद 19 अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीटों पर चुनाव लड़ी और उनमें से नौ पर विजयी रही। कांग्रेस ने 13 में से चार सीटें जीतीं, उसके बाद भाकपा (माले) ने तीन अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीटें जीतीं और भाकपा ने एक सीट जीती। पिछले चुनाव में एनडीए गठबंधन में क्षेत्रीय दलों ने सीटों की संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी। जहां तक महागठबंधन की बात है, क्षेत्रीय दलों के चुनावी प्रदर्शन ने सुनिश्चित किया कि अगले चुनावों में उनके दावों को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा। 2020 में, 38 अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित निर्वाचन क्षेत्रों में से, जदयू ने 11 सीटों पर बढ़त बनाई थी। इसके बाद भाजपा और लोजपा (रालोद) ने छह-छह सीटों पर बढ़त बनाई थी। महागठबंधन में, कांग्रेस केवल दो सीटों पर आगे रही।

# कांग्रेस की जड़ें हिलाने वाला युवा अब विकास की नई गाथा लिख रहा है : अनूप गुप्ता

- युवा मोर्चा सम्मेलन में गूंजा मोदी मंत्र
- भाजपा ने दिखाई आगामी चुनाव की झलक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** ब्रजधाम के बृंदावन गार्डन में रविवार को भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा का सम्मेलन जोश, जूनून और राष्ट्रवाद के नारों से गूंज उठा। सम्मेलन की अध्यक्षता जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष ने की, जबकि मंच पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महामंत्री व कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र प्रभारी अनूप गुप्ता मौजूद रहे। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सौरभ



सम्मेलन में मौजूद कार्यकर्तागण

दीक्षित, जिला अध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र और पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय की उपस्थिति ने सम्मेलन को ऐतिहासिक बना दिया। मुख्य अतिथि अनूप गुप्ता ने कहा कि यह देश युवाओं का देश है, जिसने आजादी की लड़ाई से लेकर सत्ता परिवर्तन तक हर दौर में अपनी ताकत साबित की है। उन्होंने कहा कि जब युवाओं ने चाहा, तब कांग्रेस की भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंका और मोदी जी के नेतृत्व में साफ-सुथरी सरकार दी। उन्होंने बताया कि भाजपा ने युवाओं के लिए योजनाओं और अवसरों की झड़ी लगाई, जिससे आज का युवा हर क्षेत्र में देश का मान बढ़ा रहा है। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सौरभ दीक्षित ने कहा कि युवाओं को सही मंच और असली भागीदारी भाजपा सरकार में ही मिली है, जबकि जिला अध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य ने कहा कि भाजपा संगठन ही वह पार्टी है, जहां युवा निर्णयों में बराबर की भूमिका निभाता है। पूर्व सांसद ने कहा कि युवा मोर्चा राजनीति का गुरुकुल है, जहां से निकलकर युवा देश की दिशा तय कर सकता है। कार्यक्रम में जिले भर से सैकड़ों युवाओं की उपस्थिति ने साबित कर दिया कि चित्रकूट की धरती पर अब युवा संकल्प- भाजपा विजयी की पुकार गूंज रही है।

## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और सामाजिक कुरीतियों से लड़ने के लिए किया प्रेरित




**अखंड भारत संदेश**

**थरवई।** बेटियों की सुरक्षा ही मिशन शक्ति फेज 5.0 का मुख्य उद्देश्य है। जिसके लिए जनपद के प्रत्येक थानों द्वारा मिशन शक्ति टीम द्वारा अभियान चलाया अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें शिक्षण संस्थाओं, प्रमुख चौराहों, बाजारों, भीड़ - भाड़ वाले स्थान व चौपाल द्वारा उन्हें महिलाओं, बेटियों व बालिकाओं की सुरक्षा व उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन्हें मिशन शक्ति के तहत प्रेरित किया जा रहा है। आज जैसा कि देखा जा रहा है निडरता के साथ बेटियां घर से बाहर निकल रही है और अपने लक्ष्य की ओर बढ़ रही है। वहीं सरकार द्वारा चलाई जा रही मिशन शक्ति अभियान जिसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं बेटियों की सुरक्षा के लिए व सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाएं सभी तक पहुंचे और लाभ लाभ उठाए। आज वर्तमान समय में यह अभियान सफल साबित हो रहा है। गुरुवार को थाना क्षेत्र थरवई अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय रामपुर दुवारी में मिशन शक्ति अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम में उपस्थित रहीं मुख्य अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी सोरांव सुमन मिश्रा, विशिष्ट अतिथि के रूप में रहे एसीपी थरवई चंद्रपाल सिंह, थाना प्रभारी थरवई संतोष कुमार पांडेय, मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी निधि व नोडल गीता यादव आदि सभी को माला व बैज लगाते हुए भव्य स्वागत गीत के साथ उनका स्वागत किया। वही छात्राओं ने मिशन शक्ति पर सभी को जागरूक व अपने अधिकार को जाने और सशक्त बनें जिस पर बच्चियों ने अपनी मधुर मधुर प्रस्तुतियां दी। इस मौके पर मुख्य अतिथि सुमन मिश्रा ने शिक्षा की महत्वता को बताते हुए चलाई जा रही लाभप्रद योजना के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर एसीपी थरवई चंद्रपाल सिंह ने इस मिशन शक्ति कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं व बेटियों को उनके अधिकार को लेकर बड़े ही विस्तार तरीके से सरल शब्दों में जानकारी दी गई। बेटियां कैसे अपने आप को सुरक्षित रख सकती हैं और अगर कोई भी व्यक्ति उनसे छेड़ - छाड़ करे या किसी भी तरह से परेशान करें तो ऐसे घबरायें नहीं दिए हेल्प लाइन नंबरों का प्रयोग करें और एसीपी थरवई ने शिक्षा की महत्वता पर प्रकाश डालते हुए विशेष बल दिया गया और बताया की शिक्षा की एक ऐसी सीढ़ी है जो सफलता के हर द्वार को खोलती है। जब आप शिक्षित होंगे तभी आपका परिवार भी शिक्षित होगा। इसी दौरान एसीपी थरवई ने बताया विद्यालय में एक ड्राप बॉक्स की व्यवस्था की जाएगी और किसी भी महिला सम्बंधित कोई समस्या हो तो ड्राप बॉक्स में अपनी समस्या को लिखकर डाल सकती है की बात कही।यातायात को लेकर जानकरी देते हुए जागरूक किया गया। व कार्यक्रम इस जागरूकता कार्यक्रम के दौरान तीन नए आपराधिक कानूनों भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा, संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम के सम्बन्ध में जागरूकता अभियान चलाकर जागरूक किया गया।

## बोलेरो बनी मौत की रफ्तार- चित्रकूट में दो दर्दनाक हादसे, तीन की मौत, कई घायल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले में बुधवार की रात से गुरुवार तक सड़कों पर बोलेरो का कहर मौत बनकर टूटा। भरतकूप थाना क्षेत्र के बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर और कर्वी कोतवाली के मंदाकिनी पुल पर हुए दो दर्दनाक हादसों ने पूरे जनपद को दहला दिया। पहला हादसा भरतकूप क्षेत्र में देर रात हुआ, जब पुनाहुर, बिसंडा (बांदा) निवासी बालवीर पुत्र रामस्वरूप व उसका साथी शिवमूरत पुत्र श्रीपाल नई बाइक खरीदकर खुशी-खुशी चित्रकूट दर्शन को जा रहे थे। जैसे ही दोनों युवक टोल प्लाजा के पास पहुंचे, पीछे से तेज रफ्तार बोलेरो ने उन्हें टक्कर मार दी। बालवीर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि शिवमूरत गंभीर रूप से घायल हो गया। बोलेरो चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया और




आरोपी की तलाश शुरू कर दी। दूसरा हादसा गुरुवार शाम अमानपुर मंदाकिनी पुल पर हुआ, जब कर्वी बाजार से लौट रही आरती देवी (40) अपने पति सिपाही निषाद और बेटे सीताराम के साथ बाइक पर थीं। पीछे से आई बोलेरो ने ई-रिक्शा को टक्कर मारी, जो पलटकर सीधे परिवार पर गिर पड़ा। आरती देवी की मौके पर मौत हो गई, जबकि पति, बेटा और ई-रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद पुल पर एक किलोमीटर लंबा जाम लग गया।

## ट्रेजरी घोटाले में पेंशनरों की दुर्दशा पर बिफरे कांग्रेस नेता- असली चोर बाहर, बूढ़े पेंशनर अंदर

- पेंशनर बना बलि का बकरा
- डीएम व कोषाधिकारी पर सीबीआई जांच की मांग

**चित्रकूट।** ट्रेजरी घोटाले की आग अब और भड़क उठी है। कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष पंकज मिश्र ने एक बार फिर सीबीआई जांच की मांग दोहराते हुए प्रशासन पर तीखे प्रहार किए। उनका कहना है कि जिन पेंशनरों को पुलिस ने जेल भेजा है, वे असल में इस साजिश के मोहरे हैं, जबकि असली दोषी खुलेआम सत्ता की छांव में बैठे हैं। पंकज मिश्र ने कहा कि जिनके नाम एफआईआर में होने चाहिए थे, वे आज जांच के निर्णायक बन


कांग्रेसी नेता पंकज मिश्र

बैठे हैं। उन्होंने वरिष्ठ कोषाधिकारी को पहला आरोपी ठहराते हुए कहा कि जब तक उन्हें रिमांड पर लेकर सख्ती से पूछताछ नहीं होगी, तब तक सच सामने नहीं आएगा। उन्होंने तर्क दिया कि यदि सरकारी अधिकारियों ने पेंशनरों के खातों में रुपए भेजे, तो दोष सिर्फ पेंशनरों का कैसे ठहराया जा सकता है? जिले का हर कलेक्टर, जिसने ट्रेजरी का चार्ज लिया, तकनीकी रूप से जिम्मेदार है- तो क्या उन्हें भी दोषी नहीं ठहराया जाना चाहिए? आगे कहा कि 2015 घोटाले के आरोपी खुले आम डीएम के आस पास दिख रहे हैं, कैसे संभव है कि उन आरोपियों का कोई लिंक नही है? फिर भी कोई कार्रवाई न करना जांच पर बडा सवाल उठाता है। जिलाधिकारी के तबादले पर तंज कसते हुए कहा कि सरकार ने अपनी किरकिरी छिपाने के लिए उन्हें दूसरी जगह भेज दिया, लेकिन भ्रष्टाचार के दाग वहीं छोड़ दिए। मिश्र ने कहा कि पेंशनर भागने वाले नहीं थे, नहीं तो पुलिस इतनी आसानी से पकड़ नहीं पाती। उन्होंने संदीप श्रीवास्तव की मौत को भी पुलिस की नाकामी करार देते हुए कहा- यह मौत नहीं, प्रशासनिक असंवेदनशीलता की सजा है। कांग्रेस नेता ने साफ चेतावनी दी कि वह इस घोटाले के असली दोषियों को बचने नहीं देंगे।

## खेत से लौटकर 20 वर्षीय युवती की फांसी से मौत

**चित्रकूट।** कर्वी कोतवाली क्षेत्र के खरौंध बड़ारतीर गांव में बुधवार शाम उस वक्त सनसनी फैल गई, जब 20 वर्षीय युवती कौशल्या पुत्री राम सवारे ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया गया कि कौशल्या खेत से जल्दी घर लौट आई थी और शाम छह बजे कमरे में जाकर दुपट्टे से फंदा बनाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। लगभग एक घंटे बाद जब उसकी बहन अंजलि घर पहुंची, तो कौशल्या को फंदे पर लटकता देख दहाड़ मारकर रो पड़ी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर गुरुवार दोपहर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। गांव में सन्नाटा है, परिवार सदमे में। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है, पर यह घटना सवाल छोड़ गई है कि आखिर किस दर्द ने कौशल्या को जिंदगी से जुदा होने पर मजबूर किया?

## जिला कोषागार में 43 करोड़ घोटाले में एसआईटी की बड़ी कार्रवाई, 30 आरोपी गिरफ्तार- 2.76 करोड़ जमा

- एक दिन में लौटे 1.18 करोड़ रुपए
- जांच जारी

**चित्रकूट।** कोषागार चित्रकूट में पेंशनरों के खातों में हुई अनियमितताओं का मामला अब एसआईटी की बड़ी कार्रवाई में बदल गया है। वरिष्ठ कोषाधिकारी ने बताया कि कोषागार में पेंशन प्राप्त कर रहे समस्त पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों को अपने जीवित प्रमाण-पत्र, नवीनतम रंगीन फोटो, बैंक पासबुक की मूल प्रति, आधार की छायाप्रति और पेंशनर परिचय पत्र के साथ एक माह के भीतर कोषागार में उपस्थित होना अनिवार्य है। वयोवृद्ध या अस्वस्थ पेंशनर घर बैठे सत्यापन करा सकते हैं। इसी अनियमितताओं की जांच के दौरान 43.11 करोड़ रुपये के घोटाले का खुलासा हुआ। एसआईटी ने इस मामले में सहायक कोषाधिकारी विकास सचान, लेखाकार अशोक कुमार सहित 15 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया, जिससे कुल गिरफ्तारियों की संख्या बढ़कर 30 हो गई है। इनमें 2 कोषागार कर्मचारी, 24 पेंशनर और 4 दलाल शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि जांच अभी पूरी तरह से समाप्त नहीं हुई है और बाकी आरोपियों की तलाश की जा रही है। अब तक इस घोटाले में 27,65,863 रुपये की वसूली हो चुकी है, जिनमें से 11,85,816 रुपये की राशि गुरुवार को ही रिकवर की गई।

## स्कूली बच्चों से भरी बस पलटी- मासूमों की चीखों से गूंजा राजापुर, बाल बाल बचे नौनिहाल

- अफरा-तफरी, परिजन दहशत में
- दिल दहला देने वाला हादसा

**राजापुर/चित्रकूट।** थाना क्षेत्र के कुई करौंदी गांव में गुरुवार की सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब स्कूली बच्चों से भरी एक बस अनियंत्रित होकर पलट गई। बस बच्चों को स्कूल ले जा रही थी, तभी अचानक तेज मोड़ पर चालक का नियंत्रण बिगड़ गया और बस जमीन पर उलट गई। चीख-पुकार मच गई, बच्चे रोने लगे और आसपास के लोग दौड़ पड़े। हादसे का मंजर इतना भयावह था कि कुछ क्षणों के लिए पूरा क्षेत्र सन्न रह गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से बच्चों को बाहर निकाला और घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से राजापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) भेजा, जहां चिकित्सकों की टीम


बच्चों से भरी पलटी स्कूल बस

इलाज में जुटी है। हालांकि रैपुरा थाना प्रभारी ने दावा किया है कि सभी बच्चे सुरक्षित हैं और किसी को गंभीर चोट नहीं आई है। हादसे की सूचना मिलते ही अभिभावकों का दिल बैठ गया। अस्पताल परिसर में माताओं की रुलाई और पिता की चिंता देखते ही बनती थी। क्षेत्रवासियों ने परिवहन विभाग और स्कूल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि आए दिन पुरानी बसों को चलाकर बच्चों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। सवाल है कि मासूमों की सुरक्षा आखिर किसके भरोसे है- सरकार के या भगवान के?

**लापरवाही की रफ्तार से टकराई बस**

स्कूल बस पलटने का यह हादसा किसी संयोग का नहीं, बल्कि घोर लापरवाही का नतीजा था। बताया जा रहा है कि राजाराम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की यह बस बिना परमिट और बिना फिटनेस के पिछले पांच सालों से चल रही थी। न तो उसका


मौके पर पलटी स्कूल बस को सीधा करते ग्रामीण

रजिस्ट्रेशन नवीनीकरण हुआ था, न ही सुरक्षा मानकों की जांच। हादसे के वक्त बस में 50 से ज्यादा स्कूली बच्चे भरे हुए थे। हैरानी की बात यह रही कि पुलिस को मौके पर पहुंचने में घंटों लग गए, तब तक ग्रामीणों ने खुद मोर्चा संभाला और उलटी बस को सीधा कर बच्चों को बाहर निकाला। आरोप लगे कि स्कूल प्रबंधक की लापरवाही ने मासूमों की जान जोखिम में डाल दी, लेकिन गनीमत रही कि सभी बच्चे बाल-बाल बच गए। सवाल है कि क्या अब भी प्रशासन जागेगा या अगली दुर्घटना का इंतजार करेगा?

**क्या बोले अधिकारी?**

एआरटीओ राम सिंह ने बताया कि मौके पर पहुंच कर हमने देखा कि बस फिसल गई थी जिस वजह से बस पलट गई, लेकिन किसी बच्चे को कोई चोट नहीं आई, बस के 15 साल पूरे हो गए हैं इसलिए फिटनेस एक्सपायर हो चुका है। हमने पहले भी कई नोटिस पंजीयन निरस्त करवाने की दी हैं और पंजीयन निरस्त करवाने को सख्त हिदायत आज भी दिए हैं। अगर पंजीयन निरस्त नहीं करवाते तो आगे सख्त कार्यवाही होगी।

## वायरल वीडियों में सफाईकर्मी ने एडीओ पर लगाया 5 हजार रिश्वत का आरोप, दी आत्महत्या की चेतावनी

- वायरल वीडियो प्रशासन के लिए चेतावनी
- वेतन जारी करने के नाम पर रिष्वत की मांग

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट (रामनगर)।** एक वायरल वीडियो ने जिले को झकझोर दिया है जिसमें रामनगर ब्लॉक के सफाईकर्मी रामनारायण उर्फ रामबाबू ने सीधे-सीधे एडीओ पंचायत पर 5000 रुपए रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है और कहा है कि वेतन जारी करने के बहाने अधिकारी पैसे मांग रहा था।


सोशल मीडिया में अपनी समस्या बताता सफाईकर्मी रामनारायण

वीडियो में भावुक सफाईकर्मी स्पष्ट रूप से कहता है कि वेतन नहीं दिए मेरे घर का खर्च कैसे चलेगा? और आगे जाकर उसने आत्महत्या करने की चेतावनी भी दे डाली। रामबाबू ने बताया कि अधिकारी बार-बार नोटिस देने की बात कहकर नौकरी से निकाल देने की धमकी देता रहा, जिससे वह मानसिक दबाव में आ गया और उसने सार्वजनिक रूप से न्याय व प्रशासनिक हस्तक्षेप की मांग की। यह मामला न सिर्फ व्यक्तिगत शोषण का है, बल्कि सरकारी संस्थाओं पर गम्भीर आरोप भी लगाता है कि वेतन-अधिकार के साथ खिलवाड़ और पद का दुरुपयोग। लोकजीवन के हक के लिए काम करने वाले सफाईकर्मियों की हालत पर यह घटना नगर प्रशासन व पंचायत अधिकारीयों की संवेदनशीलता पर प्रश्न चिन्ह लगाती है। स्थानीय लोगों व कर्मचारियों ने प्रशासन से तत्काल, निष्पक्ष और मित्रकारी जांच तथा आरोपी अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई है ताकि किसी भी मेहनतकश को न्याय से वंचित न होना पड़े और किसी को अपनी जान देनी न पड़े।

**ऑफिसियल जवाब**

इस संबंध में ग्राम पंचायत देऊधा, रूपौली, बल्हौरा, रगौली व भखरवार में तैनात सफाईकर्मियों रामनारायण, अंकित कुमार, हीरालाल, सुनील कुमार व अखिलेश को नोटिस जारी किया है। जिसमें प्रशासन ने आरोप लगाया कि 20 अक्बूबर के दीपावली अमावस्या मेले के निरीक्षण के दौरान ये कर्मचारी अपनी ड्यूटी क्षेत्र से अनुपस्थित पाए गए और मेले में साफ-सफाई का अभाव पाया गया। नोटिस में कहा गया है कि यह आचरण नियमावली के विपरीत और पदीय दायित्वों में घोर लापरवाही है। कर्मचारियों को 2 दिनों के भीतर औचित्यपूर्ण स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के लिए उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है, अन्यथा वेतन अवरुद्ध और अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

## मऊ व बेड़ी पुलिया छात्रावास में मिलेगा मौका, 25 नवंबर तक करें आवेदन

**चित्रकूट।** समाज कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश की ओर से अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा, सामान्य वर्ग व दिव्यांग छात्रों के लिए बड़ी खुशखबरी आई है। जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ वैभव त्रिपाठी ने बताया कि मऊ और बेड़ी पुलिया कर्वी स्थित राजकीय छात्रावासों में सत्र 2025-26 हेतु प्रवेश के लिए आवेदन मांगे गए हैं। इच्छुक विद्यार्थी यूपीएसडब्लूडीएचएमएस पोर्टल पर 25 नवंबर तक ऑनलाइन आवेदन करें तथा प्रमाणित हार्ड कॉपी संबंधित छात्रावास कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में जमा करें।

## सीएम युवा अभियान से बिना किसी दलाली के युवाओं को मिलेगा 5 लाख का ब्याजमुक्त ऋण

- ऑनलाइन मिलेगी पूरी सहायता
- युवाओं का भविष्य सरकारी भरोसे नही

**चित्रकूट।** अब युवाओं के हाथों में नौकरी की नहीं, रोजगार रचने की चाबी होगी। उत्तर प्रदेश सरकार ने युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की शुरूआत की है। उप आयुक्त उद्योग एसके केशरवानी ने बताया कि इस योजना के तहत युवाओं को 5 लाख रुपये तक का ब्याजमुक्त ऋण बैंकों के माध्यम से प्रदान किया जा रहा है। वर्ष 2025-26 में चित्रकूट जनपद को 1200 लाभार्थियों का लक्ष्य मिला है, जिनमें से अब तक 500 युवाओं को ऋण वितरण किया जा चुका है। यह योजना 21 से 40 वर्ष तक के ऐसे युवाओं के लिए है जो कम से कम आठवीं पास हैं और उद्योग लगाने की इच्छा रखते हैं। आवेदन की प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क और ऑनलाइन है। प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करने की सुविधा भी पोर्टल पर स्वतः उपलब्ध है, जिससे युवाओं को अब किसी एजेंट या दलाल के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। योजना के अंतर्गत 100 प्रतिशत ब्याज अनुदान चार वर्षों तक दिया जाएगा, जबकि परियोजना लागत का 10 प्रतिशत स्वयं का अंशदान आवश्यक होगा। तंबाकू, शराब, पटाखा, या प्रतिबंधित उत्पाद इससे बाहर रखे गए हैं। जिलाधिकारी ने सभी बैंकों को निर्देशित किया है कि लंबित आवेदनों पर तत्काल कार्यवाही करें, ताकि एक भी युवा अवसर से वंचित न रहे। मिनी राइस मिल, बेकरी, अगरबत्ती यूनिट, सिलाई, टेंट हाउस, डेयरी व अन्य छोटे उद्योगों में हाथ आजमाने वाले युवा अब सीधे एमएसएमई के पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं।

## गोपाष्टमी पर कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने सपरिवार की गोपूजा, गौशाला में फैलाया प्रेम

**चित्रकूट।** गोपाष्टमी के पावन पर्व पर महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने सपरिवार अपनी उपस्थिति से गौशाला को श्रद्धा और उत्साह से भर दिया। उन्होंने वैदिक विधि से गोपूजा और अर्चना की और गायों, बछियों, बैलों और बछड़ों को अपनी घरेलू रसोई में बनी पूड़ी, कचौड़ी, सब्जी, गुड़ और खोए के लड्डू खिलाए। कुलगुरु ने गौशाला में पल रहे गोवंश को दुलारते हुए गोसेवा का महत्व बताते हुए कहा कि गाय में 33 करोड़ देवी-देवताओं का वास है और उनकी पूजा से सुख, समृद्धि और पुण्य की प्राप्ति होती है। बताया कि गोपूजा और सेवा से घर में स्वास्थ्य, शांति और पापों का नाश होता है। इस अवसर पर कृषि संकाय के शिक्षक, कर्मचारी और गौशाला स्टाफ उपस्थित रहे और कार्यक्रम का आयोजन गौशाला प्रभारी डॉ उमेश कुमार शुक्ला ने किया।

# कश्मीर को लेकर टूट पड़े 57 मुस्लिम देश, अचानक भारत के समर्थन में ब्रिटेन ने मचाया तहलका

**पाकिस्तान**

**इस्लामिक** देशों के संगठन ओआईसी ने एक बार फिर भारत के खिलाफ बयानबाजी करते हुए कश्मीर मुद्दे को उछाला है। पाकिस्तान के दबाव में जारी इस बयान में ओआईसी ने भारत पर जम्मू कश्मीर में अवैध कब्जे का आरोप लगाया। इसके अलावा ओआईसी ने कश्मीरियों के कथित आत्मनिर्णय के अधिकार का समर्थन दोहराया। अब सोचिए यह वही ओआईसी है जो आतंकवाद जैसे मुद्दों पर बात नहीं करता। पाकिस्तान में पल रहे आतंकियों की बात नहीं करता। ये ओआईसी अफगानिस्तान पर पाकिस्तान के हमले चीन ने मुसलमानों पर अत्याचार जैसे मुद्दों पर भी खामोश रहता है। लेकिन पाकिस्तान जैसे देशों के दबाव में जरूर भारत के खिलाफ बयानबाजियां करता है। दरअसल ओआईसी के महासचिवालय की ओर से जारी लिखित बयान में कहा गया कि




ओआईसी जम्मू कश्मीर के लोगों की वैध आकांक्षाओं और आत्मनिर्णय के अधिकार के साथ खड़ा है।

यह ओआईसी की कम और पाकिस्तान की भाषा ज्यादा लग रही है क्योंकि जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा था है और हमेशा रहेगा। हालांकि ओआईसी ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के पुराने प्रस्तावों का हवाला देते हुए अंतरराष्ट्रीय समुदाय से कश्मीर विवाद के शांतिपूर्ण समाधान की वकालत की। संगठन ने यह भी कहा कि जम्मू कश्मीर के लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कदम उठाने चाहिए। लेकिन आपको बता दें ओआईसी का यह रवैया नया नहीं है। पिछले कई दशकों से यह संगठन पाकिस्तान के पक्ष में खड़ा दिखाई देता रहा है। भारत ने पहले भी ओआईसी के ऐसे बयानों को खारिज करते हुए कहा है कि जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा है और इस पर किसी बाहरी संगठन या देश का कोई अधिकार नहीं है।

वहीं ब्रिटेन की संसद में भारत के समर्थन में पेश किया गया एक नया प्रस्ताव। पाकिस्तान को बहुत चुभने वाला है। दरअसल ब्रिटिश कंजर्वेटिव पार्टी के सांसद बॉब ब्लैकमैन ने ब्रिटेन की संसद में अर्ली डे मोशन पेश किया है। जिसमें जम्मू कश्मीर पर भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को दोहराया गया है। ये प्रस्ताव ना केवल भारत की ऐतिहासिक और संवैधानिक स्थिति को मान्यता देता है बल्कि पाकिस्तान की ओर से लगातार किए जा रहे दुष्प्रचार के बीच एक मजबूत कूटनीतिक संकेत भी माना जा रहा है। इस प्रस्ताव में कहा गया कि 26 अक्टूबर 1947 को तत्कालीन महाराजा हरी सिंह ने जम्मू कश्मीर का भारत में विलय पत्र पर हस्ताक्षर किए थे। इसके बाद भारत के तत्कालीन गवर्नर जनरल लॉर्ड माउंटबेटेटन ने 27 अक्टूबर को इसे स्वीकार किया और इस तरह जम्मू कश्मीर औपचारिक रूप से भारत का हिस्सा बन गया।

दरअसल हर साल 26 अक्टूबर को एक्सेशन डे मनाया जाता है। यह दिन उस ऐतिहासिक क्षण की याद दिलाता है जब जम्मू कश्मीर ने भारत के साथ एकता और अखंडता के रस्ते को चुना था। यह प्रस्ताव 1947 के उस दौर की भी याद दिलाता है जब पाकिस्तान ने जम्मू कश्मीर पर आक्रमण किया था। राज्य की रक्षा के लिए महाराजा ने भारत से मदद मांगी और भारत

# हम भारत के साथ...अब साउथ कोरिया से ट्रंप ने ऐसा क्या ऐलान कर दिया, मोदी समेत दुनिया के तमाम नेता हैरान!



**अमेरिका**

**2 अप्रैल** को ट्रंप अपने साथ एक बड़ा सा चार्ट लेकर आए थे, जिसमें अमेरिका द्वारा दुनियाभर के देशों पर लगाए गए टैरिफ की दरें लिखी हुई थी। ट्रंप ने कहा था कि 90 दिन की मोहलत दे रहा हूं। जिन्हें अमेरिका के साथ धंधा करना है वो आकर मुझसे बात कर लें नहीं तो चार्ट के मुताबिक रेसिप्रोकल टैरिफ लगा दूंगा। रेसिप्रोकल टैरिफ यानी जैसे को तैसा वाला टैक्स। ट्रंप ने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की बात कह दी। इसके बाद ट्रंप इतने भर में नहीं रुके भारत की तरफ से फौरन कोई प्रतिक्रिया ना आता देख 25 प्रतिशत का दंडात्मक टैरिफ भी लगा दिया। लेकिन इस बीच भारत के साथ अमेरिका की ट्रेड डील को लेकर काफी लंबे वक्त से बातचीत के चलने की खबर आ रही है। लेकिन अब तक इस पर कोई सहमति नहीं बन पाई है। इन सब के बीच ट्रंप ने अभ भारत को लेकर एक बड़ा ऐलान कर दिया है।

दरअसल, डोनाल्ड ट्रंप ने अपने एशियाई दौरे के आखिरी पड़ाव पर दक्षिण कोरिया में कहा कि अमेरिका और भारत लंबे समय से लंबित एक व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति की यह टिप्पणी इस बात का संकेत है कि दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच समझौता बस समय की बात है। इस समझौते पर बातचीत महीनों से चल रही है, जिसमें यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध और भारत द्वारा रूस से तेल खरीदने को लेकर विवाद और टैरिफ को लेकर विवाद भी शामिल है। उन्होंने कहा कि अगर आप भारत और पाकिस्तान को देखें, तो मैं भारत के साथ व्यापार समझौता कर रहा हूं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति मेरे मन में बहुत सम्मान और प्रेम है। हमारे बीच बहुत अच्छे संबंध हैं। ट्रम्प की सकारात्मक टिप्पणी पिछले सप्ताह आई उन रिपोर्टों के बाद आई है जिनमें तीन प्रमुख मुद्दों में से दो पर प्रगति की बात कही गई है - भारत द्वारा रियायती दरों पर रूसी तेल का निरंतर आयात और अमेरिका द्वारा भारतीय वस्तुओं के आयात पर 50 प्रतिशत 'पारस्परिक' टैरिफ, जिसमें उस तेल को खरीदने पर 25 प्रतिशत 'जुमार्ना' भी शामिल है। भारत द्वारा अमेरिका को अपने मूल्य-संवेदनशील डेयरी और कृषि वस्तुओं के बाजार तक पहुंच देने से इनकार करने पर भी वार्ता रुकी हुई थी, जो किसी भी भारतीय सरकार के लिए एक महत्वपूर्ण मतदाता आधार है।

# छोटी-मोटी झड़पें तो होती रहती हैं, इजरायली हमलों के बाद जेडी वेंस ने बताया किस तरह का है सीजफायर

**इजराइल**

**अमेरिकी** उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा है कि क्षेत्र में इजराइली हमलों के बावजूद, गाजा में युद्धविराम योजना के अनुसार जारी है, जबकि यरुशलम और हमास ने एक-दूसरे पर युद्धविराम समझौते का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। वेंस ने कहा कि युद्धविराम जारी है। इसका मतलब यह नहीं है कि यहाँ-वहाँ छोटी-मोटी झड़पें नहीं होंगी। हम जानते हैं कि हमास या गाजा में किसी और ने आईडीएफ के एक सैनिक पर हमला किया था।

इजराइल द्वारा फि लिस्तीनी क्षेत्र में युद्धविराम का उल्लंघन करने का आतंकवादी समूह हमास पर आरोप लगाने के बाद, इजराइली विमानों ने मंगलवार को गाजा में हमले किए। गाजा में स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा है कि नवीनतम इजरायली हमलों में 26 लोग मारे गए हैं, जिनमें मध्य गाजा पट्टी में बुरेज शरणार्थी शिविर में एक घर में हुए हमले में पांच लोग, गाजा शहर के सबरा पड़ोस में एक इमारत में चार लोग और खान यूनिस में एक कार में पांच लोग मारे गए हैं। हालांकि इजराइली सेना ने अभी तक इन हमलों पर कोई टिप्पणी नहीं की है, लेकिन गाजा



पर हमले प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय के एक बयान के बाद हुए हैं, जिसमें आईडीएफ को क्षेत्र में तत्काल और शक्तिशाली हमले करने का आदेश दिया गया था। नेतन्याहू ने हमास पर युद्धविराम समझौते का उल्लंघन करने का आरोप लगाया और कहा कि नए हमले उग्रवादी समूह द्वारा बार-बार किए गए उल्लंघनों के जवाब में किए गए हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा कि सुरक्षा परामर्श के बाद, प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने सेना को गाजा पट्टी में तुरंत शक्तिशाली हमले करने का निर्देश दिया। हालांकि आधिकारिक बयान में हमलों का कारण नहीं बताया गया, लेकिन एक इजरायली सैन्य अधिकारी ने कहा कि ये हमले इजरायली नियंत्रण वाले क्षेत्र में इजरायली सेना के खिलाफ हमास के हमले के जवाब में किए गए। इजराइल और हमास के बीच मुख्य मुद्दा मृत बंधकों की वापसी है, जो गाजा में मलबे के नीचे हमास के लिए मुश्किल साबित हो रहा है। हालाँकि हमास पिछले कुछ हफ़्तों से मृत बंधकों के अवशेष इजराइल को लौटा रहा है, लेकिन वे सभी शवों को नहीं ढूँढ पाए हैं। यह गुस्सा उस समय और गहरा गया जब सेना ने एक वीडियो जारी किया जिसमें हमास पूर्वी गाजा शहर में ओफिर जारफती के आंशिक अवशेषों की कथित तौर पर रेड क्रॉस की मौजूदगी में, सोमवार रात उन्हें सौंपने से पहले, बरामदगी की योजना बना रहा था।

# ऐसी बड़ी प्लानिंग में हैं डोनाल्ड ट्रंप, खुलासे को सुनकर हिल जाएंगे एशिया से यूरोप तक के देश

**अमेरिका**

**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जबसे सत्ता में आए हैं, दुनिया में ऐसी उथल पुथल मची है कि ज्यादातर देश उनके कार्यकाल के खत्म होने का इंतजार कर रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप के बारे में दुनिया ये समझ ही नहीं पा रही है कि इसका करे क्या? ये सवेरे कुछ बोलता है, शाम को कुछ सोचता है औ? रात को कुछ और ही करता है। इसके सोचने, समझने और कहने व करने में कोई कनेक्शन नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति के दिमाग में कुछ और ही चल रहा है, जिसका संकेत उन्होंने देना शुरू कर दिया है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आखिरकार स्वीकार कर लिया कि अमेरिकी कानून किसी को भी तीसरी बार राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ने की अनुमति नहीं देता। इससे पहले, वह यह कहकर फिर से चुनाव लड़ने का संकेत दे रहे थे कि इसके तरीके हैं। उनके टअऋॠअ समर्थकों ने यह भी कहा कि किसी व्यक्ति को तीसरी बार राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ने से रोकने वाले कानून की व्याख्या करने के कई तरीके हैं। ट्रंप ने स्वीकार किया कि अमेरिकी कानून उन्हें ऐसा करने से रोकता है, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि उनके पास सबसे अच्छे आंकड़े हैं, और उन्होंने कानून को बहुत बुरा बताया। ट्रंप ने आगे कहा कि यह बहुत दिलचस्प बात है। मेरे पास कई सालों में किसी भी राष्ट्रपति के लिए सबसे अच्छे आंकड़े हैं। एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने कहा कि और मैं कहूँगा कि अगर आप इसे पढ़ेंगे, तो यह बिल्कुल स्पष्ट है।

# ज्यादा उपदेश मत दो...Russia के तेल पर जयशंकर ने ऐसा बवाल मचाया,

**मलेशिया**

**भारत** ने एक बार फिर वैश्विक मंच पर पश्चिमी देशों खासकर अमेरिका और यूरोप को सख्त शब्दों में चेतावनी दी। मलेशिया में आयोजित ईस्ट एशिया समिट में भारत के विदेश मंत्री डॉक्टर एस जयशंकर ने पश्चिमी शक्तियों पर जमकर निशाना साधा। विदेश मंत्री जयशंकर ने साफ कहा कि जब बात ऊर्जा व्यापार की आती है तो दुनिया में सिद्धांतों का इस्तेमाल अपनी सुविधा के अनुसार किया जाता है। उन्होंने कहा कि सिद्धांतों को अपनी सुविधा अनुसार लागू किया जाता है और जो उपदेश दिया जाता है उसका पालन करने की हिम्मत बहुत कम लोग दिखाते हैं। साफ तौर पर यह इशारा अमेरिका और यूरोप की ओर था जो रूस से भारत की तेल खरीद पर लगातार दबाव बना



रहे हैं।

जयशंकर ने बिना नाम लिए कहा कि ऊर्जा आपूर्ति को कृत्रिम रूप से सीमित किया जा रहा है। जिससे बाजार में अस्थिरता और विकृति पैदा हो रही है। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत अपनी ऊर्जा, सुरक्षा और राष्ट्रीय हितों से समझौता नहीं करेगा। इसके साथ ही साथ विदेश मंत्री ने आतंकवाद के मुद्दे पर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ भारत का आत्मरक्षा का अधिकार कभी भी समझौते के लिए नहीं रखा जा सकता। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में आतंकवाद एक स्थाई और जहरीला खतरा बना हुआ है। इस पर किसी भी तरह की नरमी या दुविधा की कोई जगह नहीं होनी चाहिए। विदेश मंत्री का यह इशारा पाकिस्तान की ओर था क्योंकि पाकिस्तान वही देश है जो लगातार आतंकियों का समर्थन करते आया है और पहलगाम में हुए आतंकी हमले के पीछे भी पाकिस्तान का ही हाथ था। इस दौरान भारत की वैश्विक दृष्टि और संतुलित कूटनीति पर भी विदेश मंत्री ने अपनी बात रखी।

विदेश मंत्री ने कहा कि मौजूदा समय में भू राजनीतिक बदलाव अपनी रफ्तार से आगे बढ़ रहे हैं और दुनिया को नई परिस्थितियों में खुद को ढालना होगा।

# फिर अचानक ट्रंप संग नाचते-नाचते दिया भारत को बड़ा धोखा

**मलेशिया**

**हाल** ही में मलेशिया में हुए आसियान समिट में एक दिलचस्प घटना देखने को मिली। कई बार कूटनीति सिर्फ दिखावे का खेल बनकर रह जाती है। जबकि असली मंशा कुछ और होती है। आप चेहरे पर कुछ दिखाते हैं लेकिन दिल में बड़ी साजिश चल रही होती है। ऐसा ही कुछ मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम और पीएम मोदी के बीच हुआ। अनवर इब्राहिम के चेहरे पर हंसी थी, लेकिन उनके दिल में कुछ अलग ही पक रहा था। यह दिलचस्प किस्सा कैमरे पर रिकॉर्ड हो गया। दरअसल आप जानते हैं कि मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने पीएम मोदी को आसियान समिट में हिस्सा लेने के लिए बुलाया था।

लेकिन व्यस्तता के चलते पीएम मोदी ने अपनी जगह विदेश मंत्री एस जयशंकर को इस बैठक में भेजा। हालांकि पीएम मोदी ने पहले ही अनवर इब्राहिम को इसकी जानकारी दे दी थी और कहा था कि मैं वीडियो के जरिए अपना संबोधन दे दूंगा। हुआ भी कुछ वैसा ही।

# जो भारत ने भी नहीं किया, वो तालिबान ने पाकिस्तान के साथ कर दिया, पूरे इस्लामाबाद में हड़कंप!

**पाकिस्तान**

**आप** किसी मक्कार और दुश्मन देश को डरा-धमका और मिटा तो सकते हैं लेकिन उस देश से उसी की गलती उगलवाना कई बार मुश्किल हो जाता है। भारत अगर करने पर आया तो वो पाकिस्तान को एक झटके में नक्शे से मिटाकर इतिहास की किताबों में डाल सकता है। लेकिन जाहिर सी बात है कि भारत पाकिस्तान से ये कैसे बुलवाए कि उसकी दूसरे देशों के साथ क्या सीक्रेट डील्स हैं? लेकिन तालिबान ने चिकनी और चालाकी भरी बातें कर पाकिस्तान से लिखित में यह काम करवा लिया है। इतिहास में पहली बार पाकिस्तान ने परेशान होकर बताया है कि एक विदेशी देश से उसकी क्या सीक्रेट डील हुई है। आपको बता दें कि ये डील भारत के लिए बहुत बड़ा खतरा बन सकती है। दरअसल



पाकिस्तान तालीबान के हमलों से इतना परेशान हो गया है कि वो किसी भी कीमत पर सीज फायर चाहता है। पाकिस्तान इसलिए भी ज्यादा परेशान है क्योंकि इस्लाम के नाम पर आधी पाकिस्तानी जनता तालीबान का साथ देने के लिए तैयार है। यह चीज किसी भी देश के लिए बहुत खतरनाक होती है जब उसके ही लोग दुश्मन से वफादारी करने के लिए तैयार बैठे रहते हैं। इसी का फायदा उठाते हुए तालिबान ने पाकिस्तान से लिखित में वह सच उगलवा लिया जो भारत शायद नहीं बुलवा पाता। तालिबान के दबाव में पहली बार पाकिस्तान ने स्वीकार किया है कि उसने एक विदेशी देश के साथ ऐसी डील की है जिसके तहत वो विदेशी देश किसी दूसरे देश पर हमला करने के लिए पाकिस्तान की जमीन का इस्तेमाल कर सकता है। क्योंकि इस डील में साफ-साफ लिखा है कि यह रहस्यमई विदेशी देश जब अपने फायदे के लिए पाकिस्तान की जमीन का इस्तेमाल करेगा तो पाकिस्तान इसमें दखल नहीं दे सकता। यह एक होश उड़ा देने वाला कुबूलनामा है यानि एक ऐसा विदेशी देश है जो हमला करने के लिए पाकिस्तान की जमीन का इस्तेमाल कर सकता है और पाकिस्तान उस विदेशी देश को रोक भी नहीं सकता।

अफगानिस्तान ने वार्ता के दौरान पाकिस्तान के सामने दो शर्तें रखी। पहली की पाकिस्तान किसी भी हालत में अफगानिस्तान के हवाई क्षेत्र या लैंड बॉर्डर का उल्लंघन नहीं करेगा। दरअसल, हाल ही में पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के कई इलाकों पर एयर स्ट्राइक की थी। जिसमें राजधानी काबुल भी शामिल था। दूसरी शर्तें थी कि पाकिस्तान अपने इलाके का इस्तेमाल अफगानिस्तान के दुश्मनों के लिए नहीं होने देगा। अफगानिस्तान के विदेश मंत्रालय और पाकिस्तान के सेना एवं रक्षा मंत्री के प्रवक्ताओं ने टिप्पणी के अनुरोध का तुरंत जवाब नहीं दिया। दोनों पक्षों से अपेक्षा की जाती है कि वे आगे तनाव बढ़ने से रोकने के लिए गुप्त संपर्क जारी रखें। हालाँकि, ठोस प्रगति के बिना, सीमा पर झड़पें और कूटनीतिक तनाव जारी रहने की संभावना है, जिससे क्षेत्रीय स्थिरता के प्रयास जटिल हो जाएँगे।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा, प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

**सम्पादक**

स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI NO. UPHIN/2001/09025

**प्रबन्धक**

अनूप मिश्रा

**ऑफिस मो.:**

9565333000

Email: akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादो का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा

# पाक-अफगान शांति वार्ता विफल ख्वाजा आसिफ ने तालिबान पर भारत से मिलीभगत का आरोप लगाया

**पाकिस्तान**

**इस्तांबुल** में पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच चल रही शांति वार्ता उस उम्मीद के साथ शुरू हुई थी कि लंबे समय से चल रहे सीमा तनाव को समाप्त करने का कोई ठोस रास्ता निकल सकता है, लेकिन मौजूद जानकारी के अनुसार यह बातचीत किसी व्यवहारिक समझौते पर पहुंचने में नाकाम रही हैं। बता दें कि इस मुलाकात की मेजबानी तुर्किये और कतर ने की थी और यह 25 अक्टूबर से चल रही थी, जबकि इससे पहले 19 अक्टूबर को दोहा में दोनों पक्षों के बीच अस्थायी युद्धविराम का ऐलान किया गया था।

पाकिस्तान के सूचना मंत्री अत्ताउल्लाह तरड़ ने इस्तांबुल वार्ता को बेनतीजा बताते हुए कहा कि अफगान प्रतिनिधि बार-बार मूल मुद्दे से भटकते रहे और दायित्व लेने से कतरा रहे हैं। गौरतलब है कि इस बैठक का प्रमुख एजेंडा तेहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (ळळढ) जैसे समूहों के खिलाफ काबुल से ठोस कार्रवाई सुनिश्चित कराना था, लेकिन पाकिस्तान का आरोप है कि अफगान पक्ष इस पर स्पष्ट कदम उठाने को तैयार नहीं दिखा है।

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कड़े शब्दों में कहा है कि वे इस स्थिति को बर्दाश्त नहीं करेंगे और यदि काबुल की तरफ से कोई हमला हुआ तो उसका जवाब ह्लतीव्रह्व होगा। आसिफ ने तालिबान पर दिल्ली के इशारे पर काम करने का भी आरोप लगाया और यह भी कहा कि भारत पाकिस्तान के खिलाफ कम तीव्रता वाला संघर्ष बनाए रखने के लिए अफगानिस्तान का इस्तेमाल कर रहा है यह आरोप दोनों देशों के बीच पहले से चली आ रही आपसी आशंकाओं और प्रतिद्वंद्विता को और तीखा करता है।

हालाँकि युद्धविराम के बावजूद सीमा पर झड़पें जारी रहीं; मौजूदा रिपोर्टों के अनुसार हालिया संघर्षों में पांच पाकिस्तानी सैनिक और करीब 25 तालिबान लड़ाके मारे गए हैं, जो संकेत है कि स्थायी शांति अभी दूर की बात है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस्तांबुल वार्ता के विफल रहने से दक्षिण एशिया में अफगानिस्तान-पाकिस्तान तनाव बढ़ सकता है और इससे क्षेत्रीय सुरक्षा की स्थितियाँ और जटिल हो सकती हैं।

तुर्की और कतर की मध्यस्थता में दोनों पक्षों ने आगे भी बातचीत जारी रखने पर सहमति जताई है, लेकिन पाकिस्तान की प्रमुख मांगों विशेषकर सीमा पार अड्डों पर कार्रवाई और आतंकी संगठन-समूहों के खिलाफ सुनिश्चित कार्यवाही पर अभी तक कोई बाध्यकारी निर्णय नहीं लिया गया है। मौजूद जानकारी के अनुसार



दोनों देशों के मध्य भरोसे की कमी और बाहरी देशों के प्रभाव के आरोप शांति प्रक्रिया को गति देने में सबसे बड़ी बाधा बने हुए हैं।